
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta


/jagrukjantanews

jagruk_janta

पौष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - तृतीया, संवत 2078 पृष्ठ : 8+6=14 जयपुर, बुधवार वर्ष-7, अंक-45, 5 जनवरी - 11 जनवरी, 2022 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## गरीब मांगे तो भीख और नेता मांगे तो चंदा

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**आज** हमारे समाज का असली चेहरा देखने की कोशिश करोगे तो जिस काम के लिए समर्थवान की जै-जै कार होती है और वही काम अगर गरीब करता है तो उसे दुत्कार और अपमान की घूंट पीकर अपमानित होना पड़ता है। हमारे देश और संस्कृति में दान देना समाहित किया हुआ है। इस काम के लिए प्रतिवर्ष कई त्योंहार आते हैं जिनपर गरीब और असहायों की कुछ सहायता कर दी जाती है। कई बार आप और हम सभी देखते हैं कि बिना किसी तीज त्योंहार के भी कई लोग हाथ में रसीद बुक लिए हुए घर के दरवाजे पर दस्तक देते हैं और गरीबों की सहायता के नाम पर तो कोई गऊशाला के नाम पर तो कोई भंडारे के नाम पर, कोई विधवा सहायता के नाम पर, तो कोई गरीब बच्चियों की शादी के नाम पर चंदा मांगते हैं। कुछ लोग वास्तव में अपनी मजबूरी के चलते चंदा मांगते हैं। वे लोग उस पैसे का बाद में कुछ भी करते होंगे। कौन देखने जाता है। मगर ऐसे लोगों को कई बार सम्मान से तो कई बार अपमानजनक शब्दों के साथ कुछ दान मिल जाता है। कई बार कमाकर खाने की नसीहत देते हुए दुत्कार के भी भगा दिया जाता है। ये तो हुई गरीबों के चंदे की बात। मगर हम देखते हैं कि कई बार अच्छे खासे पैसे वाले लोग गाड़ियों में बैठकर आते हैं और चंदा मांगते हैं मगर चंदा देने वाला उनसे बिना किसी वाद-विवाद के बड़ी नम्रता के साथ उन्हें घर में बैठाता है चाय नाश्ता भी करवाता है और कहता है कि बताइये 'मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूं।' सेवा के नाम पर ये लोग 100-50 रुपए नहीं, बल्कि हजारों लाखों की रकम लेते हैं और शान के साथ धन्यवाद देकर चले जाते हैं। चुनावों के समय में नेता लोग भी खूब चंदा इकट्ठा करते हैं और लोग इन्हें खुशी-खुशी देते भी हैं। नहीं देने पर जीतने के बाद का डर भी तो दिमाग में समा जाता है। इसलिए बिना किसी ना-नुकुर के चंदे के नाम पर मोटी रकम देते हैं। मांगते दोनों ही हैं गरीब भी और अमीर भी। मगर गरीब का मांगना भीख और अमीर का मांगना चंदा कहलाता है। यही शब्दों का फर्क आदमी में जमीन आसमान का अंतर कर देता है।

shivdayalmishra@gmail.com

## प्रदेश का सच भयावह

ज्ञानेन्द्र मिश्रा
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वर्ष 1929 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की ओर से बनाए गए एक कानून के तहत शादी के लिए लड़कियों की न्यूनतम उम्र 14 साल और लड़कों की 18 साल तय की गई थी. वर्ष 1978 में इसमें संशोधन कर इसे बढ़ा कर क्रमशः 18 और 21 साल कर दिया गया था। भारत में 1 नवंबर 2007 को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू हुआ। अक्टूबर 2017 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बाल वधू के साथ यौन अपराधीकरण के बारे में एक निर्णायक निर्णय दिया, इसलिए भारत के आपराधिक न्यायशास्त्र में एक अपवाद को हटा दिया जो तब तक उन पुरुषों को कानूनी संरक्षण प्रदान करता था जिन्होंने अपनी छोटी पत्नियों के साथ बलात्कार किया था। 18 वर्ष से पहले विवाह को यूनिसेफ बाल विवाह के रूप में परिभाषित करता रहा है और इस प्रथा को मानव अधिकार का उल्लंघन मानता है। भारत में बाल विवाह लंबे समय से एक मुद्दा रहा है, क्योंकि पारंपरिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संरक्षण में इसकी जड़ से लड़ने के लिए कड़ी मेहनत की गई है। भारत के 15वीं जनगणना के अनुसार भारत की मौजूदा आबादी एक अरब 21 करोड़ है। इनमें 62 करोड़ पुरुष और 58 करोड़ महिलाएं हैं। 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में 15 वर्ष से कम उम्र की 1.5 लाख लड़कियां पहले से ही विवाहित हैं।


»» शेष पेज 6 पर...

### सुखदः प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1009

**नेशनल** हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट सुर्खियों में है। यह राजस्थान के लिहाज से सुखद है, क्योंकि राजस्थान में पहली बार प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1009 तक पहुंच गई हैं।

### नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट में खुलासा

# हर तीसरी लड़की 15-16 की उम्र में बन रही मां



6 साल की उम्र से बड़ी 36.5% बेटियों ने नहीं देखा स्कूल

36.9% महिलाएं प्रदेश में सिर्फ इंटरनेट की जानकार

### छह साल की उम्र से बड़ी 36.5 प्रतिशत बेटियों ने नहीं देखा स्कूल

**राजस्थान** में छह साल की उम्र से बड़ी 36.5 प्रतिशत बेटियों ने कभी स्कूल नहीं देखा। बात अगर आंकड़ों की करें तो शहरों की 51 प्रतिशत बालिकाएं और ग्रामीण इलाके से 28 प्रतिशत बालिकाएं ही दसवीं तक की पढ़ाई कर पा रही हैं। वहीं इस मामले में छात्रों की स्थिति 62.2 प्रतिशत और 48.4 प्रतिशत है। इंटरनेट के मामले में सिर्फ 36.9 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल कर रही हैं। शहरों में यह आकड़ा 56.1 प्रतिशत और गांवों में 30.8 प्रतिशत है। बाल मृत्यु दर के मामले में भी राजस्थान की स्थिति अच्छी नहीं है। प्रति हजार बच्चों में से 37.6% बच्चे पांच साल से कम उम्र में मर जाते हैं।

### प्रदेश में हर तीसरी लड़की 15-16 साल की उम्र में बन रही मां

**नेशनल** हेल्थ सर्वे में राजस्थान का भयावह सच भी सामने आया है। साथ ही, यहां पर बेटियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के मामले में स्थिति खराब है। औसतन हर तीसरी बेटी 15 से 16 साल की उम्र में मां बन रही है। गांवों में 34% और शहरों में 17% बेटियां आज भी 15-16 साल की उम्र में ही मां बन जाती हैं। 15-16 की उम्र में हर तीसरी लड़की के मां बनने से इसके खतरे भी हैं, जो शिशु और मातृ मृत्यु दर ज्यादा होने और कुपोषण के साथ खून की कमी आदि के रूप में देखे जा रहे हैं।

### जेटली समिति की सिफारिश पर फैसला

**समता** पार्टी की पूर्व अध्यक्ष जया जेटली की अध्यक्षता वाली समिति ने महिलाओं के लिए विवाह की उम्र बढ़ाकर 21 साल करने की सिफारिश की है। समिति ने सरकार से दूर-दराज के क्षेत्रों में लड़कियों के परिवहन सहित लड़कियों के लिए स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंच बढ़ाने पर भी विचार करने को कहा। समिति द्वारा कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण की भी सिफारिश की गई है, जैसा कि स्कूलों में यौन शिक्षा है। समिति को यह भी देखना था शादी और मातृत्व की उम्र का मां व नवजात शिशु के स्वास्थ्य, शिशु-मातृ मत्यु दर आदि से कितना संबंध है।

**राजस्थान** में बालिका शिक्षा व मातृत्व राजस्थान में छह साल की उम्र से बड़ी 36.5 प्रतिशत बेटियों ने कभी स्कूल नहीं देखा। बात अगर आंकड़ों की करें तो शहरों की 51 प्रतिशत बालिकाएं और ग्रामीण इलाके से 28 प्रतिशत बालिकाएं ही दसवीं तक की पढ़ाई कर पा रही हैं। वहीं इस मामले में छात्रों की स्थिति 62.2 प्रतिशत और 48.4 प्रतिशत है। इंटरनेट के मामले में सिर्फ 36.9 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल कर रही हैं। शहरों में यह आकड़ा 56.1 प्रतिशत और गांवों में 30.8 प्रतिशत है। बाल मृत्यु दर के मामले में भी राजस्थान की स्थिति अच्छी नहीं है। प्रति हजार बच्चों में से 37.6 प्रतिशत बच्चे पांच साल से कम उम्र में मर जाते हैं।


छह साल की उम्र से बड़ी 36.5 प्रतिशत बेटियों ने नहीं देखा स्कूल

## भारत में एक दशक में हुए एक करोड़ 20 लाख बाल विवाह- रिपोर्ट

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह के मामलों के अधिक होने की आम धारणा से विपरीत एक ताज़ा रिपोर्ट में शहरी क्षेत्रों में लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में शादी किए जाने के ज्यादा मामले सामने आए हैं। साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 2001 से 2011 के दौरान देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों के बाल विवाह में 0.1 फीसदी की कमी आई, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इसके पहले के दशक के मुकाबले बढ़ोतरी हुई। एनसीपीसीआर और यंग लाइव्ज की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2011 की जनगणना में पाया गया कि देश में एक दशक के भीतर कुल 1.2 करोड़ बाल विवाह हुए जिनमें 69.5 लाख लड़के थे जिनकी 21 साल से कम उम्र में शादी हो गई और 51.6 लाख लड़कियां थीं जिनकी उम्र शादी के वक्त 18 साल से कम है। देश के 13 राज्यों के 70 जिलों के आंकड़ों के आधार पर बनी रिपोर्ट में कहा गया है कि बाल विवाह के मामले में राजस्थान की स्थिति सबसे ख़राब है। राजस्थान में 4.69 फीसदी लड़कों की शादी 21 साल से कम उम्र में हुई. इसी तरह राज्य की 2.5% लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में हो गई।

## सबसे ज्यादा बालिका वधुएं भारत में

**यूनिसेफ** के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा बालिका वधुएं भारत में हैं और वैश्विक संख्या में उनका हिस्सा लगभग एक-तिहाई है। देश में 18 साल से कम आयु की ब्याहताओं की तादाद कम-से-कम 15 लाख है तथा 15 से 19 साल की करीब 16 फीसदी लड़कियों की शादी हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट (जुलाई, 2020) बताती है कि 18 साल से पहले ब्याह दी गयीं 46 फीसदी लड़कियां सबसे कम आयु वर्ग से थीं। स्वास्थ्य सर्वे को देखें, तो बिहार, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में 40 फीसदी शादियां बाल विवाह होती हैं। इन राज्यों में कम आयु में मां बनने का आंकड़ा भी अधिक है। ग्रामीण भारत में लगभग 27 फीसदी और शहरों में 14.7 फीसदी शादियां बाल विवाह होती हैं। अध्ययन के दौरान 15 से 19 साल की ब्याहताएं मां बन चुकी थीं या गर्भवती थीं। ऐसा शहरी इलाकों में नाम मात्र था, तो गांवों में आठ फीसदी बालिका वधुएं गर्भवती थीं या मां बन चुकी थीं। जनसंख्या के अनुपात में ऐसे विवाहों की सूची में भारत 12वें स्थान पर है। स्टैटिस्ता के अनुसार, भारत में शादी का अनुपात 15 साल से कम आयु में 18 फीसदी और 18 साल से कम आयु में 47 फीसदी है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार, हर दिन दुनियाभर में 33 हजार बाल विवाह होते हैं। वर्तमान में जीवित 65 करोड़ लड़कियों, महिलाओं की शादी बचपन में हो गयी थी। अनुमान है कि 2030 तक 18 साल से कम आयु की और 15 करोड़ लड़कियों की शादी हो जायेगी।






| तापमान | अधि. | न्यू. |
| --- | --- | --- |
| जयपुर | 24°C | 14°C |
| जोधपुर | 27°C | 16°C |
| अजमेर | 25°C | 14°C |
| उदयपुर | 24°C | 13°C |

सूर्योदय प्रात: 07 : 25 बजे सूर्यास्त सांय : 05 :31 बजे चन्द्रोदय 09 : 43 बजे चन्द्रास्त 08 : 31 बजे दूसरे दिन

## जागरूक खबरें

### निर्भया स्कॉव्यड की ओर से बियानी गर्ल्स कॉलेज में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में जयपुर पुलिस निर्भया स्कॉव्यड की ओर से 5 दिवसीय सेल्फ डिफेंस वर्कषॉप का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्कशॉप के पहले दिन कॉलेज के विभिन्न विभागों की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। वर्कषॉप की संयोजक आईपीएस ऑफिसर, एडिशनल डीसीपी सुनीता मीणा ने बताया कि इस 5 दिवसीय वर्कशॉप में 500 से अधिक छात्राएं भाग लेंगी। वर्कशॉप के दौरान छात्राएं रंगोली प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस अवसर पर कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने कहा कि सेल्फ डिफेंस की वर्कशॉप निश्चय ही छात्राओं में आत्मविश्वास और निडरता बढाने में कारगर साबित होगी।

### नववर्ष के उपलक्ष में मंदिर परिसर में किया सुन्दरकांड का पाठ



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नया खेड़ा स्थित श्री जगदम्बा मातेश्वरी मंदिर परिसर में नववर्ष 2022 के उपलक्ष में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर समिति उपाध्यक्ष मुकुल सिंह चौहान (साँचोरा) और सचिव नवरतन सिंह व उनके परिवार की तरफ से मातारानी को पोशाक धारण करवाई गई। मन्दिर के सेवादार पंडित प्रदीप कुमार शर्मा को सभी पदाधिकारियों द्वारा कम्बल भेंट किया गया। साथ ही कृष्णा राजपूती परिधान द्वारा निर्मित शॉल भी मातारानी को ओढ़ाया गया। सुंदरकांड का पाठ शंकर यादव व टीम द्वारा पढ़ा गया। अध्यक्ष भवर सिंह ने बालाजी महाराज की आरती की। संरक्षक पी डी सिंह, कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह, संयुक्त सचिव हेमंत सिंह, दरियाव सिंह संगठन मंत्री, सुरेंद्र सिंह प्रचार मंत्री, दुर्गा सिंह कॉलोनी के गणमान्य सदस्य गोविंद सोनी राजु सिंह भीम सिंह महेन्द सिंह चौहान बबलू सिंह नरेंद्र सिंह बंटू सिंह और महिला मंडल भी उपस्थित रही।

**कोरोना :** राजस्थान में शादियों में 100 और अंतिम संस्कार में 20 लोग ही शामिल हो सकेंगे, धार्मिक स्थानों पर प्रसाद बैन

# 1 फरवरी से बिना वैक्सीनेशन को नो एंट्री!

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते राजस्थान सरकार ने पांबदियां बढ़ा दी हैं। प्रदेश में 1 फरवरी से वैक्सीन की दोनों डोज लगाए बिना कहीं भी एंट्री नहीं मिलेगी। वैक्सीनेशन अनिवार्य करने के लिए भी गाइडलाइन में प्रावधान होगा। फरवरी से किसी भी सरकारी दफ्तर, बाजार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सहित सार्वजनिक स्थान पर जाने के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लगे होने का प्रूफ दिखाना होगा। वैक्सीन की दोनों डोज लगाए बिना घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं होगी। गृह विभाग इसके लिए अलग से अधिसूचना जारी करने की तैयारी में है।

#### 9 तक जयपुर, जोधपुर में 8वीं तक स्कूल बंद

जयपुर के दोनों नगर निगम क्षेत्र में सोमवार से 9 जनवरी तक पहली से लेकर आठवीं तक के स्कूल (सरकारी और प्राइवेट) बंद कर दिए गए हैं। बाकी जिलों में स्कूल चालू या बंद रखने का फैसला कलेक्टर और शिक्षा विभाग मिलकर करेंगे। राज्य में सामाजिक, राजनीतिक से लेकर हर तरह के समारोह में अब 100 लोग ही शामिल हो सकेंगे। शादियों में 100 से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकेंगे। बैंड वालों को 100 की लिमिट से अलग रखा गया है। अंतिम संस्कार में 20 लोगों की लिमिट तय की गई है। इससे ज्यादा लोग होने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। स्कूल को छोड़कर बाकी पांबदियां 7 जनवरी से लागू होंगी



#### समारोह से पहले SDM की अनुमति जरूरी

**शादी** समारोह की स्ष्ठरूसे पहले अनुमति लेनी होगी। डीओआईटी के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सूचना देनी होगी, इसी पर अनुमति जारी होगी। बिना पहले अनुमति लिए शादी समारोह करने पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई होगी।

#### धार्मिक स्थलों पर प्रसाद, पूजा सामग्री ले जाने पर रोक

धार्मिक केंद्रों पर प्रसाद, पूजा सामग्री या चादर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। धार्मिक स्थलों पर वैक्सीन की दोनों डोज लगे लोग ही दर्शन के लिए जा सकेंगे। दर्शन करने जाने वालों को मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग रखनी होगी।

#### एयरपोर्ट पर RT-PCR जांच अनिवार्य

विदेश से आने वाले हर यात्री का एयरपोर्ट पर RT-PCR टेस्ट किया जाएगा। RT-PCR रिपोर्ट निगेटिव आने तक विदेश से आने वाले हर यात्री को क्वारैंटाइन रहना होगा। बाहर से आने वाले यात्रियों को होम और संस्थागत क्वारैंटाइन करने के दोनों विकल्प रहेंगे।

#### बाहर के यात्रियों को वैक्सीन की डबल डोज अनिवार्य

दूसरे प्रदेशों से आने वाले हवाई और ट्रेन यात्रियों को वैक्सीन की डबल डोज का प्रमाण दिखाना होगा। अगर वैक्सीन की दोनों डोज नहीं लगे होंगे तो ऐसे हवाई और ट्रेन यात्रियों की RT-PCR जांच की रिपोर्ट निगेटिव आने तक उन्हें क्वारैंटाइन रहना होगा।

#### नाइट कर्फ्यू और मास्क पर सख्ती

नाइट कर्फ्यू और मास्क पर सख्ती शुरू होगी। पुलिस नाके लगाकर नाइट कर्फ्यू में बेवजह घूमने वालों के वाहन जब्त करने, चालान की कार्रवाई होगी। सार्वजनिक जगहों पर बिना मास्क नजर आने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2.0**

## 7500 अंकों के लिए फरवरी में टीम परखेगी तैयारी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2.0 की शुरुआत तीन जनवरी से हो गई। डॉक्यूमेंटेशन का काम भी शुरू हो गया। फरवरी में तैयारियों को परखने के लिए टीम आएगी। ऐसे में एक महीने का ही दोनों निकायों के पास तैयारी का समय बचा है। राजधानी के दोनों नगर निगमों की बात करें को सर्वेक्षण के लिहाज से अभी तक तैयारी शून्य ही नजर आ रही है। जबकि, इस बार सर्वेक्षण की परीक्षा को और सख्त कर दिया गया हैं। ऐसे में नए सिरे से परीक्षा की तैयारी करने की शहरी सरकारों की जरूरत थी। इसके उलट निगम अब तक मूलभूत जरूरतों में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं। कचरा संग्रहण से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर सफाई और प्रतिबंधित कैरी बैग पर पूर्णतः बंद करने से लेकर कचरा बीनने वाले लोगों को लेकर भी काम करने की जरूरत है।

#### इस बार 7500 अंक

- सर्वेक्षण के नए रूप में कई बदलाव किए गए है। इसी के तहत अंकों में भी बढोत्तरी
- इस बार सर्वेक्षण 6 की बजाय 7500 अंकों का होगा।
- इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के अंक 2400 से बढ़ाकर 3 हजार, सिटी वॉयस और सर्टिफिकेशन के अंक 1800–1800 से बढ़ाकर 2250 किए गए हैं।

#### युवाओं के साथ बुजुर्गों से भी होंगे सवाल–जवाब

- फीडबैक को भी दो आयुवर्ग में में बांटा गया है। इसमें 15 से 29 साल आयुवर्ग के लोगों से 10 सवालों के जवाब लिए जाएंगे, जबकि सीनियर सिटीजन में 60 वर्ष व इससे बड़े लोगों से चार सवाल पूछकर फीडबैक लिया जाएगा।




#### 1100 अंकों की तैयारी ही नहीं

- घर–घर कचरा संग्रहण पर अब तक कोई काम नहीं हुआ है। हैरिटेज में कम्पनी को हटा दिया, लेकिन अब तक निगम व्यवस्था को पटरी पर नहीं ला पाया है। ग्रेटर में भी गीला–सूखा कचरा अलग–अलग नहीं हो रहा है।
- व्यवसायिक क्षेत्रों में दो बार झाड़ू, वाटर स्पे, आवासीय क्षेत्रों में एक बार झाड़ू लगाना अनिवार्य है।
- नाला व वाटर बॉडी को कचरा मुक्त और अतिक्रमण मुक्त रखना होगा। प्रत्येक 50 मीटर पर कचरा पात्र रखना भी जरूरी है।
- प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री, उपयोग और भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।
- कचरा बीनने वालों की सुरक्षा, उनको आई कार्ड, ट्रेनिंग आदि भी देना जरूरी है।
- घरेलू हानिकारक कचरे के एकत्र करने और निस्तारण की व्यवस्था करनी होगी।
- निर्माण के दौरान निकलने वाले कचरे का अब तक निगम निस्तारण की योजना नहीं बना पाए हैं।

#### इन पर देना होगा ध्यान

- सामाजिक समारोह में कचरे को रोकने के लिए जीरो वेस्ट वेडिंग और इंवेंट को बढ़ावा होगा। इंदौर से लेकर भोपाल में इस पर काम शुरू हो गया है।
- खुले में पेशाब करने से रोकने के लिए स्वच्छता एप के माध्यम से येलो स्पॉट की पहचान करने के विकल्प देने होंगे।
- जनप्रतिनिधियों को अभियान से जोड़ना होगा। मौजूदा स्थिति की बात करें तो एक साथ पार्षदों की बैठक नहीं हुई है।

#### कोरोना के काम की भी होगी गिनती

सर्वेक्षण में कोरोना प्रवंधन को भी शामिल किया गया है। कोरोना में कैसी व्यवस्था रही। वैक्सीनेशन कितना हुआ, सफाईकर्मियों को कितने पीपीई किट दिए गए। इन सभी को आधार पर बनाकर अंक दिए जाएंगे।

#### यूं बढ़ाए अंक

सर्विस लेवल प्रोग्रेस के अंक 2400 से बढ़ाकर 3 हजार, सिटी वॉयस और सर्टिफिकेशन के अंक 1800–1800 से बढ़ाकर 2250 किए गए हैं। कुल 7500 में 40 प्रतिशत सर्विस लेवल प्रोग्रेस और 30–30 प्रतिशत सिटी वॉयस और सर्टिफिकेशन के अंक रखे गए हैं।

## 130 पशु डेयरियां संचालित, हटाने को 3 माह का समय

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में संचालित पशु डेयरियां हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी संचालित की जा रही है। एक बार फिर नगर निगम हेरिटेज ने शहर में संचालित 130 डेयरियों के संचालकों को डेयरियों को हटाने का समय दिया है। नोटिस में संचालकों को तीन माह में अपनी डेयरियों को नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र से बाहर ले जाना होगा। इस संबंध में हाईकोर्ट की जयपुर बैंच ने 18 वर्ष पहले शहर की सड़कों पर खुले में घूमते हुए पशुओं से आए दिन दुर्घटनाएं होने पर शहर के बाहर ले जाने का आदेश दिया था।

जेडीए ने योजना बनाकर निगम क्षेत्र में पशु पालकों का सर्वे करवाया। इसके बाद शहर के नजदीक तीन स्थानों पर पशु डेयरियों को संचालित करने के लिए भूखंडों का आवंटन किया। फिर भी शहर में अवैध पशु डेयरियों का संचालन होता है। इसके बावजूद लगातार अवैध डेयरियों के संचालन की शिकायतें आने पर वर्ष 2012 में भी हाईकोर्ट ने प्रसंज्ञान लेकर शहर में संचालित पशु डेयरियों और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों को हटाने के लिए आदेश दिया। साथ ही हाईकोर्ट ने अवैध तबेलों की शिकायत मिलने पर सील करने और कारवाई कर तबेले को संचालित करने से रोकने को कहा। निगम के एक रिटायर्ड अधिकारी का कहना है कि जोन के अधिकारियों को अपने क्षेत्र में संचालित अवैध पशु डेयरियों का पता होता है। इसके बावजूद डेयरी पर कारवाई नहीं करते। इसी का फायदा उठाकर पशु पालका बड़ी संख्या में पशु रखने लगते हैं।

**हैरिटेज निगम देगा हवा को सांस**

## हेरिटेज में एयर पॉल्यूशन को अब कम करेगी चार एंटी-स्मॉग गन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** दिल्ली की तर्ज पर जयपुर की चार दीवारी में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हेरिटेज निगम ने 4 एंटी-स्मॉग गन मशीनें खरीदी हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद इन मशीनों को हेरिटेज में 4 अत्यधिक प्रदूषित स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इन मशीनों के लिए राष्टीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में ग्रीन फंड के तहत पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 12 लाख रुपए दिए गए हैं। पहले चरण में मशीनों को अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक समेत यातायात दबाव वाले स्थानों पर खड़ी की जाएगी। निगम आयुक्त अवधेश मीणा ने बताया एंटी स्मॉग गन से वायु प्रदूषण कम किया जाएगा। मशीनों का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है। इसके बाद इन्हें उपयोग में लिया जाएगा। इन मशीनों को सुबह-शाम चलाया जाएगा।

## सड़क से कचरा होगा गायब... अब होंगे मॉर्डन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर हैरिटेज नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर अब शहर के कचरा ट्रांसफर स्टेशनों को मॉर्डन बनाया जाएगा। प्रथम चरण में सिविल लाइंस जोन क्षेत्र के दो कचरा ट्रांसफर स्टेशन को मॉर्डन बनाया जाएगा। कचरा ट्रांसफर स्टेशन मॉडर्न के लिए हैरिटेज नगर गिनम ने टेंडर कर दिए है। संभवतया इसी माह के अंतिम सप्ताह में संबंधित फर्म को वर्कऑर्डर जारी कर दिया जाएगा।

घर–घर कचरा संग्रहण के बाद हूपर्स के माध्यम से कचरे को ट्रांसफर स्टेशनों पर लाया जाता है। ये ट्रांसफर स्टेशन आबादी के बीच होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायतें नगर निगम अधिकारियों के साथ कई जगह की भी है। अब हैरिटेज नगर निगम ने जनता की इस शिकायतों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में बाजी मारने के लिए खुले इन कचरा ट्रांसफर स्टेशनों को मॉर्डन बनाने का काम शुरू कर दिया है। पहले सिविल लाइंस जोन क्षेत्र के दो कचरा ट्रांसफर स्टेशनों को मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन में बदला जाएगा। अभी हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में तीन कचरा ट्रांसफर स्टेशन बने हुए है। दो कचरा ट्रांसफर स्टेशन को मॉर्डन बनाने के बाद बचे हुए एक कचरा ट्रांसफर स्टेशन को भी मॉर्डन बनाने का काम शुरू होगा।

हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अवधेश मीणा ने बताया कि डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के बाद जो कचरा एकत्र होता है, उसके लिए हैरिटेज नगर निगम स्मार्ट सिटी के सहयोग से मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन बना रहा है। अभी प्रथम चरण में सिविल लाइंस जोन क्षेत्र के दो कचरा ट्रांसफर स्टेशनों को मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन में बदले का प्लान है। इसके लिए हमने टेंडर कर दिए गए है। इस माह के अंतिम सप्ताह तक संबंधित फर्म को वर्कऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद जनता की शिकायतों का निराकण भी होगा, वहीं सड़क पर कचरा–गदंगी भी नजर नहीं आएगी।

#### स्टेशन पर यूं होगा काम...

**मॉर्डन** कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा सड़क पर नहीं डालकर सीधे मशीन से मशीन में ट्रांसफर होगा। हूपर सीधे वाहनों में कचरा ट्रांसफर कर सकेंगे। उसके बाद वाहनों से ही सीधे कचरा सेवापुरा डंपिंग यार्ड तक ले जाया जाएगा।

#### यूं मिलेगी राहत...

- सड़क पर कचरा–गंदगी नहीं होगी, शिकायतें होंगी दूर।
- आसपास के लोगों को कचरा–गंदगी व बदबू से मिलेगी राहत।
- बिमारिया फैलने का डर होगा दूर
- जैसे ही हूपर आएगा, कचरा मशीनों से डंपिंग यार्ड तक पहुंचा दिया जाएगा।

### पुलिस कमिश्नरेट में कोविड प्रोटोकॉल की पालना के लिए कंट्रोल रूम पुन: स्थापित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में पुलिस कमिश्नरेट में कोविड़ प्रोटोकॉल की पालना के लिए कंट्रोल रूम पुन: स्थापित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय हैदर अली जैदी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट में कंट्रोल रूम में आमजन अपनी कोई भी समस्या एवं शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। यह 24 घंटे सातों दिन क्रियाशील रहेगा

ANCHOR | व्यापारियों को 31 जनवरी तक छूट

# 50 लाख रुपए तक फ्लैट्स की स्टाम्प ड्यूटी में 2 फीसदी रियायत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स में 50 लाख रुपए तक के फ्लैट्स खरीदने-बेचने वालों को नए साल पर राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने फ्लैट्स के बिक्री डॉक्यूमेंट्स पर स्टाम्प ड्यूटी में दी गई 2 फीसदी छूट को 31 मार्च, 2022 तक बढ़ा दिया है। लगातार तीसरी बार 3 महीने के लिए छूट का पीरियड बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसकी मंजूरी दी है। कोविड महामारी के कारण बिगड़े आर्थिक हालातों को देखते हुए सरकार ने सबसे पहले 30 जून, 2021 तक यह छूट दी थी। फिर 30 सितम्बर, 2021 और 31 दिसम्बर, 2021 तक 3-3 महीने के लिए दो बार रियायती पीरियड बढ़ाया गया था।

#### बकाया स्टाम्प ड्यूटी पर ब्याज-पैनल्टी में छूट का फैसला

**साथ** ही प्रदेश सरकार ने बकाया बकाया स्टाम्प ड्यूटी पर ब्याज और पेनल्टी में भी छूट देने का फैसला लिया है। 1 जनवरी 2022 से 31 मार्च 2022 तक 3 महीने के लिए विशेष राहत की एमनेस्टी योजना शुरू की गई है। इस फैसले से पेंडिंग स्टाम्प ड्यूटी केसों को निपटारा तेजी से होगा। आमजन को भी आर्थिक राहत मिलेगी। सरकार ने पहले साल भी एम्नेस्टी योजना चलाई थी। जिसका पीरियड 31 मार्च, 2021 तक रहा। इस पीरियड में 5040 केसों का निपटारा कर ब्याज और पेनल्टी में 60.46 करोड़ रुपए की छूट दी गई। स्कीम के तहत राजस्थान कर बोर्ड और कोर्ट में पेंडिंग केसेज में केस विदड्रॉ करने का सर्टिफिकेट पेश किया जाता है। तो स्टाम्प ड्यूटी की बकाया राशि में ब्याज और पेनल्टी पर 100 फीसदी छूट दी जाती है। कलेक्टर स्टाम्प के निर्णय वाले मामलों में नोटिफिकेशन से पहले किसी ने राशि जमा करवाई है। तो 80 फीसदी छूट दी जाती है।

#### स्कीम से सरकार का बढ़ा 8 गुना रेवेन्यू

आंकड़ों पर गौर करें तो 50 लाख रुपए तक कीमत के फ्लैट्स की रजिस्ट्री पिछले 3 सालों में औसत तौर पर 4.21 रोजाना हुई । रेवेन्यू इनकम औसत 10.40 लाख रूपए रोजाना रही। 24 फरवरी, 2021 को छूट का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद दिसम्बर तक कुल 10 महीने के पीरियड में ऐसे फ्लैट की रजिस्ट्री का रोजाना औसत बढ़कर 54 और रेवेन्यू इमकम एवरेज 82.43 लाख रुपए हो गई। रजिस्ट्री डॉक्यूमेंट्स की संख्या में 13 गुना और रेवेन्यू इमकम में 8 गुना बढ़ोतरी दर्ज हुई। रियायत से जनता को मिली राहत और सरकार का रेवेन्यू बढ़ने के कारण ही फिर से रियायत पीरियड बढ़ाया गया है।

#### व्यापारियों के लिए 31 जनवरी तक एमनेस्टी स्कीम की छूट

सरकार ने व्यापारियों को भी इस योजना के तहत राहत दी है। उनके लिए एमनेस्टी स्कीम को टाइम पीरियड 31 जनवरी 2022 तक बढ़ाया गया है। प्रदेश में राजस्थान गुड्स एंड सर्विसेज एक्ट-2017 लागू होने पर व्यापारियों की पेंडिंग रहीं मांगों को देखते हुए एमनेस्टी योजना-2021 चलाई थी। जिसका टाइम पीरियड 31 जनवरी, 2022 तक बढ़ाने की मंजूरी दी है। जिसे पहले 31 सितम्बर और फिर दिसम्बर तक बढ़ाया गया था।



प्रेस से मिलिए में सीएम गहलोत ने कहा- केंद्र में छापों वाली सरकार

# मेरे भाई के यहां रेड डाली गई, राहुल गांधी समझदार नेता



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र पर हमला करते हुए छापों वाली सरकार बताया है। हमारे यहां छापे पड़े, मेरे भाई के यहां भी छापे डाले। जब यह सरकार जाएगी ते आम आदमी कहेगा कि यह छापे वाली सरकार थी। महाराष्ट्र में जब अजीत पवार के यहां छापे पड़े तो उनकी सिस्टर के यहां भी छापा डाल दिया। पवार की सिस्टर दो कमरे के फ्लैट में रहती है।

### राहुल गांधी बहुत समझदार नेता हैं

प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यर्‍ म में सोमवार को गहलोत ने कहा- अब तो बीजेपी वाले भी कहने लगे हैं कि विपक्ष मजबूत रहना चाहिए। राहुल गांधी को ये लोग समझ नहीं रहे हैं। मैं 10 महीने उनके साथ रहा हूं, वह समझदार हैं। किसी ने उनसे सवाल किया था कि बीजेपी मुक्त की बात क्यों नहीं करते तो उन्होंने कहा था कि बीजेपी-आरएसएस खत्म नहीं होने चाहिए, हम उनसे विचारधारा के आधार पर लड़ेंगे, दुश्मनी नहीं हैं,राहुल गांधी इस सोच के नेता हैं। आरएसएस-बीजेपी ने पहले इंदिरा गांधी को भी बदनाम करने का प्रयास किया। राजीव गांधी को भी बदनाम किया। इनकी रणनीति कांग्रेस के नंबर वन नेता पर हमले की रहती है।



### तीसरी बार सीएम बना हूं, आगे क्या होगा कोई नहीं जानता

**सीएम** ने कहा- मैंने हमेशा अलग तरह की राजनीति की है। मुझे संतोष है पूरी जिंदगी का और जिस अप्रोच से पब्लिक की सेवा की उसका। जब पब्लिक हित के फैसले करता हूं तो मुझे आनंद आता है। मंदिर-मस्जिद जाता हूं जो ब्रह्माण्ड के लिए प्रार्थना करता हूं, जीव मात्र के कल्याण की कामना करता हूं। खुद के लिए कभी कुछ नहीं मांगता। मैं नहीं मानता कि देश की सीमाएं बदलने के साथ भगवान बदल जाते हैं, वह शक्ति तो एक ही रहती है। मैं तीन बार केंद्रीय मंत्री, तीन बार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, तीन बार राष्ट्रीय महासचिव और तीन बार मुख्यमंत्री बना हूं, आगे क्या होगा कोई नहीं जानता। मैंने एक मीटिंग में कहा कि मेरी जाति का एकमात्र एमएलए मैं खुद हूं, 36 कौम मुझ पर विश्वास करती है, अकेला हूं और बर्दाश्त कर रहे हो।

### राजे ने योजनाएं बदली, नेताओं पर केस

**गहलोत** ने कहा- कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समय हमारे नेताओं पर केस किए गए। हमारी योजनाओं को बंद कर दिया। पहली बार किसी यूनिवर्सिटी बंद की गई। रिफाइनरी तक बंद कर दी। उस समय रिफाइनरी 35 हजार करोड़ में पूरी हो जाती अब यह प्रोजेक्ट 70 हजार करोड़ का हो चुका है।

### नेशनलाइज बैंकों को किसानों के एनपीए कर्ज सेटलमेंट करने का प्रस्ताव

**गहलोत** ने कहा- कि नेशनलाइज बैंकों के किसानों के एनपीए कर्ज को स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक में सेटलमेंट का सुझाव दिया है। हमने प्रस्ताव दिया है कि जिस तरह उद्योगपतियों का कर्ज माफ करते हो वैसे ही एनपीए वाले किसानों के कर्ज को वे ऑफ कर दीजिए। 10 फीसदी राज्य सरकार दे देगी।

### मैं कोई चाणक्य नहीं

**गहलोत** ने कहा-मैं कोई चाणक्य नहीं हूं। सच पर चलता हूं उसी से मेरा काम ?चलता है। सत्य ही ईश्वर है , मेरा विश्वास है, सच का कोई विकल्प नहीं होता, मैं उसी पर चलता रहूंगा।

### मुझे अंग्रेजी में बात करना नहीं आता

**गहलोत** ने कहा- जैसे मैं अंग्रेजी में बात नहीं कर सकता। हमारे बचपन में अंग्रेजी का बड़ा विरोध होता था, उस वक्त सोचा था कि यह क्या काम आएगी ? आज अंग्रेजी इंटरनेशनल लैंग्वेज है। हमने 3500 अंग्रेजी स्कूल खोलने का फैसला किया हैं , आने वाले कुछ साल में गांव के बच्चे भी आपको अंग्रेजी में बात करते नजर आएंगे।

### तबादलों में पैसा चलने की बात को शिक्षा मंत्री के लिए नहीं कहा था

**गहलोत** ने पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का बचाव करते हुए कहा कि शिक्षा में तबादलों पर एक न्यूज बन गई। मैंने मंत्री जी के लिए नहीं कहा था। वह जनरल बात कही थी। हर विभाग में ऐसा होता हैं ,मेरे विभाग में भी नीचे होता रहता है। तबादलों में पैसा चलने की बात जनरल वे में कही थी, उसे मंत्री के लिए कहने के तौर पर पेश किया जो गलत था।

### मीडिया की समस्याओं को लेकर जागरूक

**प्रेस** क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने मुख्यमंत्री गहलोत को पत्रकारों की अनेक समस्याओं से रूबरू करवाया। इस पर मुख्यमंत्री गहलोत ने मीडिया समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि मैं हमेशा से मीडिया फ्रेंडली रहा हूं। पत्रकारों की समस्याओं को अच्छे से समझता हूं। गठित समितियों के सुझावों पर गंभीरता से विचार करके इनके निराकरण का प्रयास करूंगा।

पूनियां बोले-राजस्थान बीजेपी में सीएम पद के दर्जनभर उम्मीदवार: लीडरशिप क्राइसिस नहीं

# मोदी के नेतृत्व में होंगे 2023 चुनाव, संसदीय दल बनाएगा मुख्यमंत्री



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने दावा किया है कि राजस्थान बीजेपी में सीएम पद के लिए एक दर्जन उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्रियों के दावोंदारों की बात करें, तो अरसे पहले लोग कहते थे, कि बीजेपी में लीडरशिप क्राइसिस है। लेकिन आज एक दर्जन उम्मीदवार हैं। जिसे मैं खूबी मानता हूँ। हमारे पास हर तरह के लोग हैं। सभी बहुत अनुभवी लोग हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसे तय करने के लिए पार्टी का संसदीय दल सक्षम है। वो जिसे योग्य समझेगा उसे मुख्यमंत्री बनाएगा।

### मोदी के चरणों में सौपेंगे बहुमत की सरकार

पूनियां ने कहा हमारी लड़ाई कांग्रेस से है। हमारा मिशन है 2023 में राजस्थान को कांग्रेस मुक्त करें और बीजेपी युक्त करें। अगले विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। उस बहुमत की सरकार को हम मोदीजी के चरणों में सौंपेंगे। जिसको चाहेंगे वो मुख्यमंत्री बनाएंगे।

### मोदी के नेतृत्व में होंगे विधानसभा चुनाव

पूनियां ने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर ही राजस्थान में बीजेपी 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। क्योंकि चेहरे के नाम पर मोदी से बड़ा कोई चेहरा नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घोषणा की है कि मोदी जी के चेहरे पर ही 2023 का चुनाव लड़ेंगे। जहां तक बात मुख्यमंत्री के चेहरे की है, नेता और चेहरा घोषित करने का कोई सेट फिनोमिना नहीं है। पार्टी परिस्थितियों के आधार पर कई बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करती है। कई बार नहीं करती है। लेकिन बीजेपी सामूहिक नेतृत्व के आधार पर चुनाव लड़ती है।

## हरियाणा विस सदस्यों ने देखी राजस्थान विस



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हरियाणा विधान सभा की प्राक्क लन समिति के सदस्यों ने मंगलवार को राजस्थान विधान सभा का अवलोकन किया। विधान सभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने हरियाणा विधान सभा की प्राक्कअलन समिति के सभापति सुभाष सुधा सदस्यर सर्व राव दान सिंह, अफ्ताव अहमद, लक्ष्मकण नापा, प्रमोद कुमार विज, अमित सिहाग, मेवा सिंह, राजेश नागर, जयवीर सिंह एवं उप सचिव दिनेश कार्निक का पुष्पस गुच्छर भेंट कर स्वागित किया। विधान सभा सचिव शर्मा ने हरियाणा विधान सभा की प्राक्क लन समिति के सभापति सुधा को विधान सभा की प्रक्रिया, नियमावली एवं समिति की आन्तभरिक कार्य प्रणाली की पुस्तिका व साहित्य भेट किया। सचिव शर्मा ने राजस्था न विधान सभा की प्राक्क लन समिति की कार्य प्रणाली को विस्ताशर से बताया। हरियाणा विधान सभा के सुधा ने भी हरियाणा विधान सभा की कार्य प्रणाली की जानकारी दी। राजस्था न विधान सभा के सदन का समिति ने अवलोकन किया। इस अवसर पर राजस्थाकन विधान सभा के वरिष्ठा उप सचिव महेश चन्दो शर्मा और उप सचिव प्रशासन पुरूषोत्ताम शर्मा सहित विधान सभा के अधिकारी गण मौजूद थे।

## जागरूक खबरें

प्रशासन शहरों के संग अभियान का पहला चरण 31 दिसंबर को पूरा

# पट्टा देने में जेडीए अव्वल, ग्रेटर, हैरिटेज निगम फिसड्डी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रशासन शहरों के संग अभियान का पहला चरण 31 दिसंबर को पूरा हो गया है। मगर सरकार के लक्ष्यनुरूप कोई भी निकाय काम नहीं कर सका है, जिसके चलते 10 लाख पट्टे देने का ख्वाब अधूरा नजर आ रहा है। 2 अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में जारी पट्टों पर नजर डाली जाए तो करीब 90 दिनों में पट्टा जारी करने में जेडीए आगे रहा। जयपुर के दोनों नगर निगम इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं। अगले 15 दिन तक जेडीए और दोनों नगर निगम तैयारी करेंगे। ऐसे में 31 मार्च तक 10 लाख पट्टे देने के लक्ष्य पर संशय बना है। हैरिटेज निगम जयपुर शहर में पट्टे बांटने में जयपुर ग्रेटर नगर निगम से काफी आगे हैं।

### ये हैं अब तक जारी पट्टों का गणित

- » प्रदेश में सर्वाधिक पट्टे जेडीए ने जारी किए हैं
- » जेडीए ने तीन महीने में 23 हजार 315 पट्टे जारी किए
- » इसमें पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के 6 हजार 300 से अधिक पट्टे शामिल हैं
- » मार्च तक जेडीए ने करीब 20 हजार पट्टे जारी करने का रखा है लक्ष्य
- » हालांकि 60 हजार भूखंड विवादित, जिन पर सरकार करेगी फैसला
- » हैरिटेज नगर निगम ने 2 हजार 6 पट्टे बांटे हैं
- » हवामहल आमेर जोन में 657 पट्टे बांटे गए हैं
- » किशनपोल जोन में 559 पट्टे बांटे
- » आदर्श नगर जोन में 501 लोगों को मिले पट्टे
- » सिविल लाइंस जोन क्षेत्र में सिर्फ 155 पट्टे बांटे गए हैं
- » हैरिटेज निगम मुख्यालय 134 लोगों को दिए हैं पट्टे
- » ग्रेटर नगर निगम को 3997 आवेदन मिले हैं
- » 1836 आवेदनों को किया गया है खारिज
- » 1050 पट्टे ही ग्रेटर निगम अब तक जारी कर पाया है
- » 1111 पट्टे की फाइलें अफसरों की टेंबलों पर पेंडिंग
- » पांच जोनों ने 100–100 पट्टे भी नहीं किए जारी

## विश्वेन्द्र और खाचरियावास आज करेंगे जन सुनवाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से की जा रही जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कल 5 जनवरी को पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव जन सुनवाई करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। इसमें प्रदेश कांग्रेस महासचिव हाकम अली तथा सचिव महेन्द्र सिंह गुर्जर और राखी गौतम उनका सहयोग करेंगे। प्रमोद भाया और भंवर भाटी ने की जन सुनवाई–खान, पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री प्रमोद भाया तथा ऊर्जा (स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन, इंदिरा गॉधी नहर परियोजना, जल संसाधन (आयोजना) राज्यमंत्री भंवर सिंह भाटी ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई की।

## 17 सौ करोड़ से अधिक के निवेश की संभावना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

कोटा इन्वेस्टर समिट

**कोटा।** राजस्थान की औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान बना चुके कोटा में छह जनवरी को आयोजित होने वाली इन्वेस्ट समिट निवेश का नया द्वार खोलेगी। जिला कलक्टर उज्जवल राठौड़ ने बताया कि इन्वेस्ट समिट में 100 से अधिक एमओयू होने के साथ 1700 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसे निवेश से 7393 व्यक्तियों को सीधा रोजगार मिलने की संभावना है।

राजस्थान में मंगलवार को 1137 नए कोरोना केस

# नहीं संभले तो राजधानी में भी लगाना पड़ सकता है वीकेंड कर्फ्यू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश में कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन भी तेजी से फैल रहा है और हालात जल्द ही तीसरी लहर की ओर इशारा कर रहे हैं। दिल्ली में तेजी से बढ़ते कोरोना के मामलों के चलते केजरीवाल सरकार ने वीकेंड कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। राजस्थान में भी कोरोना के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। राजस्थान में मंगलवार को 1137 नए कोरोना संक्रमित मिले। राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 745 नए रोगी मिले। प्रदेश में अब कोरोना के एक्टिव केस 3,183 हो गए है। मंगलवार को प्रदेश के 18 जिलों में नए रोगी सामने आए। इस जानलेवा वायरस से राज्य में पिछले 24 घंटे में एक मौत हुई, वहीं 35 मरीज ठीक भी हुए। जयपुर में संक्रमण का प्रसार खतरनाक स्तर पर है। जिस रफ्तार से कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, अगर यही रफ्तार जारी रही तो हो सकता है आगामी दिनों में राजधानी जयपुर में वीकेंड कर्फ्यू लगाना पड़े।

### नाइट कर्फ्यू जारी, 8वीं तक स्कूल बंद

राजस्थान में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रतिबंधों का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में फिलहाल रात 11 से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू जारी है। जयपुर में पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए स्कूल 9 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। बाकी जिलों को लेकर फैसला जिला कलक्टरों पर छोड़ा गया है। अंतिम संस्कार में 20 और विवाह समारोह में 100 व्यक्तियों को ही शामिल होने की सीमा तय कर दी गई है।

### कोविड प्रोटोकॉल की पालना करें

धार्मिक स्थलों पर फूल-माला, प्रसाद, चादर या अन्य सामग्री ले जाने पर रोक रहेगी। हालांकि, धार्मिक स्थलों पर पाबंदी नहीं लगाई गई है। सीएम कह चुके हैं कि लोगों की जान बचाने के लिए पूरा खजाना खोल देंगे। उनकी प्राथमिकता लोगों की जान बचाने की है। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए जरूरी है कि जो सतर्कता और सजगता हमने पहली एवं दूसरी लहर के समय बरती उसे निरंतर बरकरार रखें। कोविड प्रोटोकॉल की पालना आवश्यक रूप से करें।

### नहीं दिख रहा सीएम की अपील का असर

हालांकि सीएम की अपील का लोगों पर ज्यादा असर नहीं दिख रहा। लोग न तो मास्क लगा रहे न ही सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की पालना कर रहे। गहलोत सरकार बिल्कुल नहीं चाहती कि प्रदेश में वीक एंड कर्फ्यू या कर्फ्यू जैसे कदम उठाएं जाएं, लेकिन अगर हालात नहीं सुधरे तो सरकार के पास भी ऐसा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा। अगर लॉकडाउन फिर से लगा तो यह सबको बुरी तरह प्रभावित करेगा। इसलिए कोविड प्रोटोकॉल की पालना करें।

### दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू की शुरुआत

दूसरी लहर की तरह इस बार भी भी नई दिल्ली और महाराष्ट्र कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। मामलों में तेजी के साथ ही भारत में प्रतिबंधों के दौर की फिर से शुरुआत हो गई है। दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू की शुरुआत कर दी गई है और वर्क फॉम होम की व्यवस्था एक बार फिर लागू की जा रही है। मुंबई में कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए जल्द ही लॉकडाउन लग सकता है।





ANCHOR | तैयारी

# ओवरलोड पकड़ेगी 'पोर्टेबल वेइंग मशीन'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ओवरलोड वाहनों के वजन की जांच करने के लिए अब परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के उड़नदस्तों को धर्मकांटे तक नहीं जाना होगा। जिस स्थान पर उड़नदस्ते खड़े होंगे, उसी जगह वे पोर्टेबल वेइंग मशीन के जरिये वाहनों का वजन कर सकेंगे। विभाग द्वारा प्रदेश के 7 प्रादेशिक परिवहन कार्यालयों में वेइंग मशीनें उपलब्ध करा दी गई हैं। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान ने नववर्ष 2022 की शुरुआत इस नवाचार के साथ की है।

बजट घोषणा वर्ष 2021-22 की अनुपालना में यह पहल ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण कर सड़क सुरक्षा के लिए कारगार साबित होगी। सोमवार को परिवहन मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मशीन से संबंधित विशेषज्ञ द्वारा प्रादेशिक, जिला परिवहन अधिकारियों और निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद सातों कार्यालयों में वेंडर टीम के विशेषज्ञों द्वारा उड़नदस्तों को वेइंग मशीन के इस्तेमाल करने की पूरी प्रक्रिया कराई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त परिवहन आयुक्त



आकाश तोमर, महेंद्र खींची ने भी आरटीओ, डीटीओ और निरीक्षकों को वेइंग मशीन की जानकारी दी।

पहले चरण में विभाग के 7 प्रादेशिक परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में 104 पोर्टेबल वेइंग मशीनें उड़नदस्तों को उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, सीकर, जोधपुर और बीकानेर आरटीओ शामिल हैं। इसी माह शेष 5 आरटीओ में भी मशीनें उपलब्ध हो जाएगी। कुल 179 मशीनें दी जानी हैं। इनके आने से वजन करने में आसानी होने के साथ ही अधिक पारदर्शिता आयेगी।

### पोर्टेबल वेइंग मशीन की विशेषताएं

- » लंबाई-चौड़ाई सिर्फ 3 बाय 2 फीट, एक अटैची में रखी होती है
- » इसे उड़नदस्ते निरीक्षण के दौरान अपने वाहन में आसानी से ले जा सकते है
- » इस मशीन में दो वेइंग पैड और एक एलईडी स्क्रीन (वेइंग इंडीकेटर) है, दोनों वायरलेस के जरिए आपस में जुड़े है
- » दोनों पैड को सड़क किनारे समतल जगह बिछाकर वजन किया जायेगा
- » जब भार वाहन के सभी एक्सल वेइंग मशीन से गुजरेंगे, तो इंडीकेटर के जरिये कुल वजन का प्रिंट निकल जायेगा
- » यह ऑटो मोड पर भी काम करेगी, जिसमें प्रिंट तभी ही निकलेगा जब वाहन ओवरलोड होगा

### ऐसे होगा मशीन का रख-रखाव

**मशीनों** में तकनीकी सुधार और निरंतर रख-रखाव के लिए हर जिले में मशीन वेंडर की ओर से इंजीनियर्स लगाये गये हैं। मशीनों का इंश्योरेंस और सार-संभाल तीन वर्ष तक वेंडर कंपनी की ओर से ही किया जायेगा। साथ ही राजस्थान सरकार के विधिक माप विज्ञान विभाग (लीगल मेट्रोलॉजी डिपार्टमेंट) द्वारा इनका हर वर्ष जांच और सत्यापन भी वेंडर द्वारा ही कराया जायेगा।



**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# सावधानी का समय

अमेरिका से भारत तक कोरोना के बढ़ते मामले हमें चिंता में डालने लगे हैं। पिछले सप्ताह से भारत में कोरोना संकट तेजी से बढ़ने लगा है। यदि प्रतिदिन 33 हजार से ज्यादा लोगों में कोरोना संक्रमण मिलने लगा है और ठीक होने वालों का दैनिक आकंड़ा महज 11 हजार के आसपास ही है, तो इसका मतलब है, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़ने लगी है। गनीमत है, मरने वालों की संख्या सवा सौ के आसपास है और यह आंकड़ा बढ़ना नहीं चाहिए। ओमीक्रोन के मामले अभी भी कम हैं, लेकिन क्या डेल्टा का हमला फिर तेज हुआ है? डेल्टा क्या दूसरी लहर के समान ही घातक है? आने वाले दिनों में जब और आंकड़े सामने आएंगे, तब पता चलेगा। तीसरी लहर अगर शुरू हो गई है, तो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए जिम्मेदार लोगों को विशेष रूप से सक्रिय हो जाना चाहिए? देश में कुल मामले डेढ़ लाख का आंकड़ा पार करने वाले हैं, क्या इस बार कुल मामलों को हम दो लाख से नीचे रोक पाएंगे? हम कैसे भुला दें, पिछले वर्ष मई में दूसरी लहर के समय प्रतिदिन चार लाख से ज्यादा मामले आने लगे थे और प्रतिदिन लगभग चार हजार लोग जान गंवा रहे थे। आज जरूरी है, उस बेहद बुरे दौर को याद कर लिया जाए और हर स्तर पर यथोचित तैयारी रखी जाए।

विशेषज्ञों की नजर में फिलहाल राहत यही है कि ज्यादातर लोगों का इलाज घरों में ही चल रहा है और अस्पतालों पर दबाव बढ़ना नहीं शुरू हुआ है। फिर भी समय रहते सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी मरीज को बिस्तर या ऑक्सीजन से वंचित न रहना पड़े। इस बार अगर किसी तरह की चूक हुई, तो अक्षम्य होगी। दूसरी लहर की तमाम खामियों, लापरवाहियों से हमने क्या सीखा है, यह सामने आने वाला है। ऐसे विशेषज्ञ सही सिद्ध होने चाहिए, जो तीसरी लहर के कम घातक होने का अनुमान लगा रहे हैं। तीसरी लहर को रोकने में टीकाकरण का कितना योगदान है, यह भी आने वाले दिनों में पता चलेगा। एक खतरा यह भी है कि अगर टीकाकरण के बावजूद लोग बड़ी संख्या में संक्रमित हुए, तब लोगों का टीकों पर से विश्वास उठ जाएगा। अपने देश में अभी ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो टीकों के लिए सहर्ष सामने नहीं आ रहे हैं। इसी महीने भारत में टीकाकरण को एक साल पूरा हो जाएगा, अभी करीब 64 प्रतिशत लोगों को ही टीके की दोनों खुराक मिली है। ऐसे में, टीकाकरण और तेज करने की वकालत कतई गलत नहीं है। सोमवार से देश में 15 से 18 साल के किशोरों को कोरोना टीका लगाने की शुरुआत स्वागतयोग्य है। टीकाकरण शुरू होने से पहले इस उम्र वर्ग के आठ लाख किशोरों ने जिस उत्साह के साथ पंजीकरण कराया है, उससे साफ है कि इस आयु वर्ग के टीकाकरण में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। इसके बाद 10 जनवरी से 60 से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों, स्वास्थ्यकर्मियों व अन्य कोरोना योद्धाओं को बुस्टर डोज लगने की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। लेकिन टीके से भी ज्यादा जरूरी है कि अपनी सुरक्षा के लिए सचेत रहना। याद रखें, पूर्ण रूप से टीकाकरण के बावजूद इजरायल भी चिंता में है और अमेरिका में तो कोरोना की नई लहर आ गई है। भारत को हर तरह से सचेत रहकर कोरोना महामारी से लड़ना है और साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि फिर से लॉकडाउन की नौबत न आने पाए।

## सम्पादकीय

# संघर्ष से शुरूआत

नए साल में हमने महामारी की बढ़ती बेचैनी के साथ प्रवेश किया है। पिछले साल पहली तारीख को 19,000 से कुछ ज्यादा नए मामले आए थे, लेकिन इस बार 1 जनवरी को 22,775 मामले दर्ज हुए हैं। अगर मामले बढ़ रहे हैं, तो इसके लिए वायरस कम और लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं। बार-बार कहा जा रहा था कि दिशानिर्देशों की पालना की जाए, लेकिन जो निंदनीय ढिलाई बरती गई है, उसके नतीजे परेशान करने लगे हैं। ओमीक्रोन मामले ज्यादा चिंताजनक नहीं हुए हैं, पर 460 मामलों के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है, दिल्ली 351, तमिलनाडु 121 और गुजरात में 136 मामले सामने आए हैं। भारत के अपेक्षाकृत विकसित राज्यों में लोगों ने दिशानिर्देशों की यथोचित पालना नहीं की है, तो चिंता उन राज्यों को लेकर है, जो अपेक्षाकृत विकसित नहीं हैं। साल की पहली सुबह ही वैष्णव देवी तीर्थ में मची भगदड़ प्रमाण है कि लोग शारीरिक दूरी बरतने के प्रति कितने लापरवाह हो गए हैं। साल के पहले ही दिन अगर राज्यों को विशेष इंतजाम के निर्देश जारी करने पड़े हैं, तो गंभीरता को समझा जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने 1 जनवरी को राज्यों को अतिरिक्त आइसोलेशन बेड, अस्थाई अस्पताल, फील्ड अस्पताल और बाल चिकित्सा देखभाल इकाइयां बनाने के लिए लिखा है। आशंका है कि मामलों में देखी गई वृद्धि भारत में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे पर दबाव डाल सकती है। बार-बार जारी हो रहे निर्देश क्या यह संकेत दे रहे हैं कि हम दूसरी लहर के बाद भी उतने तैयार नहीं हैं, जितना हमें होना चाहिए? जरूरी इंतजाम के निर्देश जारी होते करीब-करीब दो वर्ष हो जाएंगे। क्या निर्देशों को लागू करने वाला महकमा आदेशों-निर्देशों पर ज्यादा कान नहीं दे रहा है? क्या दिशा-निर्देश केवल लोगों को दिखाने या बताने के लिए जारी किए जा रहे हैं? यहां हमें यह गौर कर लेना चाहिए कि जिन लोगों ने दूसरी लहर के समय लापरवाही बरती थी, जिनकी वजह से कालाबाजारी, जमाखोरी और अभाव का आलम बना था, उनके खिलाफ आखिर कितने कदम उठाए गए? चिंता सिर्फ इसलिए बढ़ जाती है या डर सिर्फ इसलिए ज्यादा सताता है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वाले श्वेत-श्याम अपराधियों के खिलाफ आदर्श कार्यवाही या कार्रवाई लोगों के सामने नहीं आई है। लोगों को मौखिक रूप से भयभीत या सावधान करने से ज्यादा जरूरी है संक्रमण से लड़ने के जमीनी इंतजाम करना। पश्चिमी देशों में कोरोना के खिलाफ लड़ाई कहीं न कहीं ज्यादा ईमानदार और कारगर रही है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन अपने कोविड आइसोलेशन दिशानिर्देशों को निरंतर संशोधित कर रहा है। कोशिश की जा रही है कि लोगों का पृथकवास समय कम से कम हो। वहां चिंता लोगों और देश का समय बचाने की है। अमेरिका में अगर महज पांच दिन का पृथकवास सफल रहता है, तो जाहिर है, पूरी दुनिया में इसे लागू किया जाएगा। शुरुआत में करीब 21 दिन का पृथकवास था, फिर यह 15 व 10 दिन का हुआ और अब महज पांच दिन का होने वाला है। पश्चिम में कोशिश चल रही है कि शून्य जोखिम वाला न सही, कम से कम जोखिम वाला समाज बने। हमें भी विज्ञान से लैस सजग, सभ्य समाज के रूप में सोचना चाहिए, अपनी और दूसरों की समान परवाह के साथ आश्वस्त आगे बढ़ना चाहिए।

**करप्शन पर्सेप्शन्स इंडेक्स की हाल ही जारी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार के मामले में हमारे देश को 180 देशों की सूची में 86वें पायदान पर रखा गया है। इससे पहले वाली रिपोर्ट में हम 80वें पायदान पर थे। इससे साफ होता है कि देश में भ्रष्टाचार की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है।**

# काले कारनामों का कलंक



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचारी पकड़े नहीं जाते हैं, लेकिन यह भी सच है कि सजा कम को ही मिल पाती है। ज्यादातर मामलों में लोग बेदाग छूट जाते हैं। इससे लोगों का यह विश्वास और मजबूत हो जाता है कि भ्रष्ट और बेईमान कर्मचारियों को राजनेताओं का वरदहस्त हासिल होता है।

औद्योगिक नगरी कानपुर और इत्र की खुशबू के लिए मशहूर कन्नौज इन दिनों अपने उद्योग धंधों के लिए नहीं, बल्कि इत्र कारोबारियों पर छापों को लेकर चर्चा में हैं। इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर 197 करोड़ रुपए कैश की बरामदगी के बाद एक और इत्र कारोबारी पुष्पराज जैन के घर छापा पड़ा और उसके घर छापा पड़ते ही भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। 60 साल का पुष्पराज जैन इत्र का कारोबार करता है। वह पेट्रोल पंप और कोल्ड स्टोरेज भी चलाता है। साथ ही राजनीति में भी सक्रिय है। पुष्पराज जैन समाजवादी पार्टी का एमएलसी है और 'समाजवादी इत्र' लॉन्च करके चर्चा में आया था। अब आम लोग हैरान हैं कि ऐसा कौन-सा कारोबार है, जिसमें सिर्फ पंद्रह साल की अवधि में इत्र कारोबारी पीयूष जैन और पुष्पराज जैन एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के मालिक बन गए। जाहिर है कि भ्रष्टाचार के गंदे नाले में लथपथ इन दोनों कारोबारियों ने तमाम उलटे-सीधे रास्तों से यह अकूत दौलत अर्जित की और उत्तर प्रदेश के अनेक अफसरों ने भी काली कमाई के इस खेल में उसका साथ दिया।

हाल ही 1972 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के चर्चित अधिकारी किशोर कुणाल ने अपनी जीवनीनुमा पुस्तक 'दमन तक्षकों का' में भ्रष्ट राजनेताओं, अधिकारियों और अपराधियों पर प्रबल प्रहार किया था। जिन लोगों ने इस किताब को पढ़ा है, उनका कहना है कि यह पुस्तक केवल उनकी जीवनी नहीं है, बल्कि देश की भ्रष्ट व्यवस्था को उजागर करती वह सच्चाई है जिसे उन्होंने गुजरात, झारखंड, बिहार और भारत सरकार में विभिन्न पदों पर रहते हुए महसूस किया, झेला और उससे लड़े। अपनी पुस्तक में उन्होंने तक्षक को अपराध का प्रतीक मानते हुए बतलाया है कि समाज में तीन प्रकार के तक्षक मौजूद हैं, जब तक इन तक्षकों का कानून सम्मत दमन नहीं होगा, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है। तक्षक वह नागराज (जहरीला सांप) था, जिसके डंसने से राजा परीक्षित की मौत हुई थी। पौराणिक कथाओं व धार्मिक ग्रंथों के आख्यानों के अनुसार राजा परीक्षित की मौत को कलियुग की शुरुआत माना जाता है।

पूर्व आइपीएस अधिकारी ने अपनी पुस्तक में तक्षकों के तीन प्रकार बताए हैं- खूंखार अपराधी, घूसखोर नेता व बिके हुए अधिकारी। इस पुस्तक से एक से बढ़कर एक तक्षकों के बारे में जानकर पता चलता है कि आठवें व नौवें दशक में बिहार समेत कुछ अन्य राज्यों के कुछ सत्ताधारी राजनेताओं, अफसरों ने कैसे कानून का शासन ध्वस्त करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। इनकी करतूतों से यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि ये अपने ही देश के हैं या फिर कोई बाहरी हमलावर।

ऐसे माहौल में याद कीजिए करप्शन पर्सेप्शन्स इंडेक्स की हाल ही जारी रिपोर्ट को, जिसमें भ्रष्टाचार के मामले में हमारे देश को 180 देशों की सूची में 86वें पायदान पर रखा गया है। गौरतलब है कि हर साल दुनिया भर में भ्रष्टाचार की स्थिति को बताने वाला यह इंडेक्स ट्रांस्पेरेन्सी इंटरनेशनल द्वारा जारी किया जाता है। इस इंडेक्स में भारत को कुल 40 अंक दिए गए हैं। वहीं 2019 के लिए जारी इंडेक्स को देखें तो उसमें भारत को 41 अंकों के साथ 80वें पायदान पर रखा था, जो दिखाता है कि देश में भ्रष्टाचार की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है।



आज दुनिया जिस तरह से कोविड-19 से जूझ रही है उससे निपटने के लिए एक जुटता की जरुरत थी। पर रिपोर्ट से पता चला है कि कोविड-19 के खिलाफ जारी जंग में भी भ्रष्टाचार अपनी पैठ बना चुका है। बात चाहे कोरोना की जांच की हो या उसके उपचार की, हर जगह रिश्वत और भ्रष्टाचार व्याप्त है। पिछले 9 महीनों में 1,800 से अधिक लोगों ने कोविड-19 और उससे सम्बंधित मुद्दों में भ्रष्टाचार की शिकायत की है और कानूनी कानूनी सलाह केंद्रों से संपर्क किया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की प्रमुख डेलिया फरेरा रूबियो के अनुसार कोविड-19 केवल स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा संकट नहीं है, यह भ्रष्टाचार से जुड़ा संकट भी है, जिसे नियंत्रित करने में हम नाकाम रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर आम नागरिक भ्रष्टाचार का शिकार बनते हैं। जब वो डॉक्टर को दिखाने या पुलिस शिकायत दर्ज करने जाते हैं तो उनसे इसके लिए रिश्वत की मांग की जाती है। आमतौर पर यह वो लोग होते हैं जिनके पास रिश्वत देने की क्षमता ही नहीं होती है। यह एक बड़ी समस्या है और इस पर तुरंत ध्यान देने की जरुरत है।

ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचारी पकड़े नहीं जाते हैं, लेकिन यह भी सच है कि सजा कम को ही मिल पाती है। कोर्ट-कचहरी में महीनों तक केस अटके पड़े रहते हैं। सरकारी कर्मचारी अगर ऐसे मामलों में पकड़े भी जाते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए सरकार से मंजूरी लेना जरूरी है। ज्यादातर मामलों में सरकारें मंजूरी नहीं देतीं और भ्रष्ट अफसर बेदाग छूट जाते हैं। इससे लोगों का यह विश्वास और मजबूत हो जाता है कि भ्रष्ट और बेईमान कर्मचारियों को राजनेताओं का वरदहस्त हासिल होता है।

*(लेखक के ये अपने विचार है)*

## कविता

### शबद-गान



**भंवर सिंह परिहार**
@jagrukjanta.net

कोई तो बता दो हरि दर्शन कहां होवै।
संत कहे वो अवन पवन गंग जमन के धार।
शील शिला पर जब वे धोवै मन के सुख मन बार।।
त्रिकुटी महकन में सुखमन गाजे शबद हो झनकार।
एक तुरा वो ही सूहरा अनहद नाद खुले।
राग छतीसो सुन-सुन कर मनवा सब जग भूले।।
त्रिकुटी संगम जब होय करे सुगती गगन मंडल चढ़े।
सतगुरु स्वरूप लखावे अनुराग अनभव जब पावे।
शून्य शिखर चन्द्र नहीं सूरज पवन नहीं पानी।
सत्य स्वरूप निरमल निरझरिया
कहे गुरुजन सुनो भाई साधो कोई बिरला संत ही दर्शन पावे।

काशीपुरा तह.हरसूद जिला खंडवा (म.प्र.)

## ओपिनियन

# नि:स्वार्थ जनसेवा के महानायक बने शिक्षाविद् सामंत

**प्रदीप शर्मा**
डिप्टी सीईओ
@jagrukjanta.net



2021 वर्ष को प्रेमवर्ष के रुप में मनाने वाले प्रोफेसर अच्युत सामंत आज नि:स्वार्थ जनसेवा के महानायक बन चुके हैं। कोरोना संक्रमणकाल:2020 और 2021 में जनसेवा और लोकसेवाकर वे ओडिशा की धरती के सच्चे देवदूत बन चुके हैं। यह बात उनके गत वर्ष:2021 के समस्त कीट-कीस-कीम्स समेत उनके समस्त नि:स्वार्थ जनसेवा तथा लोकसेवा के कार्यों की समीक्षा करने से स्पष्ट होती है। सच्चे मानवतावादी, गांधीवादी और उदारवादी प्रोफेसर अच्युत सामंत ओडिशा प्रदेश की स्मार्ट सिटी राजधानी भुवनेश्वर स्थित कीट-कीस दो विश्वविख्यात शैक्षिक संस्थानों के प्राणप्रतिष्ठाता तथा कंधमाल लोकसभा के सांसद हैं। प्रोफेसर अच्युत सामंत का कीट डीम्ड विश्वविद्यालय अगर एक कारपोरेट है तो उनका कीस डीम्ड विश्व विद्यालय(विश्व का प्रथम आदिवासी आवासीय डीम्ड विश्वविद्यालय) वास्तविक कारपोरेट सामाजिक दायित्व है। वैश्विक महामारी कोरोना के दोनों चरणों(2020-2021) में उनके नि:स्वार्थ की भूमिका न केवल उल्लेखनीय बल्कि सराहनीय, प्रशंसनीय तथा अनुकरणीय भी रही।

कोरोना संक्रमण के पहले चरण में ओडिशावासियों को बचाने में प्रोफेसर अच्युत सामंत ने मार्च,2020 से लेकर दिसंबर,2020 तक तथा जनवरी, 2021 से लेकर दिसंबर, 2021 तक ओडिशा की धरती के एक देवदूत बनकर जिस प्रकार सेवा का कार्य किया वह वास्तव में न भूतो न भविष्यत-वाली बात सिद्ध हुई। ओडिशा सरकार की अनुमति से उन्होंने सभी अत्याधुनिक मेडिकल संसाधनों से युक्त भारत में प्रथम निजी अस्पताल कीम्स कोविड-19 अस्पताल खोला। ओडिशा में तीन-तीन जिला कोविड-19 अस्पताल खोले। उन कोविड-19 अस्पतालों में कीम्स की ओर से दक्ष डाक्टर,नर्स तथापारामेडिकल स्टाफ तैनात किया।अपने द्वारा स्थापित विश्व के प्रथम आदिवासी आवासीय विद्यालय कीस के कुल लगभग तीस हजार आदिवासी बच्चों को उनके पैतृकगृह गांव में प्रतिमाह सूखा राशन, ड्राईफ्रुट, पाठ्य-पुस्तकं तथा समस्त शैक्षिक संसाधन आदि अपनी ओर से उपलब्ध कराया। अपने द्वारा स्थापित कलिंग ओडिया क्षेत्रीय चैनेल के माध्यम से उन बच्चों के लिए नियमित आनलाइन कक्षाएं आयोजित कराई। 2021 के कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में भी कीस के आदिवासी बच्चों के साथ-साथ कोरोना योद्धाओं, कोरोना मरीजों, जरुरतमंदों को ओडिशा के कंधमाल समेत अलग-अलग जिलों में पका भोजन, सूखा राशन तथा अन्य राहत सामग्रियां अपनी ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई। मंदिर के पूजकों, साधु-संन्यासियों, अनाथालयों, नेत्रहीनों तथा विधवाओं आदि को भी राहत सामग्रियां उपलब्ध कराई। कोरोना संक्रमणकाल में आवारा पशुओं, कुत्तों,बन्दरों को भी नियमित भोजन उपलब्ध कराया। अपने संसदीय क्षेत्र कंधमाल को आदर्श संसदीय क्षेत्र विकसित करने में जुटे सांसद प्रोफेसर अच्युत सामंत ओडिशा के अविभाजित कटक जिले के कलराबंक गांव में जनवरी,1965 में जन्मे प्रोफेसर अच्युत सामंत घोर आर्थिक संकट रुपी कीचड से उत्पन्न ऐसे कमल हैं जिनके यशस्वी तथा तेजस्वी व्यक्तित्व की खुशबू को पूरी दुनिया अपना रही है। उनके वास्तविक जीवन-दर्शन:आर्ट आफ गिविंग को सारा विश्व स्वेच्छापूर्वक प्रतिवर्ष 17मई को मना रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना काल में भी पूरे विश्व ने प्रोफेसर अच्युत सामंत को अपना-अपना रोल मॉडल मानकर यह दिवस मनाया। सरल, सहज, आत्मीय,मृदुल तथा मिलनसार स्वभाव के धनी प्रोफेसर अच्युत सामंत सदा दूसरों की मदद करने में विश्वास करते हैं। वे पूरी तरह से आध्यात्मिक जीवन जीते हैं। वे संतों के संत हैं।आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों के लिए जीवित मसीहा बन चुके हैं। इसीलिए प्रोफेसर सामंत तथा उनके द्वारा स्थापित कीट-कीस-कीम्स को देखने के लिए पूरे विश्व से सैकडों नामी शिक्षाविद्, आध्यात्मिक धर्मगुरु, वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार विजेता, राजनेता, राजनयिक, समाजसेवी, कारपोरेट जगत के भामाशाह, होनहार युवा, शोधकर्ता, खिलाडी, फिल्मी हस्तीगण तथा फिल्मनिर्मातागण भुवनेश्वर आते हैं। 1987 में उत्कल विश्वविद्यालय से रसायनविज्ञान में एम.एस.सी. करने वाले तथा सामाजिक विज्ञान में डाक्टरेट करने वाले प्रोफेसर अच्युत सामंत ने मात्र 22साल की उम्र से ही अध्यापन का कार्य आरंभ किया जिनके पास आज कुल 33 वर्षों का लंबा शिक्षण का अनुभव है। वे कीट डीम्ड विश्वविद्यालय,भुवनेश्वर के सबसे कम उम्र के संस्थापक कुलाधिपति हैं।

विश्व के प्रथम आदिवासी आवासीय कीस डीम्ड विश्वविद्यालय,भुवनेश्वर के संस्थापक कुलाधिपति हैं। वे 2018-19 में राज्यसभा के बीजू जनतादल सांसद मनोनीत हुए। उसके उपरांत कंधमाल लोकसभा बीजू जनतादल सांसद निर्वाचित हुए।अपने बाल्यकाल में अनाथ,गरीब,बेसहारा बालक अच्युत सूखे पत्ते बटोरने में अपनी मां की मदद करके तथा अपनी विधवा मां को अपना पहला गुरु मानकर लीफ टेकर से भारतीय संसद में नीति-निर्धारक असाधारण व्यक्तित्व बन चुके हैं। टोकियो ओलंपिक में कीट की ओर से तीन ओलंपियन भेजने वाले प्रोफेसर अच्युत सामंत ने कीट-कीस परिसर में समस्त अत्याधुनिक खेल संसाधनों से युक्त अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनेक खेल स्टेडियम बना रखा है जहां पर प्रतिदिन कोई न कोई गेम अवश्य ओयोजित होता है। 10अक्तूबर,2021 प्रोफेसर अच्युत सामंत के जीवन का एक यादगार दिन सिद्ध हुआ जब भारतीय संस्कृति सम्वर्द्धक ट्रस्ट, संदीपनि विद्यानिकेतन, पोरबन्दर, गुजरात ने अपने अनोखे कार्यक्रम- सर्विस टू सोसायटी कार्यक्रम में विश्व विख्यात रामायणी परम संत परमपाद भाईश्री रमेशभाईजी ओझा के कर-कमलों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। अपनी प्रतिक्रिया में प्रोफेसर अच्युत प्रोफेसर अच्युत सामंत ने बताया कि उनके विदेह जीवनयापन का मूलमंत्र- "मानव-सेवा ही माधव सेवा है"। उनकी नि:स्वार्थ संवाओं के लिए 2015 में उन्हें बहरीन का सर्वोच्च शांति नागरिक सम्मान गुस्सी सम्मान प्रदान किया गया। 1970 से सच्चे मानवतावादी हैं प्रोफेसर अच्युत सामंत। 2018 के बाद से उन्होंने कीट-कीस-कीम्स के माध्यम से असाधारण तरक्की की है।

(लेखक कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान, दिल्ली से है, यह उनके अपने विचार है।)

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मनुष्य का शारीरिक विकास व्यायाम आसन आदि द्वारा, स्वास्थ्य वृद्धि से, प्राण शक्ति का विकास, यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार आदि से और मन शक्ति की स्थिरता धारणा ध्यान और समाधि से होता है।

भक्ति का रहस्य

वैदिक उपासना में एक महत्वपूर्ण अंग है- भक्ति। भगवान के प्रति साधकों की अलौकिक प्रेम रूपी भक्ति ही मुक्ति लाभ का आमेघ मार्ग है। भगवान ने मिलने का सर्वोत्तम साधन भक्ति है। परमात्मा के प्रति अनुराग सहित ध्यान भक्ति है। परमात्मा के स्वरूप और उनके गुणों का अनवरत चिंतन भक्ति है। नारदीय सूक्त के अनुसार परमात्मा के प्रति निरंतर प्रेम और ध्यान को भक्ति कहां है। प्रभु आराधना के उद्देश्य से निर्दिष्ट क्रिया को भक्ति कहते हैं। अंत: करण का भगवद् आकार होना ही भक्ति है, अर्थात् सब समय भगवान का चिंतन रहे। भक्ति एक प्रकारसे ज्ञान का ही परिवर्धित रूप है।

ज्ञान और वैराग्य से अविचल भक्ति की प्राप्ति होती है। विवेक, निर्वेद, विरक्ति एवं भति भक्ति के प्रमुख अंग है। विवेक प्रतिकूल प्रवृत्तियों से दूर रखता है। निर्वेद पाप उत्पन्न करने वाले निषिद्ध कर्मो के करने से रोकता है और विरक्ति साधक को, बन्धनकारक एवं काम्य कर्मों के आचरण से तथा विषयों की आसक्ति से विरत रहने की योग्यता प्रदान करती है। भति साधक की घोर एवं भयंकर परिस्थितियों से रक्षा करती है।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



पीहू डॉटर सावित्री-भीम सिंह, जयपुर

## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**jagrukjantanews@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

# झलक : रवायत बदलाव की



**तुषार पुरोहित**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

सृष्टि की संरचना काल सापेक्षित। सबकुछ गतिमान। लव निमेष जो कभी ना रूके, वह सारस्वत गति। गति का धर्म निरन्तर नयापन। पल-पल बदलाव।

आया नव वर्ष। लाया बदलाव का संदेश। प्रतिदिन नया दिन। प्रतिपल नया पल। नूतनता के आगोश में पलते उमंग, उत्साह और हर्ष।

जागे जन जन के जीवन में उत्कर्ष । लाया उमंगों के उपहार नव वर्ष।

पाठक वृन्द को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

जीवन धारा नित्य नूतनता की ओर उन्मुख। रमजीयता का राजमार्ग जिसकी मंजिल।
क्षणे-क्षणे यन्नवताम उपेति। तदेव रूपं रमणीय ताया।।

व्यक्ति के स्वभाव में दो प्रतिकूल ध्रुवों का आकर्षण। उच्चाटन व ठहराव। चित्त की अवस्था चंचल। दिशा-दिशा में प्रमित। पग-पग पर शंकित। भीतर अशांत। बाहर अस्थिर।

भौतिक निष्ठा की टेक वास्तु जगत। आध्यात्म निष्ठा का आदर्श सनातन सौंदर्य। दोनों केबीच खड़ा जटिल द्वन्द। जो बेचैनी का सबब। दुविधा का घोतक। यह आज तक न कभी थमा। न कहीं ठहरा।

मन, चित्त, बुद्धि को नित्य प्रति कुछ नये तलब । नया पल। नया पहर। नया दिनमान। नया साल। नया संवत्सर। नित नवीनता चित्त की लगन। विविधि रूप, रंग, आकार उसका व्यसन। रंगीला कहो। छैला, छबीला या अलबेला। बचाव श्रृंगार की सारी सज धज नयेपन को अर्पित। हवा की ताजगी, फूलों की महक। सितारों की झिलमिल, बिन्दिया की चमक। सभी में व्यस्त, नूतनता की चहल। नृत्य, गीत, काव्य पाक शास्त्र सभी में नयेपन की ठसक। जीवन को उदासीनता और बासीपन से उबारने में तीज त्यौहारों को महत्ती भूमिका तीर्थ, मंदिर, गुफा, पर्वत आदि पर्यटन स्थलों की पहचान नयापन। दृश्य वह जो व्यक्ति को विस्मय से भर दे। झांकी वह जो आदमी को चकित कर दें। रहस्य, तिलिस्म, एडवंचर की तरह में छुपा परम विस्मय की अनुभूमि का भाव। लेखन, परिकल्पना, विज्ञान, नित-नये अन्वेषण। नित नये, आविष्कार। सबका आश्रय नूतनता।

नव निर्माण, मौलिक रचना, नयी डिजाइन, नई फैशन। नये मॉडल। नवी जीवन शैली। आकर्षण बिन्दु वही नयापन। सतरंगी किरनों की चमचम। मोर पंख की मोहकता, संध्या की सिन्दूरी छटा, बादलों की श्वेत श्याम आकृतियां। कभी बिजली की गाज, कहीं झरनों का निनाद। बहुरंगी पुष्पों, पशु-पक्षियों, पादप तरुमों, गंध, परिमल की अनगिनत भांत। इन सबमें छिपा कौन?

वही न जो व्यक्त हुआ अणु परमाणु में। जो व्याप्त हुआ अनन्त कोटि ब्रह्मान्ड में। उस परम सौन्दर्यवान का कोई पार नहीं। उसकी अपनी अनन्त लीलाओं का पूरा उद्घाटन अभी हुआ कहां?
जिसमें न तेरा आकर्ष्य धुला, ऐसी कोई क्या रंग छांव?
जिसमें न रमा तेरा विलास, ब्रह्माण्ड भुवन की कौन ठांव?
उसी की यह रीत की अच्छा बुरा जो कुछ समया सब अतीत के उदर में।
वह एक न बदला। बाकी सब कुछ बदला। बदल रहा। बदलता रहेगा।
वे दिन जो न रहे, ये भी तो ना रहेंगे। निसर्ग ने बनायी रवायत बदलाव की।
दहशत ना रहेगी सदा महामारी की चमन में फिर लगें मेले बहारों के।।
यह झलक उस परम नियन्ता ब्रह्मांड नायक के नाम। अस्तु!


**- तुषार 'निरपेक्ष'**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 05/01/2022**

**सूर्योदय :** 07:25 **सूर्यास्त :** 17:31 **चन्द्रोदय :** 09:43 **चन्द्रास्त :** 20:31 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांतः** पौष **सूर्य राशि :** धनु **चन्द्र राशि :** मकर **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** तृतीया, 14:40 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **चन्द्रमास पौष :** पूर्णिमान्त, पौष - अमान्त **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** शिशिर **द्रिक अयन :** अयन

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** श्रावण, 08:39 तक
**योग :** वज्र, 18:14 तक
**प्रथम करण :** गारा, 14:40 तक
**द्वितिय करण :** वणिजा, 25:31 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| **ब्रह्म मुहूर्त** | : 05:26 ए एम से |
| **प्रातः सन्ध्या** | : 05:53 ए एम से |
| **अभिजित मुहूर्त** | : कोई नहीं |
| **विजय मुहूर्त** | : 02:10 पी एम से |
| **गोधूलि मुहूर्त** | : 05:28 पी एम से |
| **सायाह्न सन्ध्या** | : 05:38 पी एम से |
| **अमृत काल** | : 09:28 पी एम से |
| **निशिता मुहूर्त** | : 11:59 पी एम से |
| **रवि योग** | : 08:46 ए एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

चन्द्रवास : दक्षिण-पश्चिम

होमाहुतिः सूर्य

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:24 - 08:40 | उद्वेग : 05:30 - 07:14 |
| अमृत | : 08:40 - 09:56 | शुभ : 07:14 - 08:59 |
| काल काल वेला | : 09:56 - 11:11 | अमृत : 08:59 - 10:43 |
| शुभ | : 11:11 - 12:27 | चार : 10:43 - 12:27 |
| रोग वार वेला | : 12:27 - 01:43 | रोग : 12:27 - 02:12 |
| उद्वेग | : 01:43 - 02:59 | काल : 02:12 - 03:56 |
| चार | : 02:59 - 04:14 | लाभ : 03:56 - 05:40 |
| लाभ | : 04:14 - 05:30 | उद्वेग : 05:40 - 07:24 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज तृतीया तिथि

### आज कौन सा कार्य करें

तृतीया तिथि को यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़, शुक्ल, तृतीया, 2078 बुधवार, 5 जनवरी - 11 जनवरी, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। रिश्तेदारों से अच्छी चर्चा होग। छात्रों को विशेषज्ञों से मदद मिलेगी। आपका काम आगे बढ़ेगा। यात्रा पर जा सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
आपके कार्य समय पर पूरे होंगे। नए काम से आपको लाभ होगा। देर रात तक कार्य न करें। छात्रों को कामयाबी मिलेगी। कैरियर आगे बढ़ेगा। मित्रों से मुलाकात होगी। ईश्वर की आराधना में मन लगेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
कारोबारियों को काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। अपने विरोधियों से आज आपको सावधान रहना होगा। वाहन चलाते समय पूरी सावधानी रखें सगे-संबंधियों से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
परिवार के किसी सदस्य की तबियत बिगड़ सकती है। आपको धन लाभ होगा। आमदनी के नए मौके मिलेंगे। छात्रों को विशेषज्ञों से मदद मिलेगी। नौकरीपेशा को यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
सगे संबंधियों से पुराने मतभेद दूर होंगे। आपका काम अच्छा चलेगा। नए लोगों से मुलाकात होगी। समय पर काम होंगे। दफ्तर में ज्यादा जिम्मेदरी रहेगी। दिनचर्या में बदलाव ला सकते हैं।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
मित्रों के साथ पार्टी कर सकते हैं। दफ्तर के सहयोगियों की मदद से आप अपनी ज्यादातर जिम्मेदारियों को पूरा कर पाएंगे। आपको कर्ज की रकम वापस मिल सकती है। युवाओं को कामयाबी मिलेगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपके व्यवहार की सभी तारीफ करेंगे। बोलचाल के दौरान सतर्क रहें।नए काम से लाभ होगा। कर्ज की रकम वापस मिल सकती है। किसी मित्र से दिक्कतें दूर होंगी।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
आप दान, धर्म-कर्म से जुड़े कार्य करेंगे। आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आपके सारे कार्य मनमाफिक पूरे होंगे। दफ्तर में खुशखबरी मिलेगी। कुंवारों को रिश्ते की सूचना मिल सकती है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**सेहत** पर बुरा असर पड़ सकता है। किसी से विवाद होने की आशंका है। जोखिम से जुड़े कार्यों के दौरान सतर्क रहें। आपके विरोधी सरि य रहेंगे। परिवार से जुड़े कार्यों के लिए रिश्तेदारों से मिलने जा सकते हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**किसी** रिश्तेदार से विवाद होने की संभावना है। अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। गुस्से पर नियंत्रण रखें। छात्रों को काफी मेहनत करनी होगी। दिनभर कुछ उलझन से बनी रहेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
आपका दिन अच्छा गुजरेगा। धन संबंधी स्थिति ठीक रहेगी। नए काम से आपको अच्छा खासा लाभ होगा। सेहत का ध्यान रखें। बाहर के खानपान से बचें। परिवार के बुजुर्ग की सेहत खराब हो सकती है।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
दिनभर परेशान रहेंगे। जीवनसाथी से किसी बात को न छिपाएं। सेहत ठीक रहेगी। आपको कहीं जाना पड़ सकता है। खानपान का ध्यान रखें। आपको आज कर्ज की रकम वापस मिल सकती है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

स्कूल स्तर पर ही होगी प्रायोगिक परीक्षाएं

# 17 जनवरी से 5 फरवरी तक स्कूल स्तर पर होगी प्रायोगिक परीक्षाएं

**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी किए निर्देश**

**विद्यार्थी को नहीं कर सकेंगे प्रायोगिक परीक्षा से वंचित**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोविड के लगातार बढ़ते संक्रमण के बीच एक बार फिर राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा की प्रायोगिक परीक्षाएं स्कूल स्तर पर आयोजित की जाएंगी। राजस्थान बोर्ड के सचिव अरविंद कुमार सेंगवा ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षाएं 17 जनवरी से 5 फरवरी तक पूरी करवानी होगी। ऐसे स्कूल जहां विषय अध्यापक का पद रिक्त हैं उन स्कूलों को पास के स्कूल के विषय अध्यापक की मदद से प्रायोगिक परीक्षा लेनी होगी। वहीं किसी भी बच्चे को प्रायोगिक परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी ने ऐसे विषयका चयन कर लिया है कि जिसका संचालन स्कूल में नहीं होता है तो ऐसे विद्यार्थी की प्रायोगिक परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति ने पास के किसी दूसरे स्कूल में उस विषय के परीक्षार्थियों के साथ करवानी होगी।

### स्कूल स्तर पर होगी प्रायोगिक परीक्षा

**परीक्षाएं** स्कूल स्तर पर विषयवार अध्यापन करवा रहे शिक्षक ही लेंगे, परीक्षाओं के लिए बाहर से वीक्षकों को इस बार भी नहीं बुलवाया जा सकेगा। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि प्रायोगिक परीक्षा के दौरान बोर्ड की ओर से जारी की गई गाइडलाइंस की पालना की जाए। जिन स्कूलों में किसी विषय के शिक्षक नियुक्त नहीं है केवल स्कूल पास के किसी दूसरे स्कूल से विषय अध्यापक के जरिए प्रायोगिक परीक्ष करवा सकेंगे।

### प्रायोगिक परीक्षा से नहीं कर सकेंगे वंचित

**स्कूलों** में प्रायोगिक परीक्षा की सामग्री जैसे उत्तर पुस्तिकाएं, ग्राफ, ड्रॉइंग शीट आदि जिले के नोडल केंद्रों पर भेजी जाएंगी जहां से स्कूल उन्हें प्राप्त कर सकेंगे। इतना ही नहीं बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई विद्यार्थी प्रायोगिक परीक्षा के लिए बनाए गए बैच से निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहता है तो भी स्कूल को उसकी प्रायोगिक परीक्षा 2 फरवरी तक लेनी ही होगी। विद्यार्थी को प्रायोगिक परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकेगा।

### कोविड प्रोटोकॉल पर होगा फोकस

**स्कूलों** को निर्देश दिए गए हैं कि वह रोजाना दो बैचों में प्रायोगिक परीक्षाले लेकिन यदि किसी स्कूल में छात्र संख्या अधिक है तो वह कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए प्रतिदिन तीन तीन के बैच में परीक्षा ले सकेंगे।

# फसल बेचने पर मिलेगा ढाई लाख रुपए का पुरस्कार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चूरू।** यदि आप किसान हैं और कृषि उपज मंडी में अपनी फसल बेचते हैं तो आपको पुरस्कार से नवाजा जाएगा। ये पुरस्कार आपको 10 हजार रुपए से अधिक की फसल बेचने पर मिलेगा। इसके लिए किसानों को कृषि उपज मण्डी में कूपन दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार कृषि विपणन निदेशालय जयपुर के तहत प्रदेश की सभी मंडी समितियों के माध्यम से राज्य के किसानों के लिए कृषक उपहार योजना लागू की है। इसमें किसानों को मंडी समितियों में संचालित ई-नाम परियोजना के तहत मंडियों में अपनी कृषि उपज बेचने एवं ई-भुगतान प्राप्त करने पर निःशुल्क ई-उपहार कूपन मंडी समितियों से जारी किए जाएंगे। जिले में चूरू, सरदारशहर, सुजानगढ़ में मंडी संचालित है। प्रत्येक छह माह में गेट पास की विक्रय पर्चियों व ई-भुगतान की विक्रय पर्चियों पर प्रथम पुरस्कार 25-25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15-15 हजार और तृतीय पुरस्कार 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं खंड स्तर पर छह माह में प्रथम पुरस्कार 50 हजार द्वितीय पुरस्कार 30 हजार व तृतीय पुरस्कार 20 हजार और राज्य स्तर पर साल में एक बार प्रथम पुरस्कार ढाई लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार डेढ़ लाख और तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपए दिया जाएगा। जिले में कुल छह मंडियां संचालित है। इनमें सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़, सरदारशहर, सुजानगढ़ कृषि उपजमंडी, तारानगर में गौण मंडी संचालित है।

# 10 लाख पट्टे: शहरों में बांटने चली थी सरकार, गांवों में आंकड़ा पार!

**प्रशासन गांवों के संग अभियान के तीन माह, अभी छह सौ से अधिक पंचायतों में शिविर बकाया**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत भले ही अभी अपने 10 लाख आबादी पट्टों का लक्ष्य पाने के लिए जूझ रही हो, लेकिन प्रदेश की ग्रामीण आबादी में यह आंकड़ा छू लिया है। 2 अक्टूबर से शुरु हुए प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत पंचायत राज व ग्रामीण विकास विभाग की ओर से गत सप्ताह तक ही 9.99 लाख से अधिक आबादी पट्टों का वितरण कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि अभी विभाग को 663 उन ग्राम पंचायतों में भी शिविर लगाने शेष हैं, जो पंचायत चुनाव की आचार संहिता से प्रभावित रही थीं। जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में इन पंचायतों में शिविर लगने पर अभियान में वितरित कुल आबादी पट्टों की संख्या 10.50 लाख के आसपास पहुंच जाएगी।

### 1 लाख आवेदन रिजेक्ट, 29 हजार लंबित

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार तीन माह से चल रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान में पट्टों के लिए अब तक कुल 1128549 आवेदन मिले थे। इनमें से गत सप्ताह तक 9.99 लाख आवेदनों पर पट्टे वितरित हो चुके। शेष आवेदनों मे से करीब 29 हजार पट्टे अभी जारी होने की प्रक्रिया में लंबित हैं। जबकि 1 लाख आवेदन विवाद और तकनीकी कारणों के कारण रिजेक्ट किए गए हैं।

### अभी 7 जिलों में 600 से अधिक शिविर बाकी

अभी अभियान के तहत 16 जिलों में 663 शिविर और लगाएगा। इनमें से अधिकतर पंचायत चुनाव प्रभावित जिले हैं, जहां सात जिलों में 643 शिविर लगाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार एक शिविर में औसतन 80 पट्टों के अनुसार करीब 50 हजार पट्टे अभी और बटेंगे।

### पट्टे बांटने में ये जिले सिरमौर

नागौर– 57 हजार
भीलवाड़ा– 49 हजार
अजमेर– 47 हजार
बीकानेर– 45 हजार
धौलपुर– 42 हजार

पिंकसिटी प्रेस क्लब में हुआ न्यू ईयर सैलिब्रेशन

# रंगारंग प्रस्तुतियों से किया नववर्ष का स्वागत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में नववर्ष की पूर्व संध्या पर शुक्रवार, 31 दिसम्बर को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मिनाक्षी एण्ड पार्टी ने राजस्थानी संस्कृति से सराबोर नृत्यों की प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैदर अली जैदी ने प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम के अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैदर अली जैदी, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, कैट उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता का मार्ल्यापण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीगणेश वन्दना के साथ हुआ। मिनाक्षी एण्ड पार्टी के लोक कलाकारों ने राजस्थानी एवं फिल्मी नृत्यों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वेलकम डांस............ और रंग दे ................, म्हारी चन्द्रगोरजा .............., काजलिया ............, कांगसिया ..........., ढोला आ जाओ, काजलिये री कोर बन जाउं, बनी थारो चान्द सरिखो मुखड़ो, घूमर, तू म्हारों कौन लागे, मुखड़ा चान्द सा टुकड़ा, ये गलिया ये चौबारा, मुझको राणा जी माफ करना गीतों पर नृत्यों का विशेष आकर्षण रहा। क्लब सदस्यों ने न्यू ईअर पर फिल्मी गीत एवं डीजे पर थिरक कर कर न्यू ईयर का सेलेब्रेशन किया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष डी.सी.जैन, कार्यकारिणी सदस्य, गिरिराज प्रसाद गुर्जर, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, राहुल भारद्वाज, अनिता शर्मा, निखलेश कुमार शर्मा, ओमवीर भार्गव, वसीम अकरम कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष नीरज मेहरा, राधारमण शर्मा, पूर्व महासचिव रोशन लाल शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष राहुल गौतम सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार एवं क्लब सदस्य उपस्थित थे।

ANCHOR दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात वालंटियर्स ने ली कक्षाएँ

# हिंदुस्तान जिंक ने चलाई शीतकालीन कक्षाएँ

शिक्षा सम्बल अभियान

**बोर्ड परीक्षाओं के अभ्यास के लिए भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को दिए गए मॉडल पेपर**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए शीतकालीन कक्षाओं का किया गया आयोजन। ये कक्षाएं 25 से 31 दिसम्बर तक राजस्थान के पांच जिलों के 64 सरकारी स्कूलों के लगभग 1700 विद्यार्थियों के लिए संचालित की गयी थीं। ये सभी विद्यालय हिन्दुस्तान जिंक ईकाइयों के आस पास अजमेर, आगुचा, चित्तौड़, दरीबा, देबारी व जावर के हैं। शिक्षा संबल प्रोजेक्ट के तहत भाग लेने वाले 1700 विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित व अंग्रेजी विषय के मॉडल पेपर, डेस्क वर्क उपलब्ध कराये गये। कक्षाओं में पढ़ाने के लिए 56 प्रोजेक्ट अध्यापकों के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित कालेजों से आये 44 वालंटियर्स ने हिस्सा लिया। विद्या भवन के 10 लोगों की टीम द्वारा कक्षाओं की नियमित मॉनिटरिंग की गयी। विज्ञान, गणित व अंग्रेजी विषय में सात दिन तक विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया गया। छोटे-छोटे समूहों में विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन का काम पूरा किया गया। इसमें विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने के साथ अध्यापकों तथा विद्या भवन सोसायटी का पूरा सहयोग मिला।

कार्यक्रम समापन पर जावर में टीडी ग्राम पंचायत के सरपंच देवेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा संबल कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अतिरिक्त अवसर दिया जा रहा है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए इसका लाभ विद्यार्थियों को जरुर उठाना चाहिए। दरीबा लोकेशन में मेहन्दुरिया स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भगवान लाल सुखवाल ने कहा कि कोरोना जैसे कठिन समय में विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने के अवसर में बाधा आयी लेकिन शिक्षा संबल कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने से जोड़े रखा गया। यह कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

मेहन्दुरिया स्कूल की विद्यार्थी माया मेघवाल ने कक्षा के अनुभव साझा करते हुए बताया कि विज्ञान, गणित व अंग्रेजी विषय में हमें छोटे समूह में पढ़ाया गया। इससे सभी ने अपने सवाल पूछे और उसे अध्यापकों ने अच्छे से समझाया। नए अध्यापकों का व्यवहार बहुत अच्छा रहा। आगुचा लोकेशन पर समापन समारोह को संबोधित करते हुए सीएसआर कर्मचारी वैभवी ने कहा कि यह कक्षाएं विषय के डाउट क्लियर करने के लिए लगाई गई थीं ताकि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी पेपर अच्छे से समझकर कर हल कर सकें। हुरडा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने ऐसी कक्षाओं को और अधिक दिन चलाने की बात कही। शीतकालीन कक्षाओं में लगभग 70 प्रतिशत विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन किया। शिक्षा संबल कार्यक्रम समझ के साथ पढ़ने और बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए हिदुस्तान जिंक द्वारा 12 वर्षो से सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष लगभग 7000 विद्यार्थी लाभ उठा रहे है। कार्यक्रम के समापन समारोह में स्थानीय सरपंच, एसएमसी सदस्य, प्रिंसिपल, अभिभावक व सीएसआर टीम के सदस्यों के साथ विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र के साधन सेवियों द्वारा भागीदारी की गयी और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया गया।

---

# जागरूक खबरें

## जयपुर के युवा सोशल ऐक्टिविस्ट वैष्णवी धाभाई हुई सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** यहां आयोजित एक सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता वैष्णवी धाभाई को यूनाइटेड नेशन पीस कीपर फेडरल कॉउन्सिल की थाईलैंड यूनिट की अध्यक्ष डॉक्टर अफिनिता चेनाना, उपाध्यक्ष चेनिसार खनिजोर एवं पदमश्री गुलाबों सपेरा, गिनीज वर्ल्ड होल्डर फॉर लांगेस्ट मुस्टेच राम सिंह चौहान राजस्थान सरकार के देवस्थान बोर्ड के अध्यक्ष एसडी शर्मा एवं डॉक्टर साक्षी मील द्वारा उनकी समाज सेवा एवम युवाओं के उत्थान के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। वैष्णवी धाभाई जो कि वर्तमान में अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ की युवा प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव है।

## जरूरतमंदों को बांटी खाद्य, पाठ्य सामग्री



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रताप नगर स्थित जेवीपी इंटरनेशनल विद्यालय द्वारा जॉय ऑफ गिविंग उत्सव का आयोजन किया गया। जॉय ऑफ गिविंग का तात्पर्य है, किसी की मदद करना। जब किसी ऐसे व्यक्ति की मदद की जाए, जिस मदद को पाने का वह हकदार होता, तब देने का आन्नद ही कुछ और ही होता है। इसी भावना से 2022 की शुरूआत में हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू के निर्देशन में अक्षय पात्र (कच्ची बस्ती), मदर टैरेसा होम, प्रतापनगर एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय, खूसर, सीतापुरा एवं अन्य स्थानों पर गरीब बच्चों को आवश्यकतानुसार खाद्य पदार्थ, पाठय सामग्री व अन्य वस्तुओं का वितरण किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों पर बौद्धिक विकास के साथ नैतिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर निषा चौहान, कृष्णा शर्मा, अभिषेक मिश्रा, राम किशन, अंकुर मिश्रा, मनी शाह, श्वेता सिंह, गणेश शर्मा, खेमसिंह, मुकेश व अन्य उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक और सम्बद्ध वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध स्टेट कोटा सीटों पर बीवीएससी एंड एएच डिग्री पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 में प्रवेश आवंटन के लिए आरपीवीटी 2021 ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन की तिथि 31 दिसम्बरए 2021 से बढ़ाकर 15 जनवरी 2022 की गई है। केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल के चेयरमैन प्रो. आरके सिंह ने बताया कि बीवीएससी एंड एएच सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवश्यक है जो कि 15 जनवरी 2022 तक जारी रहेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है।

## डॉ. झाझड़ा को मिला फिजियो एक्सीलेंस अवार्ड



**भोपाल @ जागरूक जनता।** फिजियोथेरेपी चिकित्सकों का दो दिवसीय "इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस - 2022" यहां संपन्न हुआ। जयपुर के जाने-माने फिजियोथैरेपी चिकित्सक दांतारामगढ़ (सीकर) यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर, विभागाध्यक्ष डॉ. केसर झाझड़ा को फिजियोथेरेपी चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए "फिजियो एक्सीलेंस अवार्ड-2022" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर भारत, अमेरिका, इंग्लैंड एवं विशेष आमंत्रण पर आए इंडोनेशिया श्रीलंका के प्रसिद्ध फिजियो चिकित्सकों ने भाग लिया।

## विद्यार्थियों को बताए तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम



**बारां @ जागरूक जनता।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिले के ब्लॉक अंता, अटरू, छबड़ा, छिपाबड़ोद, किशनगंज, शाहाबाद, मांगरोल आदि क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण अभियान के अंतर्गत तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी, तंबाकू के सेवन को छोड़ने हेतु स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को प्रेरित एवं समाज में तंबाकू को छोड़ने हेतु व्यवहार परिवर्तन के लिए सोसायटी द्वारा तंबाकू नियंत्रण हेतु जानकारी विद्यार्थियों शिक्षकों को अमुखीकरण गतिविधियों के माध्यम से पंपलेट, पोस्टर व बैनर आदि का वितरण एवं चस्पा कर विद्यालय को तंबाकू मुक्त विद्यालय बनाए जाने हेतु स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। हाडोती औद्योगिक प्रशिक्षण महाविद्यालय अंता उच्च प्राथमिक विद्यालय बंबोरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंता मैं जानकारी देकर सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया कि सोसाइटी के फील्ड वर्कर एवं प्रतिनिधि विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण कमेटियों का गठन कर तंबाकू नियंत्रण हेतु कार्य कर रहे हैं।

## मोबाइल रिचार्ज में निजी कंपनियों की लूट के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**पिलानी @ जागरूक जनता।** पिलानी में आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में मोबाइल रिचार्ज में निजी कंपनियों की लूट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठन के राज्य अध्यक्ष विष्णु वर्मा और पिलानी यूनिट के संदीप शर्मा के नेतृत्व में पिलानी के चांडक मार्ग पर जमकर नारेबाजी की, विष्णु वर्मा ने बताया कि एक तरफ तो सरकार शिक्षा को ऑनलाइन मोड पर ला रही है वही दूसरी तरफ मोबाइल रिचार्ज को महंगा किया जा रहा है। सोमवार को देश मे हर जगह प्रदर्शन हुए है और TRI को ईमेल भेज कर विरोध दर्ज करवाया है। पिलानी में प्रदर्शन में सचिन वर्मा, हेमंत, बजरंग आलड़िया, सीताराम, ईश्वर,सेठी, बिशनसिंह,विजेंद्र, रविकांत पाण्डे, केदार, साजिद, राम सिंह, विष्णु आलड़िया,धर्मवीर,एस के आलड़िया आदि लोग मौजूद थे।

## जागरूक खबरें

### भाजयुमो जुंजाणी मण्डल की कार्यकारिणी घोषित राठौड़ अध्यक्ष नियुक्त

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** विधानसभा क्षेत्र के भाजयुमो मंडल जुंजाणी के कार्यकारिणी की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिंमाशु शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव व भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसौदिया के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष के द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारणी में भाजयुमो जुजाणी मण्डल अध्यक्ष पद पर खुमानसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष छगनाराम, छैलसिंह, गजेन्द्र सिंह, महामंत्री राहुल सोनी पुनासा, अर्जुन चौधरी, मंत्री राजेंद्रसिंह, छगनलाल राजपुरोहित, वागाराम भील, मसराराम देवासी, कोषाध्यक्ष पदमसिंह व वचनाराम, गौतमसिंह, महेंद्र गोस्वामी, दिनेश महेश्वरी, हरचंद राणा, कृष्ण सैन,प्रतापाराम जाट अशिवन त्रिवेदी, प्रकाश सुथार व वेलाराम चौधरी को सदस्य नियुक्त किया गया। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा होने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए सभी नव नियुक्त पदाधिकारीयों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण निष्ठा व लग्न के साथ पार्टी हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया।

### गौशाला में गायों से संग मनाया पौत्र का जन्मदिन



**साँचोर @ जागरूक जनता।** एक तरफ जहां लोग अपने बच्चों का जन्मदिन में घरों व रेस्टोरेंटों में मनाकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने में पीछे नहीं है। वहीं दूसरी ओर भगवानाराम ने अपने पौत्र का जन्मदिन गौशाला में गोमाता के संग मनाकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। सेड़िया निवासी भगवानाराम खिलेरी ने अपने पौत्र का जन्मदिन गोमाता के साथ मनाने का निर्णय लिया। वह अपने परिवार के साथ पौत्र आर्यन का जन्मदिन मनाने सेड़िया ग्राम पंचायत के निकटवर्ती नारायणपुरा स्थित बालाजी गौशाला पहुंचे और बड़े चाव से गायों व बछड़ों की सेवा की। उन्हें गुड़, हरा चारा खिलाकर पौत्र आर्यन का जन्मदिन मनाया। इसी प्रकार सोशल मीडिया पर बने बालाजी गौशाला ग्रुप में बने सदस्यों ने अपने जन्मदिन पर 1100, 2100, 5100 राशि सुपुर्द दान कर जन्मदिन मनाया।गौशाला के सहसंचालक व्याख्याता भजनलाल खिचड़ ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ अब लोगों को भारतीय परम्परा का निर्वहन करना चाहिए। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गोशाला समिति के पदाधिकारी,भगवानाराम खिलेरी के परिजन उपस्थित थे।

### पार्षद शमशु कमर ने जीता मुम्बई से गोआ कोर्डिला क्रूज ट्रिप



**निम्बाहेड़ा।** नये वर्ष में नया जलवा करते हुए नगर के वार्ड नंबर 29 के वार्डवासियों के दिलों में बसने वाले पार्षद व मुस्कान सोसायटी के अध्यक्ष शमशु कमर ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए आयुर्वेदिक संस्था एडब्ल्यूपीएल का कोर्डिला क्रूज मुंबई से गोवा का ट्रिप अचीव किया। देश की सदियों पुरानी आयुर्वेद पद्धति को आगे बढ़ाने वाली संस्था एसलिपियस वैलनेस द्वारा दिए गए इस टारगेट को पार्षद शमशु कमर ने अपने प्रयासों से मात्र कुछ दिनों में प्राप्त कर लिया। नीमच (म.प्र.) के एडब्ल्यूपीएल टीम लीडर अरुण कुमावत की टीम से आने वाले शमशु कमर निम्बाहेड़ा से एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्होंने यह बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाले शमशु कमर ने कुछ समय पूर्व अपने समाज सेवा के जज़्बे को आगे बढ़ाते हुए, उच्च स्तर पर ले जाते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वाली आयुर्वेदिक संस्था एडब्ल्यूपीएल का साथ दिया। अपनी इस उपलब्धि पर पार्षद शमशु कमर ने इस अचीवमेंट का पूरा श्रेय अपनी समस्त निम्बाहेड़ा टीम, सीनियर लीडर रॉयल डायमंड अनुज शर्मा एवं कम्पनी एम.डी. संजीव कुमार को दिया। संस्था के सीनियर लीडर रमेश सिंह, अरुण कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, अर्जुन व्यास, फैसल खान सहित पूरी निम्बाहेड़ा टीम के सदस्यों ने शमशु कमर की इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कठपुतली का शो दिखाने वाले सवाई इजरायल में करेंगे परफॉर्म



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नागौर।** राजस्थान के सिंगिंग स्टार और इंडियन आइडल फेम सवाई भाट इजराइल टूर पर हैं। इजराइल के ईलात शहर पहुंचे सवाई वहां आज अपने पहले इंटरनेशलन लाइव म्यूजिक कंसर्ट में परफॉर्म करेंगे। उनके साथ इंडियन आइडल फाइनलिस्ट मोहम्मद दानिश, सायली कांबले और आशीष कुलकर्णी भी हैं। इसके बाद उनका कनाडा और यूके का टूर भी तय है। नागौर के गच्छीपुरा के रहने वाले सवाई की किस्मत ने करवट ली है। उनके दिन बदले हैं। कभी अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिए गांव-गांव कठपुतली का खेल दिखाते थे। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के सामने गाते-बजाते थे। इससे होने वाली कमाई से परिवार का खर्च चलता था। अब सवाई फ्लाइट में सफर कर रहे हैं। यह उनके लिए सपने से कम नहीं है। सवाई ने अपने टीम मेंबर्स के साथ वीडियो शेयर कर बताया कि वो बेहद खुश हैं। वो एयर इंडिया फ्लाइट से काफी जल्दी इजरायल पहुंच गए। उन्होंने एयर इंडिया फ्लाइट स्टाफ की हॉस्पिटैलिटी की भी तारीफ की। उन्होंने अपने फैन्स से अपील की कि वो आज जो कुछ भी हैं उनकी वजह से हैं। इसलिए अपना प्यार और सपोर्ट देते रहें।

#### दानिश बोले- पहला शो अपने भाई सवाई के साथ करूंगा

इंडियन आइडल सीजन 12 के फाइनलिस्ट मोहम्मद दानिश इजरायल के ईलात शहर में फ्लाइट लैंड होने के बाद एयरपोर्ट का नाम भूल गए। उन्होंने सवाई से भी पूछा, लेकिन वो नहीं बता पाए। इसके बाद दोनों ने एयरपोर्ट का नाम मुश्किल बताकर बात को टाल दिया। दानिश ने बताया कि वो सवाई के साथ पहली बार लाइव शो परफॉर्म करेंगे। वो कई दिनों बाद सवाई से मिलकर बेहद खुश हैं। इसके बाद दानिश ने सवाई का डेब्यू सॉन्ग सांसें भी गाया और सवाई की तारीफ की।

#### सवाई का इंटरनेशनल सफर

बहुत छोटी उम्र में ही सवाई अपने दादा खैराती भाट व पिता रमेश भाट के साथ कठपुतली का खेल दिखाने के दौरान गांव-गांव घूमते थे। गांव के स्कूल से तीसरी कक्षा तक पढ़ाई पूरी करने के बाद वो अपने पिता के साथ जोधपुर चले गए। उन्होंने गांव-गांव घूमकर कठपुतली का खेल दिखा अपने पिता रमेश व माता सुशीला का घर चलाने में साथ दिया। उन्होंने बताया की कठपुतली का खेल दिखाने के दौरान ढोलक व हारमोनियम बजाते- बजाते वो शादी-ब्याह की महफिलों और आस-पड़ोस में होने वाले माता के जगरातों व भजन संध्या कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ हारमोनियम और तबला बजाने के लिए भी जाने लगे। मांगणियार और लंगा गायकों के साथ गाने-बजाने का काम भी किया।

सिटी पैलेस में 13वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित

# युवा ही है इस देश का उज्ज्वल भविष्य-सांसद दीयाकुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**राजसमन्द।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नेहरू युवा केंद्र संगठन, राजस्थान (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत-सरकार) द्वारा 13वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन सिटी पैलेस जयपुर में किया गया। कार्यक्रम में सांसद दीया कुमारी ने युवाओं को प्रोत्साहित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने आदिवासी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं को एक दूसरे राज्यों की कला, संस्कृति, शिक्षा, विकास के बारे में जानने का मौका मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र के युवाओं को भी अधिकाधिक कौशल विकास एवं खेल इत्यादि में बढ़-चढ़कर रुचि लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिस प्रकार से राजस्थान ने अपनी ऐतिहासिक धरोहरों को संभाल कर रहा है उसी तरह आदिवासी परिवारों को भी अपनी संस्कृति को संभाल कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा ही इस देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और इन होनहार आदिवासी युवाओं के विचारों को सुन व उनकी प्रतिभा को देख मन प्रफुल्लित हो उठा है। कार्यक्रम के सातवें दिन के सत्र में झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के 6 जिलों से आये आदिवासी युवाओं ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। युवाओं साथ विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम के दौरान नेहरू युवा केंद्र संगठन के क्षेत्रीय निदेशक पश्चिमी क्षेत्र डॉ भुवनेश जैन, राजेंद्र प्रसाद सेन पूर्व बीओजी मेम्बर, पवन कुमार अमरावत राज्य निदेशक, महेंद्र सिंह सिसोदिया उपनिदेशक, महेश कुमार शर्मा पूर्व उपनिदेशक, राजेंद्र जाखड़ जिला युवा अधिकारी पाली, दीर्घा राजावत जिला युवा अधिकारी झालावाड़, नेहरू युवा केंद्र संगठन के अधिकारीगण, झारखंड और छतीसगढ़ से आये करीब 200 युवा प्रतिभागी, एस्कॉर्ट तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### सांसद दीया ने की आचार्य महाश्रमण से सद्भावना भेंट

**सांसद** दीयाकुमारी ने जयपुर प्रवास पर रहे तेरापंथ जेन समाज के आचार्य महाश्रमण महाराज से सद्भावना भेंट करते हुए आशीर्वाद लिया। कालवाड़ में मुलाकात के दौरान सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की। मालूम रहे कि नैतिक निर्माण, नशामुक्ति, शिक्षा का प्रचार प्रसार कर सामाजिक चेतना जागृत करने वाले तेरापंथ समाज के आचार्य महाश्रमण तीन दिन के जयपुर प्रवास पर थे।

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह एवं कैलेंडर विमोचन कार्यर्क म आयोजित

**पाली @ जागरूक जनता।** अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण युवक संघ पाली इकाई के तत्वाधान में सम्मान समारोह एवं कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण भवन रजत नगर पाली में आयोजित किया गया। युवक संघ जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम महर्षि गौतम भगवान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन महासभा के संरक्षक सीताराम जोशी द्वारा देकर पूर्व में पाली गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी अतिथियों एवं समाज बंधुओं को दी। मंच संचालन कर रहे प्रांतीय सरक्षक सुनील जोशी ने अतिथियों का समाज बंधुओं द्वारा स्वागत साफा व अपर्णा पहनाकर एवं अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान करवाया गया।

राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने व्यापारियों से किया संवाद

## 80 बीघा जमीन पर बनेगा हर्बल गार्डन



**भरतपुर @ जागरूक जनता।** तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा है कि भरतपुर विधान सभा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है किन्तु नगर, नदबई व वैर क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि को इकोलॉजिकल जोन से मुक्त कराने की प्रक्रिया पूरी कर रीको की ओर से नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित कराये जाएंगे। इसके अलावा भरतपुर विधान सभा क्षेत्र में उपलब्ध करीब 80 बीघा जमीन पर हर्बल गार्डन तैयार कराया जाएगा। डॉ. गर्ग ने यह जानकारी भरतपुर उद्योग एवं व्यापार संगठन की ओर से आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि भरतपुर एनसीआर, टीटीजेड क्षेत्र में आने एवं केवला देव राष्ट्रीय उद्यान के पास होने की वजह से नए उद्योग नहीं लग पा रहे है किन्तु भरतपुर ग्रामीण क्षेत्र को एनसीआर जोन से हटाने का प्रयास जारी है।

रक्त दान शिविर में 104 रक्त दाताओं ने किया रक्तदान

## सेवा के कार्यों में आगे आएं युवा- शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**खारिया खंगार।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बिरला व्हाइट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे कार्य के अन्तगर्त दि आदित्य बिरला सेन्ट्र फॉर कम्युनिटी इनिसिएटीव एण्ड रूरल डेवलपमेंट के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बिरला व्हाइट खारिया खंगार द्वारा बिरला व्हाइट जन सेवा ट्रस्ट तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन आदित्य बिरला हेल्थ केयर सेंटर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर पीपाड़ शहर प्रधान सोनिया चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की व सभी रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रधान सोनिया चौधरी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी अपने लिए जीवन जी रहे हैं। जीवन जीने का महत्व तो तब है, जब हम दूसरों के लिए कुछ करें। इसका सीधा व सरल माध्यम रक्तदान है। उससे हम दूसरे का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान ही है महादान,सी एस आर विभाग के हेड एस चंदा ने बताया की शिविर में अब तक आयोजित हुए शिविरो में से इस बार 100 के बार रक्तदान हुआ इस बार 104 लोगों ने रक्तदान किया है इस बार महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। वरिष्ठ अधिकारी राजेंद्र मिश्रा ने भी रक्तदान किया और कहां की प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान महादान होता है इसलिए रक्तदान के लिए लोग आगे आए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। खासकर युवाओं को रक्तदान शिविर में भाग लेना चाहिए। समाज सेवी मेहराम गहलोत ने स्वंय 14 बार रक्तदान कर अपने कई मित्रो को प्रेरित किया और इस शिविर में महिपाल मुंडेल, सुरेश गुर्जर सहित 22 लोगो ने प्रथम बार रक्तदान कर अपने आप को और अन्य युवाओ को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस शिविर को आयोजित कराने के लिए जोधपुर से एम डी एम ब्लड बैंक से डॉक्टर सम्पत लोहिया, सुशील हर्ष, गणेश, जगदीश, प्रियंका, मानसिंह, घनश्याम सहित समस्त टीम की सेवा सराहनीय रही। रक्तदान शिविर में बिरला हेल्थ केयर सेंटर के डॉ सीपी माथुर, डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ जीएस पुरोहित, सी एस आर विभाग के ग्रामीण विकास अधिकारी रामकुमार सिंह शेखावत अरुण कुमार सिंह, सहित कई विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण श्रमिक गण मौजूद रहे।

#### बेटी के जन्मदिन पर की रक्तदान कर की अनोखी पहल।

**जहां** बेटी जन्म को लेकर समाज में विभिन्न तरह की चर्चाएं चलती है, ऐसे माहौल में समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर छिपा ब्यावर निवासी ने बेटी जन्म को अभिशाप नहीं वरदान मानते हुए उसके प्रथम जन्मदिन पर स्वयं ने प्रथम बार रक्तदान कर बेटी के प्रति सम्मान प्रकट किया। जो वर्तमान में बिरला व्हाइट के अन्दर कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है

## महाप्रशिक्षण अभियान चलायेगा अरबन बैंक



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ।** चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. निदेशक मण्डल की बैठक चेयरपसर्न एडवोकेट विमला सेठिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मकर संक्रान्ति महोत्सव के अवसर पर सभी शाखाओं पर व्यक्ति विकास प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रशिक्षण कायर्क्रम आयोजित करने, साईबर सिक्यूरिटी की समीक्षा के साथ ही आईएमपीएस व मोबाईल बैंकिंग सेवाएं 24 घण्टे उपलब्ध कराने सहित कई निर्णय लिये गये।

प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी के अनुसार उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना एवं निदेशक डॉ.महेश सनाढय, हस्तीमल चोरडिया, शान्तिलाल पुंगलिया, आदित्येन्द्र सेठिया, विनोद कुमार आंचलिया, राधेश्याम आमेरिया, सुनीता सिसोदिया, चान्दमल नन्दावत, बालकिशन धूत, रणजीत सिंह नाहर एवं सीए बालकृष्ण डाड के सानिध्य मे सम्पादित बैठक में डाटा सेन्टर, डीआर सेन्टर स्थापित करने, यूपीआई सेवाएं प्रारम्भ करने, निवेश, व्यवसाय वृद्धि, ॠण स्वीकृतियां के साथ ही प्रधान कायार्लय का भूमी रूपान्तरण करवाने के लिए आवश्यक निर्णय लिये गये। उपाध्यक्ष एवं स्टॉफ कमेटी अध्यक्ष शिवनारायण मानधना के सुझाव पर स्टॉफ यूनिफार्म, परिचय पत्र के साथ ही अनुशासन एवं समयबद्धता के लिए पाबन्दी पर कठोरतापूवर्क कायर्वाही करने का निणर्य लिया गया। संचालक मण्डल की बैठक के साथ ही प्रबन्धन मण्डल की बैठक भी अध्यक्ष हेमन्त शर्मा की अध्यक्षता एवं सदस्य दीप सिंह आहूजा, नीतेश सेठिया, सुनीता सिसोदिया, आदित्येन्द्र सेठिया के सानिध्य में सम्पन्न हुई जिसमें बैंक के नितीगत निर्णयों की समीक्षा की गई।

#### डॉ. सेठिया देगें प्रशिक्षण

**व्यवसाय** वृद्धि कमेटी के अध्यक्ष शान्तिलाल पुंगलिया के अनुसार बैंक संस्थापक अध्यक्ष एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आई.एम. सेठिया चितौड़गढ़, चन्देरिया, बेंगु, निम्बाहेडा, कपासन एवं बड़ीसादड़ी में बैंक के ग्राहकों एवं युवाओं को प्रशिक्षण देगें। प्रशिक्षण कार्यर्क म चितौड़गढ़ शाखा द्वारा आज केशव माधव सभागार में अपरान्ह 3 बजे आयोजित कर महाअभियान का शुभारम्भ किया जायेगा एवं अन्य शाखाओं में भी जनवरी माह में किया जाना प्रस्तावित है। बैंक चेयरपर्सन एडवोकेट विमला सेठिया ने सभी शाखाओं में इच्छुक व्यवसायियों, उद्यमियों, युवाओं से शाखाओं में पंजीयन कराने की अपील की।

## देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क बीकानेर में

### कोयला संकट के बीच सरकार सोलर उत्पादन पर दे रही है ध्यान, RVUNL और RRECL को पूगल में मिली जमीन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बीकानेर। कोयले की कमी से जूझ रहे राजस्थान को बिजली संकट से बचाने के लिए थर्मल के बजाय अब सोलर का सहारा लिया जाएगा। प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क बीकानेर के पूगल में स्थापित होने जा रहा है, जहां से चार हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। फिलहाल राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को दो हजार मेगावाट और शेष दो हजार राजस्थान रिन्युएबल एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से लगाया जाएगा। हालांकि अकेले बीकानेर से सरकार का लक्ष्य छह हजार मेगावाट का उत्पादन करना है।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने पिछले दिनों बीकानेर के पूगल में सोलर पार्क के लिए भूमि आवंटित की है। ये पार्क पूगल के रामसर छोटा बंदरवाला में है। यहां RVUNL खुद 810 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाएगा, जबकि शेष जमीन पर प्राइवेट फर्म को ठेका दिया जाएगा। ये फर्में राजस्थान सरकार को बिजली कम कीमत पर उपलब्ध कराएगी। RVUNL की ओर से इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए कंसलटेंसी फर्म का टेंडर निकाल दिया गया है। जो प्राइवेट फर्म ज्यादा से ज्यादा लाभ सरकार को दे सकेगी, उसके साथ अलग अलग प्रोजेक्टर में करीब साढ़े ग्यारह सो मेगावाट का उत्पादन किया जाएगा।

#### बदल जाएगी पूगल की तस्वीर

बीकानेर के पूगल तहसील में अधिकांश जमीन बारानी है। जहां खेती नहीं हो पा रही है। इंदिरा गांधी नहर का पानी भी अधिकांश एरिया में नहीं पहुंच रहा। ऐसे में दूर तक रेत के धोरे नजर आते हैं। अब यह तस्वीर बदलने वाली है। करीब चार हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन यहां से होने पर न सिर्फ रोजगार बढ़ेगा, बल्कि जमीनों की कीमत भी आने वाले दिनों में महंगी हो सकती है।

#### देश का सबसे बड़ा पार्क

**ज्ञात** रहे 2000 मेगा वाट का एकल सोलर पार्क हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा सोलर पार्क में से एक होगा बीकानेर जिले के लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात है बड़ी तादाद में सोलर कंपनियां इस पार्क में टेंडर करने वाली है जिससे यहां रोजगार के कई बड़े विकल्प खुलने वाले हैं। बीकानेर में सोलर प्रोजेक्ट डायरेक्टर भूपेश का कहना है कि दो हजार मेगावाट का सोलर पार्क RVVNL की ओर से विकसित किया जा रहा है। इसके लिए भूमि आवंटित करने का प्रोसेस चल रहा है। ये काफी बड़ा प्रोजेक्ट है। सोलर प्रोजेक्ट्स पर काम करने वाली बुल पॉवर कंपनी के डायरेक्टर शरद दत्त आचार्य ने बताया कि ये देश का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट बीकानेर के पूगल में स्थापित हो रहा है। दो-दो हजार मेगावाट के दो बड़े प्रोजेक्ट लगने से राजस्थान का बिजली संकट काफी हद तक दूर होगा।

#### दोनों ऊर्जा मंत्री बीकानेर से

**राज्य** में सर्वाधिक बिजली उत्पादन की संभावना बीकानेर में है। सर्वाधिक खाली जमीन भी यहीं उपलब्ध है। ऐसे में इतना बड़ा प्रोजेक्ट बीकानेर की झोली में आ गया। इसका एक बड़ा कारण ये भी है कि गहलोत सरकार के दोनों ऊर्जा मंत्री बीकानेर से ही रहे। पहले डॉ. बी.डी. कल्ला ऊर्जा मंत्री थे तो अब नए मंत्रिमंडल में भंवर सिंह भाटी इस पद पर है।

ANCHOR

सिक्सलेन के आने से 130 करोड़ के रिसोर्ट बनेंगे

# समृद्धि का उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाइवे अब प्रदेश में भी क्वार्ट्ज ग्रेडिंग यूनिट की संभावना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**डूंगरपुर।** उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाइवे फोर लेन को सिक्स लेन में बदलने का काम चल रहा है। उदयपुर से गुजरात के शामलाजी तक सिक्सलेन का काम पूर्ण हो चुका है, वहीं गुजरात में फिलहाल काम चल रहा है। सिक्सलेन का राजस्थान सीमा में काम पूरा होने से उदयपुर से बिछीवाड़ा तक का सफर अब सिर्फ डेढ़ घंटे में पूरा हो रहा है। यही सिक्सलेन डूंगरपुर के लिए समृद्धि लेकर आ रहा है। बिछीवाड़ा नेशनल हाईवे से जुड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां पर निवेश की संभावना बढ़ती जा रही है।

तिरुमाला कंपनी की तरफ से 60 करोड़ रुपए की लागत से रिसोर्ट, दो से तीन अन्य रिसोर्ट 5 से 15 करोड़ रुपए में बनाने का प्रस्ताव उद्योग विभाग के पास आया है। इसके अलावा तीन रिसोर्ट डूंगरपुर मार्ग पर बन रहे हैं। इन पर भी करीब 50 करोड़ से ज्यादा खर्च हो रहे हैं, वहीं बिछीवाड़ा क्षेत्र में बने औद्योगिक क्षेत्र में भी गुजरात व पूर्वी राजस्थान सहित नोएडा की कंपनियां रुचि ले रही हैं। इस पर निर्णय जनवरी के प्रथम पखवाड़े में होने वाले निवेश समिट में हो जाएगा।



#### अहमदाबाद से उदयपुर तक बन रहा सिक्सलेन, आने-जाने में बचेंगे एक से डेढ़ घंटे

- 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से चल रहा निर्माण कार्य
- गुजरात से शामलाजी तक का सिक्सलेन पूरी तरह से बनकर हो गया है तैयार
- डूंगरपुर जिले की सीमा में 100 करोड़ रुपए का होटल-टूरिज्म कारोबार
- नेशनल हाइव पर बनाए जा रहे हैं 26 ओवरब्रिज
- डूंगरपुर जिले की सीमा से गुजर रहा है 45 किलोमीटर हाईवे
- 200 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे काम

#### गुजरात-मध्यप्रदेश से पर्यटक अधिक आएंगे

जिले में क्वार्टज की खदान है। यहां से क्वार्टज पत्थर को निकाल कर गुजरात भेजा रहा है। अब यहां हाइवे से सटे क्षेत्र में क्वार्ट्ज ग्रेडिंग यूनिट लगने की संभावना है। टूरिज्म सेक्टर को देखें तो गुजरात और मध्यप्रदेश से आने वाले पर्यटक हर साल उदयपुर आते हैं। डूंगरपुर-बांसवाड़ा मानसून डेस्टिनेशन के रूप में तैयार हो रहा है। ऐसे में पर्यटकों को डूंगरपुर-बांसवाड़ा की खूबसूरती के लिए आकर्षित करना आसान हो जाएगा।

#### व्यापारियों को मिलेगा फायदा

डूंगरपुर जिला गुजरात की सीमा से जुड़ा होने के कारण यहां के व्यापारी वर्ग का मोड़ासा, हिम्मतनगर, अहमदाबाद अक्सर जाना पड़ता है। उदयपुर जिले की यात्रा करनी पड़ती है। सिक्सलेन के कारण वाहनों को रफ्तार कम मिल रही है। पहले दो-सवा दो घंटे में पूरा होने वाला सफर अब डेढ़ घंटे में हो रहा है, वहीं डूंगरपुर जिले के लोगों को हॉस्पिटल से जुड़ी स्वास्थ्य सेवा के लिए अहमदाबाद की दौड़ लगानी पड़ती है। इससे कम समय में पहुंच हो सकेगी। सिक्सलेन के चलते यहां पर होटल, रेस्टारेंट व रिसोर्ट लगातार बढ़ रहे हैं।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

# भारतीय सेना ने चीन के अंदाज में दिया उसे जवाब, गलवान में फहराया तिरंगा

**सेना की ओर से मंगलवार को जारी किए गई तस्वीरें**



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने चीन के ही अंदाज में एक बार फिर चीन को जवाब दिया है। चीन की तरफ से की गई भड़काने वाली हरकत के बाद भारतीय ने सेना ने भी चीन को उसी के अंदाज में मुंह तोड़ जवाब दिया है। चीन के बाद भारतीय सेना ने भी नए साल के अवसर पर गलवान घाटी पर तरिंगा फहराया है। जिसकी तस्वीरें सेना की तरफ से मंगलवार को सार्वजनिक जारी की गई हैं।

### पहले चीन ने फहराया था अपना झंडा

**नए** साल के अवसर पर झंडों के माध्यम से कूटनीतिक युद्ध का सहारा पहले चीन ने लिया था। पहले चीन ने नए साल के अवसर पर भारतीय सेना को उपहार भेंट कदिए थे। जसिके बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि दोनों देशों के बीच गलवान में लंबे समय से जमी बर्फ नए साल के अवसर पर पिघलने जा रही है, लेकिन इसके बाद चीन की सेना ने भारतीय सेना को भड़काने का प्रयास करते हुए गलवान घाटी में अपने अधकिार वाले डेमचौक और हॉट सप्रिंग वाले इलाके में अपना राष्ट्रीय झंडा फहरा दयिा था। जिसके बाद चीन के सरकारी मीडिया ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए चीनी सेना की तारीफ की थी। ग्लोबल टाईम्स ने लिखा था कि "गलवान घाटी में एक इंज भी मत जमीन मत छोड़ो, 1 जनवरी को पीएलए के जवानों ने चीनी जनता को संदेश दयिा"

### चीनी झंडे की तस्वीर वायरल होने के बाद राहुल ने पीएम मोदी से कहा था चुप्पी तोड़ो

**चीनी** सेना की तरफ से गलवान घाटी में अपने देश का राष्ट्रीय झंडा फहराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद इसको लेकर देश में राजनीतकि ववािद गहरा गया था। गलवान घाटी में चीनी झंडे को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया था। राहुल गांधी ने एक ट्वटि करते हुए कहा था कि गलवान में हमारा तरिंगा ही अच्छा लगता है, चीन को जवाब देना होगा, मोदी ची चुप्पी तोड़ो।

### दोनों देशों की तरफ से सीमा पर तैनात हैं 50 - 50 हजार जवान

**गलवान** में चीन और भारतय सैनिकों के बीच बीते वर्ष झड़प का मामला सामने आया था। जिसमें भारतीय सैनकिों ने चीन के सैनिकों को सबक सीखाया था, हालांकि इसमें भारत के सैनिक भी शहीद हुए थे। तब से दोनों देशों की सेना की तरफ से घाटी में 50-50 हजार जवानों की तैनाती की गई है। वही गलवार के साथ ही अरुणाचल में भारत का चीन के साथ सीमा ववािद जारी है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में भारतीय इलाकों के नाम बदल दिए थे। चीन ने बीते दिनों अरुणाचल प्रदेश के 15 स्थानों के लिए चीनी अक्षरों, तिब्बती और रोमन वर्णमाला के नामों की घोषणा की थी।

**दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू : वर्क फ्रॉम होम की भी तैयारी**

# ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के चलते शनिवार-रविवार को बंद रहेगी राजधानी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना केस और ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए वीकेंड कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसके तहत शनिवार और रविवार को दिल्ली पूरी तरह बंद रहेगी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक में यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि जरूरी सेवाओं को छोड़कर सभी सरकारी ऑफिस में कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा जाएगा। वहीं, प्राइवेट ऑफिस 50 प्रतिशत कैपिसिटी के साथ काम करेंगे। दिल्ली में सोमवार को 4099 कोरोना केस मिले थे और पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 6.46 प्रतिशत हो गई। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर सत्येंद्र जैन ने कहा है कि राजधानी में कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह ओमिक्रॉन वैरिएंट है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वाले पेशेंट्स की संख्या बढ़ने पर और भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

**कोरोना : इन्वेस्ट राजस्थान समिट**

# फिजिकल के साथ अब वर्चुअली भी शामिल हो सकेंगे निवेशक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इन्वेस्ट राजस्थान समिट के फॉर्मेट में कोरोना के चलते सरकार ने बदलाव किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक में इस समिट को वर्चुअल मोड पर भी रखने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक निवेशक एवं उद्यमी वर्चुअली भी जुड़ सकें। गहलोत ने कहा कि कोविड से प्रभावित अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ ही निवेश एवं रोजगार बढ़ाने में समिट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सभी विभाग पूर्ण सहयोग व समन्वय की भावना से कार्य करें, ताकि जो निवेश प्रस्ताव आए हैं वे धरातल पर उतरें। गहलोत सोमवार को सीएम निवास पर हुई बैठक में 24-25 जनवरी को आयोजित होने वाली स्टेट इन्वेस्टर समिट 'इन्वेस्ट राजस्थान 2022' की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

इंश्योरेंस सिर्फ 5 मिनट में
Two/Four Wheeler
0141-3587886

Computer Paradise
Desktop / Laptop / Printer Sale & Service
All Type Accessories • Antivirus Software
Toner Cartridge Refilling • Computer Peripherals
hp lenovo acer intel Tally Canon EPSON DELL
Bhupendra Singh Tanwar
computer.paradise@hotmail.com
9352566707
G-3, Plot No. B-23, L. S. Nagar, Naya Khera, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302039

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451




HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

# जागरूक जनता

www.jagrukjanta.com

विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

# जो दिखेगा वही बिकेगा

## आज ही बुक करें विज्ञापन





# आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्पले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

**विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070**

## जागरूक खबरें

### 'रिश्ता विशेष साहित्यिक महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा रिश्तों के महत्व तथा विशेषता को दर्शाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन 'रिश्ता विशेष साहित्यिक महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय - रिश्तों की विशेषता' रखा गया। इस महोत्सव में अर्चना वर्मा (क्यूबेक, कनाडा) सहित देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक बेहतरीन रिश्तों के महत्व तथा विशेषता पर आधारित रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'रिश्ता विशेष साहित्यिक महोत्सव' की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में कुसुम अशोक सुराणा (मुंबई, महाराष्ट्र), संध्या रामप्रीत (पुणे, महाराष्ट्र) और अर्चना वर्मा (क्यूबेक, कनाडा) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "पुनीत रिश्ता स्नेही" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने मानव जीवन में रिश्तों के महत्व तथा विशेषता के बारे में बताते हुए, सभी से रिश्तों में पड़ रही दरारों को दूर करके रिश्तों की सुरक्षा एवं संभाल करने की प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिरि या देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया और रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम अर्चना वर्मा, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, सावित्री मिश्रा, संध्या रामप्रीत, मीता लुनिवाल, सुनीता सोलंकी 'मीना', नीति झा, रचनाकारों के रहे।

### कलाकारों ने सजीले सुरों से किया रचनाओं का श्रृंगार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान परिसर शास्त्रीय संगीत की रागों की खुशबू से महक उठा। संस्थान की ओर से हुए क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट में करीब एक दर्जन से अधिक बाल व युवा कलाकारों ने अपनी सलोनी प्रस्तुतियों में राग वृंदावनी सारंग, भूपाली, जौनपुरी, भीमपलासी, तोड़ी, काफी, मारवा, आसावरी जैसी रागों का सजीले सुरों से श्रृंगार किया। इससे पहले कलाकारों ने गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में कलाकार गर्विता मंगल ने सुर, लय व ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर राग वृंदावनी सारंग की रचना बन बन ढूंढ़न जाऊं... को पूरे मनोयोग से गाया। इसके बाद रियांशी, अनन्या शर्मा व उन्नति अग्रवाल ने राग भूपाली की बंदिश जाऊं तोरे चरण कमल पर...की प्रस्तुति में अपनी तैयारी का बखूबी प्रदर्शन किया। फिर आशीष सोनी, ममता शर्मा ने राग जौनपुरी की रचना परिये पायन के सजनी..., अशोक जैन ने राग भीमपलासी की रचना भजमन निशदिन श्याम सुंदर..., कलाकार मधुमिता सेन ने राग तोड़ी में पिरोयी रचना लंगर कांकरिया..., वनिता हीरानी ने राग काफी की रचना छाड़ो छाड़ो छैला..., प्राजक्ता जायसवाल ने राग मारवा की रचना जगत जननि जग... और रजनी कुमावत ने राग कामोद में कारे जाने ना दूंगी... जैसी रचना को तन्मयता से पेश कर माहौल को शास्त्रीय संगीत के इन्द्रधनुषी रंगों से रंग दिया। इसके अलावा रीना बिस्वास ने राग बिहाग, जीनस कंवर ने राग दरबारी, सुमित्रा अग्रवाल ने राग पूनिया धनाश्री, मुस्कान ने मियां की मल्हार और सौरभ सिंह ने राग आसावरी के सुर साध कर रचनाओं की दिलकश प्रस्तुतियां दीं। तबले पर इदरिश खान और हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने प्रभावी संगत कर कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत का उम्दा नजारा पेश किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान कोरोना गाइडलाइन की पूरी तरह पालना की गई।

### लूणी क्षेत्र के नंदवान सालावास में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** रजा युवा वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में नंदवान गांव में महा रक्तदान शिविर आयोजन कोरोना गाइडलाइन अनुसार संपन हुआ। महामारी के वर्तमान काल में मानव जीवन कि रक्षा के लिए रक्तदान महत्ती आवश्यकता है। रक्तदान महादान है इस स्मरण करते हुए इस विशाल महाशिवीर आयोजन किया गया है। इस शिविर में सभी युवाओं ने बढ़ चढ़कर यहां तक लड़कियों ने भी हिस्सा लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि लूणी विधायक महेंद्र सिंह जी बिश्नोई, राज्य बाल सरंक्षण आयोग अध्यक्ष संगीता बेनीवाल कांग्रेस युवा नेता श्याम खीचड़, नंदवान सरपंच प्रतिनिधि कोजाराम बेनीवाल व सालावास सरपंच ओमाराम पटेल वरिष्ठ महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से दीन मोहम्मद व जामा मस्जिद वेलफेयर सोसायटी के सचिव रेशम भाई पठान ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई। रजा युवा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन अशरफी सचिव रमजान खान कोषाध्यक्ष फरीद गौरी ने बताया कि इस शिविर 75 यूनिट लोगो ने रक्तदान किया, जो मुस्लिम समुदाय के लिए गर्व कि बात है। इस शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कल्याण खिदमत ए खल्क करना है।

### पतंग उत्सव में वैक्सीन लगाने का दिया संदेश



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मिश्रा क्लासेस की ओर से जयसिंह पुरा खोर नायला रोड में पतंग उत्सव मनाया गया उत्सव में बच्चों ने रंग बिरंगी पतंग पर सैनिटाइजर मास्को का चित्र बनाकर अनुश्री विश्वास, पीयूष महावर, पंकज, शाहिद, हर्ष अग्रवाल और दिशा शर्मा ने आसपास लोगों को संदेश पहुंचाने के लिए छेड़ा अभियान हमारी सरकार ने 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 3 जनवरी से वैक्सीन करवाना होगा हम सब की यही दुआ 2022 में चला जाए कोरोना। लोगों को देना होगा सरकार का साथ ताकि कोरोना को दे पाए मात जी इसी कड़ी में पतंगों पर स्लोगन मुझे मालूम है उड़ती पतंगों की रवायत -गले मिलकर गला काटो मैं वह माझा नहीं, स्लोगन लिखकर मकर संक्रांति के उत्सव पर जन जन तक संदेश पहुंचाएंगे संस्था के निदेशक एसके मिश्रा ने कहा कि लोग सुरक्षित पतंगबाजी के साथ एक ही स्वदेशी डोर का ही उपयोग करें जिससे किसी व्यक्ति या पक्षी के जीवन को खतरा पैदा ना हो और बिजली के तार व खंभे और वह अन्य बुद्धि बुनियादी ढांचे के आसपास पतंग नहीं उठाने की सलाह दी और हमें अपनी जिम्मेदारी के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लेने की अपील की इस अवसर पर पतंग का सबसे अच्छा स्लोगन लिखने पर विजेताओं को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया।

## ऑनलाइन 'नव वर्ष साहित्यिक महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन 'नव वर्ष साहित्यिक महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय - नववर्ष से आशाएं' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक बेहतरीन नव वर्ष के संकल्पों, आशाओं और शुभकामनाओं पर आधारित रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'नव वर्ष साहित्यिक महोत्सव' की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में चंचल जैन (मुंबई, महाराष्ट्र), सुनीता सोलंकी 'मीना' (मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश) और डॉ. ज्योति प्रियदर्शिनी श्रीवास्तव (ग्वालियर, मध्य प्रदेश) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत साहित्य रत्न' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने स्वरचित काव्य पंक्तियों के द्वारा सभी देशवासियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सभी देशवासियों से नव वर्ष में अपने अथक प्रयासों से देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने की प्रार्थना भी की। उन्होंने महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया और रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम मीता लुनिवाल, सुनीता सोलंकी 'मीना', संध्या रामप्रीत, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, नीति झा, मुकेश बिस्सा, डॉ. ऋतु नागर, प्रीति ध्रुवे, डॉ. ज्योति प्रियदर्शिनी श्रीवास्तव, लीना प्रिया, डॉ. उमा सिंह बघेल, हरिचंद यादव रचनाकारों के रहे।

क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच का शुभारंभ

## 5 राज्यों के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहेगा-पायलट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा है कि आने वाले दिनों में पांच राज्यों में चुनाव हैं वहां भी कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत बेहतर रहेगा। पायलट ने आज के एल सैनी स्टेडियम में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि उपचुनाव में सभी जगह कांग्रेस जीती है, भाजपा लगभग हर उपचुनाव हारी है यही कारण था प्रधानमंत्री मोदी को मजबूर होकर कृषि कानून वापस लेने पड़े। पायलट ने कहा कि महंगाई तो सब की कमर तोड़ रही है। पायलट ने उम्मीद जताई कि सद्बुद्धि केंद्र सरकार को मिलेगी और चुनाव राजनीति से हटकर जो इंसान की पीड़ा है उसको समझेंगे। आज देशवासी दुखी है वो है राहत चाहते हैं। कमरतोड़ महंगाई को कम करने कुछ न कुछ केंद्र सरकार को कदम उठाना चाहिए।

इससे पहले पायलट ने स्वाधीन फाउंडेशन की ओर से केएल सैनी स्टेडियम पर जयपुर क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वाधीन फाउंडेशन ने जिस प्रकार से इतनी ज्यादा व्यवस्था बनाई है। मेहनत करके ढाई सौ टीमों को इकट्ठा करना उनका क्वालीफाई करवा कर एक व्यू रचना करना बहुत ही प्रशंसनीय काम है। पायलट ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी खेल की भावना से नौजवानों के अंदर एक अच्छा मैसेज जाएगा।

राजस्थान और जयपुर में शायद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर टीम को सम्मिलित किया गया है और युवाओं के अंदर एक सकारात्मक संदेश जाएगा। क्रिकेट एक जेंटलमैन स्पोर्ट्स है इसकी भावनाओं को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमाम राजनीतिक चुनौती है उनका हम सब मिलकर सामना करेंगे। उद्घाटन अवसर पर पूर्व उप मुख्यमन्त्री सचिन पायलट मुख्य अतिथि वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी ने की। उद्घाटन मैच के लिए टॉस के बाद दोनों नेताओं ने पिच पर हाथ भी आजमाए।

## प्रहलाद काव्य शिखर सम्मान से सम्मानित



**निम्बाहेड़ा।** नगर के कवि प्रहलाद क्रांति को द वाइस हाउस यू ट्यूब चैनल व राष्ट्रीय साहित्य सागर संस्थान की ओर से उज्जैन के प्रसिद्ध विक्रम सभागार में देश भर से आए रचनाकार व कवियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय साहित्य काव्य शिखर सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। 26 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय काव्य महोत्सव में संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉ. ऋषि अग्रवाल ने कविता के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान हेतू वर्ष 2021 का यह सम्मान राष्ट्रीय साहित्य सागर के छठा आयोजन काव्य महोत्सव में करतल ध्वनि के बीच दिया गया। आयोजन में इनकी कविताओं के सांझा काव्य संग्रह काव्योदय का विमोचन भी हुआ। काव्य की प्रमुख धारा में कवियत्री किरण आगाल (भीलवाड़ा ) ने माँ पर रचना -माँ विधाता की अनुपम कृति है पढ़ी तो सभी भाव विभोर हो गये। आशीष कुमार (मुरादाबाद ) ने अपनी गीत-यौवन के बादलों में जल भर आए हम, बारिशों के द्वार पर दीप धर आए हम। को सभी ने सराहा। राष्ट्रीय कवि प्रहलाद मराठा क्रांति (निम्बाहेड़ा) ने अपनी कविता मोदी जी, आप द्वारा सपूर्ण राष्ट्र में गायों को अब पोषित करो,और संसद की अट्टालिका से गाय को राष्ट्र पशु गौमाता घोषित करो। पढ़ी तो सम्पूर्ण सभागार श्रोताओं की तालियों से गूंज उठा। कवियत्री कविता अग्रवाल (सीकर ) ने रचना - माँ बाप का स्थान भगवान से भी ऊपर आता है,नहीं भूले हम कभी संस्कार अपने। पढ़ कर भारतीय संस्कृति बचाने का आव्हान किया। राम राज प्रजापति (गंगापुर सिटी) ने हिन्दी ग़ज़ल बेबसी, उदासी, ग़म जीवन भर नहीं रहने,वक्त के भंवर में ये उम्र डूब जानी है।

काँठा प्रांतीय ओसवाल साजना संघ का सम्मान समारोह आयोजित

## मानव सेवा को भी अपने लक्ष्य में शामिल करें- सिंघी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**हुबली।** श्री काँठा प्रांतीय ओसवाल साजना संघ हुबली द्वारा आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर को कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार 2021 से सम्मानित किये जाने के उपलक्ष आयोजित सम्मान समारोह को सम्भोदित करते हुए आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष, काँठा प्रांतीय ओसवाल साजना संघ के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी ने कहा की परस्पर सहयोग व मानव सेवा करने पर जो संतोष व आनंद की असीम अनुभूति होती है उसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता, लिंब सेंटर के चेयरमैन दिवंगत विरेंद्र जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की वीरेंद्र जैन एवं समस्त सदस्यों एवं दानदाताओं के सहयोग से हमने यह राजयोस्त्सव पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सिंघी का सम्मान संघ के अध्यक्ष अशोक कोठारी, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हुबली के अध्यक्ष पारसमल पटवा, काँठा प्रांत के पूर्व कार्यदर्शी शांतिलाल बोहरा, हंसराज सेहलोत, प्रकाश भलगट, रिकबचंद कटारिया, मगराज भलगट ने किया। अभिनन्दन समारोह के पश्चात काँठा प्रांतीय ओसवाल साजना संघ हुबली की आयोजित आमसभा में नवकार महामंत्र के मंगलाचरण दिनेश बोहरा ने किया, स्वागत श्री कांठा प्रांत हुबली के कार्यदर्शी मगराज भलघट ने किया, वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता प्रकाश भळगट ने की इस दौरान अनेक मुद्दों पर चर्चा हुयी जिसमे वार्षिक स्नेह मिलन आयोजित करने का निर्णय हुआ जिसका चेयरमैन सर्वसम्मति से शांतिलाल खिवेंसरा को मनोनीत किया गया साथ ही आगामी वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गयी।

इस दौरान वर्ष 2020-21 के कोराना काल में श्री कांठा प्रांत हुबली के स्वर्गवास हुए सभी दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांठा प्रांत हुबली के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने अपने संबोधन में कहा की कर्नाटक राज्य सरकार पुरस्कार पाना सकल जैन समाज के लिए व समस्त काँठा प्रान्त के लिए बहुत ही गौरव का विषय है, इस दौरान ने कोठारी ने सभी बंधुओं नम्र निवेदन किया की लिम्ब सेंटर में आप अपने जन्मदिवस, शादी की सालगिरह पुण्यतिथि व अन्य प्रसंगो पर अपना सहयोग देकर दिव्यांगों की नया जीवन दे सकते हैं।

आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन के कार्यदर्शी प्रकाश कटारिया, किशोर कटारिया व नरेश गांधी ने अपने विचार रखे। अंत में राजेश जी बोरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान कांठा प्रांत के सदस्य जो अलग अलग संस्थानों में सेवाएं प्रदान कर रहे है जिनमे आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन के कार्यदर्शी प्रकाश कटारिया, महावीर युथ फेडरेशन के अध्यक्ष आनंद कुमार पटवा, जीतो हुबली के कोषाध्यक्ष रमेश खिवेंसरा, निर्देशक राकेश कटारिया, विनोद पटवा, अमित भळगट, महावीर लिंब सेंटर के कन्वीनर सुभाष चंद्र डंक सहित अन्य पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जयंतीलाल कटारिया, कांतिलाल कटारिया, राजेश कटारिया, शांतिलाल कटारिया, ताराचंद कटारिया, सुनील कटारिया, कांतिलाल बोहरा, घीसुलाल बोहरा, सुकनराज डंक, खुशाल डंक, सुभाष गुगलिया, शांतिलाल गुगलिया, कैलाश भळगट, मनोज भळगट, मनोहर लाल खिवंसरा, सुधीर वोरा, ललित सेहलोत, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आम सभा के अंत में राजेश बोहरा ने आभार जताया।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जालोर @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभा कक्ष में बिजली, पानी, सडक मौसमी बीमारियों एवं अन्य बिन्दुओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन करते हुए आमजन को लाभान्वित करे। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को कोरोना वेक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सेम्पलिग बढाने के साथ 15 से 18 वर्ष तक के युवाओं लिए शुरू हुए वेक्सीनेशन अभियान के लिए विशेष योजना कार्ययोजना के साथ जन जागृति की बात कही। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्धता, सडको की मरम्मत एवं नवीनीकरण करने, राजश्री योजना, खाद्यान वितरण, घरेलु एवं कृषि कनेक्शन देने, पशुओ के लिए वेक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, फ्लैगशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बजट घोषणा की क्रियान्विति की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये। बैठक में जिला कलक्टर ने नवनिर्मित सरकारी भवनो के बकाया कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना तथा शुद्धि के लिए युद्ध अभियान की मोनीटरिंग करते हुए निरीक्षण एवं सेम्पलिग के निर्देश दिए। बैठक मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गजेन्द्र सिंह देवल, जलदाय विभाग के एस.ई. ताराचन्द कुल्दीप, सार्वजानिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश सिघारिया, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. आर.बी.सिंह, जिला रोजगार अधिकारी आनन्द सुथार, जिला शिक्षा अधिकारी कमलसिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अविनाश विंध्य गौरव अवार्ड से सम्मानित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** स्क्रिप्ट राइटर, फिल्मेकर अविनाश त्रिपाठी को मुंबई के भव्य समारोह में विंध्य गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया. गौरतलब है कि विंध्य गौरव अवार्ड, मध्य भारत के उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने सिनेमा कला, समाज सेवा और व्यवसाय में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन काम किया होता है। अविनाश त्रिपाठी को यह पुरस्कार प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका और भारत रत्न बिस्मिल्लाह खान की सुपुत्री पद्मश्री सोमा घोष, प्रसिद्ध व्यवसाई श्याम सिंघानिया, एविएशन कंपनी के मालिक ए डी मानिक और राजेश श्रीवास्तव ने दिया। अविनाश पिछले 20 वर्षों से शॉर्ट फिल्म बनाने का कार्य कर रहे हैं और उन्होंने भारत में सबसे ज्यादा शॉर्ट फिल्म (750) बनाने का अनोखा कीर्तिमान भी बनाया है। अविनाश कई बड़े प्रोडक्शन हाउस कॉर्पोरेट के लिए स्क्रिप्ट के साथ गीत भी लिख रहे हैं। अविनाश पूर्व में दूरदर्शन के न्यूज़ एंकर और एमिटी यूनिवर्सिटी में सिनेमा प्राध्यापक भी रहे हैं। अविनाश बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह की जूरी और एडवाइजर भी हैं और साथ ही साथ इंटरनेशनल आर्ट कल्चर और सिनेमा के फाउंडर डायरेक्टर भी हैं। अविनाश की प्रतिभा को देखते हुए शास्त्रीय गायक का सोमा घोष उन्हें आज के दौर का बेहतरीन लेखक और शायर बताया। पुरस्कार के बाद अविनाश ने कार्यक्रम के आयोजक विष्णु मिश्रा तथा सभी जूरी मेंबर का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान विवि के दीक्षांत समारोह पर लगा कोरोना का ग्रहण

## 8 जनवरी को ऑनलाइन मोड में होगा आयोजन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय 8 जनवरी को अपना 75वां स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। इस समारोह को लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। लेकिन जयपुर में बढ़ते कोरोना प्रकोप के चलते नई गाइड लाइन जारी करते हुए समारोह में शामिल होने वाले लोगों की क्षमता 100 निर्धारित की गई है। जिसके बाद राज्यपाल कलराज मिश्र की ओर से कार्यक्रम को ऑनलाइन मोड पर आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए है। ऐसे में अब 8 जनवरी को आयोजित होने वाला 75वां स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

दरअसल, राजधानी में कोरोना दोगुना स्पीड से बढ़ रहा है। सोमवार को 24 घंटे में जयपुर में 414 केस मिले हैं। रविवार को 224 नए मरीज मिले थे। 7 महीने बाद 400 से ज्यादा केस सामने आए हैं। इससे पहले 30 मई को 601 मरीज एक दिन में मिले थे। राजस्थान विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने बताया कि 8 जनवरी को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह और 75वें स्थापना दिवस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इसके लिए विश्व विद्यालय द्वारा निमंत्रण पत्र भी प्रिंट करा लिए गए थे। लेकिन सरकार की ओर से नई गाइड लाइन जारी होने के बाद राज्यपाल की ओर से कार्यक्रम को ऑनलाइन मोड पर आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि राजस्थान विश्व विद्यालय में आयोजित होने वाले इस दीक्षांत समारोह में इस साल 1 लाख 53 हजार डिग्री, 3 डिलीट की उपाधि, 472 पीएचडी की उपाधि सहित 117 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल का वितरण किया जाना है। जिसमें अब राज्यपाल कलराज मिश्र, उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। वहीं सभी विद्यार्थी भी ऑनलाइन ही शामिल होंगे। जबकि यूनिवर्सिटी कुलपति सहित अधिकारी कार्यक्रम से ऑफलाइन मोड से जुड़ेंगे।

ANCHOR संचालन

## शेखावाटी में आज से होगा इलेक्ट्रिक ट्रेक का सीआरएस, जल्द दौड़ेगी बिजली से ट्रेन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सीकर।** शेखावाटी में अब जल्द बिजली की ट्रेन दौड़ेगी। इंजन के सफल ट्रायल के बाद रींगस से सीकर और झुंझुनूं ट्रेक का रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमंडल (सीआरएस) पांच और छह जनवरी को निरीक्षण करेंगे। सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद इस ट्रेक पर इलेक्ट्रीक रेल चलने का रास्ता साफ हो जाएगा। सीआरएस का कार्यक्रम आने के बाद उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम ने सोमवार को सीकर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हालांकि डीआरएम के दौरे के दौरान रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी भी भोगनी पड़ी।

### नौ डिब्बो की विशेष ट्रेन से आएंगे सीआरएस

**पश्चिम** परिमंडल के सीआरएस नौ विशेष डिब्बों की इलेक्ट्रीक ट्रेन से सीकर आएंगे। रेलवे को मिले कार्यर म के अनुसार सीआरएस बुधवार पांच जनवरी को सुबह पौने दस बजे मुंबई से जयपुर पहुंचेंगे। दस बजे वहां से रवाना होकर 11 बजे रींगस पहुंचेगे। इसके बाद रींगस से सीकर तक इलेक्ट्रीक ट्रेक का निरीक्षण करेंगे। छह जनवरी को सीकर से झुंझुनूं तक ट्रेक का निरीक्षण करने के बाद सात जनवरी को मुंबई के लिए रवाना होंगे।



### सफल रहा इंजन का ट्रायल

**रींगस** से झुंझुनूं के मध्य इलेक्ट्रिक इंजन का सफलता रहा। इलेक्ट्रिक इंजन गत तड़के रींगस से झुंझुनूं के बीच दौड़ाया गया। तड़के 4.12 बजे रींगस स्टेशन से रवाना इंजन झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर सुबह 5.54 बजे पहुंचा। रींगस से झुंझुनूं पहुंचने में इस इंजन ने करीब एक घंटा और 42 मिनट का समय लिया। सीआरएस होने के बाद रींगस से झुंझुनूं के मध्य जल्द इलेक्ट्रिक ट्रेन चलने लगेंगी। जयपुर से रींगस तक रेल मार्ग का पहले ही विद्युतीकरण हो चुका है। झुंझुनूं से लोहारू रेल मार्ग पर विद्युतीकरण का काम चल रहा है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि सीआरएस होने के बाद मार्च माह तक ट्रेक पर बिजली से रेल का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके बाद इस ट्रेक पर लम्बी दूरी की गाड़ियों का संचालन होगा, जिससे क्षेत्र के प्रवासी नागरिकों के साथ सैनिकों को बड़ा फायदा होगा।

# पर्यावरण प्रेमी अनोप भाम्बु के प्रकृति प्रेम का है हर कोई मुरीद

## अब तक लगा चुके हैं सैकड़ो पौधे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** आज जब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और हरियाली को लोग तरस रहे हैं। जंगल धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं बड़े शहरों में तो हालात यह है कि पौधे लगाने के लिए जगह तलाश करनी पड़ती है। ऐसे दौर में राजस्थान के जोधपुर निवासी अनोप भाम्बु के प्रकृति प्रेम का अनूठा जज्बा है । पर्यावरण एवं हरियाली से उन्हें इतना लगाव है कि वे जहां भी पौधों को लगाने के लिए जगह देखते हैं वहां पौधे लगाने की ठान लेते हैं। अब तक उन्होंने विद्यालय, गांव, मंदिर, घर-घर विभिन्न प्रजाति के छायादार, फूलदार और औषधीय प्रकृति के सैकड़ों पौधे लगा चुके हैं।

भाम्बु ने बताया कि गांवों में कई जगह मैंने पौधे लगाए। वे आज बड़े हो चुके हैं। पौधों को बड़े होते देखकर खुशी होती है।

पौधों की देखरेख करने के लिए पेड़ मित्र बनाकर संरक्षण एव संवर्धन का दायित्व सौंपने का कार्य भी किया जा रहा है। मेहमान बनकर कहीं जाना है तो भी पौधे साथ ले जाते है और रोपण करवाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित और जागरूक करते हैं। पर्यावरण प्रेमी भाम्बु का कहना है कि पदश्री हिमताराम भाम्बु व पर्यावरणविद श्याम सुंदर ज्याणी उनके प्रेरणा स्रोत हैं। पर्यावरण संरक्षण का कार्य दोनों की प्रेरणा से ही संभव हो रहा है। इस कार्य के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। प्रकृति प्रेमी होने से वे लोगों के बीच पर्यावरण प्रेमी, वृक्ष मित्र के रूप में पहचाने जाते हैं।

**पीएम मोदी का विपक्ष पर निशाना:** इंफाल में 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की 22 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# कुछ लोग मणिपुर को फिर अस्थिर करना चाहते हैं, लेकिन मणिपुर के लोग ऐसा नहीं होने देंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**इंफाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी मंगलवार को इंफाल में 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की 22 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने मणिपुर और त्रिपुरा के दौरे की शुरुआत आज इंफाल से की है यहां उन्होंने 4,800 करोड़ रुपये की 22 परियोजनाओं की शुरुआत की इस दौरान उन्होंने कहा, अब से कुछ दिन बाद 21 जनवरी को मणिपुर को राज्य का दर्जा मिले, 50 साल पूरे हो जाएंगे देश इस समय अपनी आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव भी मना रहा है ये समय अपने आप में बहुत बड़ी प्रेरणा है।


पीएम मोदी इस दौरे के दौरान अगरतला में महाराजा बीर बिक्रम हवाईअड्डे पर नई एकीकृत टर्मिनल इमारत का उद्घाटन करेंगे और दो अहम विकास योजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे मणिपुर में पीएम मोदी 1,850 करोड़ रुपये की 13 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और 2,950 करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं की नींव रखेंगे ये परियोजनाएं सड़क बुनियादी ढांचा, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शहरी विकास, आवासीय, सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और कला एवं संस्कृति समेत विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### महाराजा बीर बिक्र म एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल भवन का हुआ उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगरतला में महाराजा बीर बिक्र म एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल भवन का आज उद्घाटन किया इस दौरान उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब भी मौजूद रहे।

### अगरतला में पीएम मोदी ने लिया एयरपोर्ट के टर्मिनल का जायजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगरतला में महाराजा बीर बिक्र म (एमबीबी) हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का जायजा लिया इस दौरान उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब भी मौजूद रहे।



### कुछ लोग मणिपुर को करना चाहते हैं अस्थिर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ लोग सत्ता पाने के लिए मणिपुर को फिर से अस्थिर करना चाहते हैं। ये लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कब उन्हें मौका मिले और कब वो अशांति का खेल खेलें। लेकिन मणिपुर के लोग इन्हें पहचान चुके हैं। मणिपुर के लोग यहां का विकास रुकने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, आज डबल इंजन की सरकार के निरंतर प्रयास की वजह से इस क्षेत्र में उग्रवाद और असुरक्षा की आग नहीं है, बल्कि शांति और विकास की रोशनी है। पूरे नॉर्थ ईस्ट में सैकड़ों नौजवान, हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। जिन समझौतों का दशकों से इंतजार था, हमारी सरकार ने वो ऐतिहासिक समझौते भी करके दिखाए हैं। मणिपुर ब्लॉकेड स्टेट से इंटरनेशनल ट्रेड के लिए रास्ते देने वाला स्टेट बन गया है।

### एक नायाब रत्न देने वाला राज्य है मणिपुर

प्रधानमंत्री ने कहा, मणिपुर देश के लिए एक से एक नायाब रत्न देने वाला राज्य रहा है। यहां के युवाओं ने और विशेषकर मणिपुर की बेटियों ने पूरी दुनिया में भारत का झण्डा उठाया है, गर्व से देश का सर ऊंचा किया है। विशेषकर आज देश के नौजवान, मणिपुर के खिलाड़ियों से प्रेरणा ले रहे हैं।

### सड़कों के न होने से लोग पहुंच नहीं पाते थे

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, यहां नेशनल हाईवे पर भी तेजी से काम हो रहा है और पीएम ग्राम सड़क योजना से गांवों में सड़कें बन रही हैं। पहले लोग पूर्वोत्तर आना चाहते थे, लेकिन यहां पहुंचेंगे कैसे, ये सोचकर ही रुक जाते थे। इससे यहां के पर्यटन क्षेत्र को बहुत नुकसान होता था। लेकिन अब पूर्वोत्तर के शहर ही नहीं, बल्कि गांवों तक पहुंचना भी आसान हो रहा है।

### पहले की सरकारों की नीति थी- ईस्ट की तरफ मत देखो

उन्होंने कहा, मैं जब प्रधानमंत्री नहीं बना था, उससे पहले भी अनेकों बार मणिपुर आया था। मैं जानता था कि आपके दिल में किस बात का दर्द है। इसलिए 2014 के बाद मैं दिल्ली को, भारत सरकार को आपके दरवाजे पर लेकर आ गया। आज हमारी सरकार की 7 वर्षों की मेहनत पूरे नॉर्थईस्ट में दिख रही है, मणिपुर में दिख रही है। आज मणिपुर बदलाव और एक नई कार्यसंस्कृति का प्रतीक बन रहा है।

ये बदलाव हैं- मणिपुर के कल्चर के लिए, सुरक्षा के लिए। इसमें कनेक्टिविटी को भी प्राथमिकता है, रि एटिविटी का भी उतना ही महत्व है। नॉर्थईस्ट को लेकर पहले की सरकारों की पॉलिसी तय थी। वो पॉलिसी थी ड्ड ईस्ट की तरफ मत देखो। पूर्वोत्तर की तरफ दिल्ली से तभी देखा जाता था जब यहां चुनाव होते थे।

### 'आपके एक वोट से बदली सूरत'

पीएम मोदी ने कहा, आज जिन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, उनके साथ ही मैं आज मणिपुर के लोगों का फिर से धन्यवाद भी करूंगा। आपने मणिपुर में ऐसी स्थिर सरकार बनाई जो पूरे बहुमत से, पूरे दमखम से चल रही है। ये आपके एक वोट के कारण हुआ। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत पहल के तहत 4.25 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। आपने वोट देकर 1.5 लाख घरों को मुफ्त गैस कनेक्शन और 1.3 लाख घरों में मुफ्त बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किया है। आपने सुनिश्चित किया है कि राज्य में 30,000 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं।

### 'नए भारत के सपने पूरे करने का प्रवेश द्वार बन रहा नॉर्थ ईस्ट'

देश के लोगों में आजादी का जो विश्वास, यहां मोइरांग की धरती ने पैदा किया वो अपने आप में एक मिसाल है। जहां नेताजी सुभाष की सेना ने पहली बार झंडा फहराया, जिस नॉर्थ ईस्ट को नेताजी ने भारत की स्वतन्त्रता का प्रवेश द्वार कहा, वो नए भारत के सपने पूरे करने का प्रवेश द्वार बन रहा है।

### जल जीवन मिशन से 60 फीसदी घरों तक पहुंचा पानी

प्रधानमंत्री ने कहा, बराक रिवर ब्रिज मणिपुर राज्य के लिए एक नई जीवन रेखा और एक नया ऑल वेदर कनेक्टिविटी चैनल है। थौबल बहुउद्देशीय परियोजना और तामेंगलोंग जलापूर्ति योजना इस क्षेत्र के सभी लोगों के लिए स्वच्छ पेय उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा, कुछ वर्षों तक, मणिपुर के केवल 6 प्रतिशत लोगों को उनके घरों में पाइप से पानी मिलता था। जल जीवन मिशन कार्यर म की मदद से आज वह नेटवर्क 60% तक पहुंच गया है।

### 'मणियों की माला से जीवन बनेगा आसान'

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, इंफाल का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर न केवल शहर की सुरक्षा में सुधार करेगा, बल्कि सुविधाओं में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा, देश का पूर्वी हिस्सा भारत के विकास का प्रमुख स्रोत बनेगा। आज मणिपुर और नॉर्थ ईस्ट भारत के भविष्य में नए रंग भर रहा है। आज यहां एक साथ इतनी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकास की इन मणियों की माला से यहां के लोगों का जीवन आसान बनेगा।

### 22 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफाल में 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की 22 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# बिजली के तारों की समस्या समाधान हेतु पार्षद ने दिया ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** वार्ड संख्या 14 के पार्षद महेंद्र कुमावत ने वार्ड से गुजर बिजली की लाइनों के कारण हो रही परेशानी के समाधान के लिए अधिशासी अभियंता केके पारीक को ज्ञापन सौंपकर इनके निराकरण की मांग की है। पार्षद कुमावत ने ज्ञापन में बताया कि कॉलोनी को बसे काफी टाइम हो गया रोड लेवल भी ऊंचा आ गया है, किंतु बिजली के पोल व उन पर लगे तार ऊंचे नहीं किए गए हैं। जिस कारण स्कूल बस, पानी के टैंकर आदि के गुजरते समय भी बिजली के तार टच करने का अंदेशा रहता है। कई बार लोगों का नुकसान भी हो चुका है। इसी प्रकार घरों के पास से गुजर के रही विद्युत लाइनों को भी घरों से दूर करवाया जाए ,इसके लिए होने वाले खर्चे को भी मकान मालिक वहन करने को तैयार है। पार्षद कुमावत ने जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग ज्ञापन के माध्यम से की है।

# आकाशवाणी की राजस्थानी वेबसाइट का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने आकाशवाणी समाचार, जयपुर की राजस्थानी वेबसाइट का मंगलवार को यहां राजभवन में कंप्यूटर का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रादेशिक भाषा और संस्कृति के संदर्भ में राजस्थान के निवासियों के लिए ऑनलाइन यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इसके लिए बधाई दी। आकाशवाणी समाचार जयपुर के उप महानिदेशक मयंक कुमार ने बताया कि राजस्थानी में समाचार की यह पहली वेबसाइट है। राजस्थान में प्रमुख समाचारों को राजस्थानी में प्रसारण के साथ वेबसाइट पर भी देने की इससे पहल हुई है। इस दौरान आकाशवाणी जयपुर के उप निदेशक (समाचार) रामखिलाड़ी मीणा, संवाददाता जितेंद्र द्विवेदी और वरिष्ठ समाचार वाचक शीला चावला और राजस्थानी समाचार वाचक सुदर्शन नाहर उपस्थित रहे।

# रामदेव पशु मेला 2 फरवरी से, तैयारियां करने के दिए निर्देश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

### एडीएम ने कहा - खाद्य सुरक्षा का लाभ लेने वाले सरकारी कार्मिको से करें वसूली

**नागौर।** कलक्ट्रेट सभागार में तिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों से कार्य की प्रगति रिपोर्ट लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में एडीएम ने आबकारी अधिकारी को अवैध शराब व अवैध गांजा की बिक्री पर कार्यवाही करने तथा रात्रि 8 बजे बाद शराब की दुकानें खुली रहने पर उचित कार्रवाई अमल में लानें के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 2 फरवरी से आयोजित होने वाले रामदेव पशु मेले के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। साथ ही मैला मैदान में चारदीवारी बनवाने, पंचायत समिति पर नन्दीशाला स्थापित करवाने के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने, बेसहारा पशुओं के टैग लगाकर एनाफ साइट पर अपडेट करने के निर्देश दिए। एडीएम ने संख्यिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए ब्लॉक ऑफिस पर पैंडिंग जनआधार कार्डो का निस्तारण करवाते हुए पेंडेन्सी शून्य करने तथा जनगणना का पूरा प्रचार-प्रसार करवाकर लोगो की भ्रान्तियां दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में लीड बैंक अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बीसी स्थापित करवाने, स्कूलों में इंसिनेटर एवं आईसीटी लेब बनवाने, विभिन्न योजनाओं के लंबित आवेदनों का निस्तारण करवाने, जिला परिषद कार्यालय, नागौर एवं प्रत्येक पंचायत समिति कार्यालय में एक-एक एटीएम लगवाने, फसल बीमा से संबंधित इंश्योरेंस कंपनी के जितने भी प्रकरण हैं, उनका निस्तारण करवाने तथा जिला खेल मैदान नागौर में एटीएम हब बनवाने के निर्देश दिए।

# नव वर्ष मिलन समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** शहर के शिव वाटिका गढ़ गणेश मंदिर परिसर में रेडीमेड वस्त्र व होजरी व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यापारियों में एकता होना बहुत जरूरी है सबको साथ लेकर चलना ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है कठिन परिस्थितियों में सभी को एकता का परिचय देना चाहिए। अध्यक्ष महेंद्र कुमार विजय ने बताया कि कार्यकारिणी में प्रह्लाद सहाय व किशनलाल को महामंत्री अशोक रेवड़का व भरत अग्रवाल को मंत्री मनीष अग्रवाल व राज कुमार कुमावत को उपाध्यक्ष रामअवतार मोदी व महेश गोरा को संगठन मंत्री करुणानिधि को कोषाध्यक्ष बाबू लाल बराला को मीडिया प्रभारी बनाया गया है इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी का अभिनंदन वह शपथ ग्रहण करवाई गई।

# विधायक रामलाल ने वैक्सीनेशन अभियान का किया शुभारंभ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूँ।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूँ में विधायक रामलाल शर्मा ने वैक्सीनेशन अभियान के द्वितीय फेज में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। विधायक रामलाल शर्मा ने राजकीय विद्यालय पहुंचकर उपस्थित चिकित्सकों से क्षेत्र में चलाए जा रहे वैक्सीनेशन अभियान की विस्तृत जानकारी ली। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में टीकाकरण अभियान ने कीर्तिमान रचा है और अब केंद्र सरकार द्वारा 15 से 18 वर्ष के बच्चों की वैक्सीन उपलब्ध करवाकर बच्चों को कोरोना महामारी से बचाने का प्रयास किया है। उन्होंने इसके लिए नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने बढ़ती कोरोना महामारी पर चिंता जताते हुए लोगों से इसके बचाव के लिए मास्क लगाने की अपील की और टीकाकरण कराने से वंचित रहे लोगों से जल्द वैक्सीन की दोनों खुराक लेने की भी अपील की।

# भैरूजी के पोषबडों का हुआ आयोजन



**चौमू @ जागरूक जनता।** बस स्टैंड मोरिजा तिराहे पर स्थित भैरूजी मंदिर में रविवार को पोषबडो का आयोजन हुआ। पोषबड़ों के आयोजन में लोगों में प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी में लोगों को हलुवा व पोषबडो का प्रसाद वितरित किया।

ANCHOR

**प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

# सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** सावित्री बाई फुले जयंती पर महात्मा ज्योतिराव फूले विकास संस्थान चोमू के तत्वाधान में एवम पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य आथित्य मे सैनी सभा भवन पर 3 जनवरी दोहपहर बाद आयोजित प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह जिसमे दिनांक 25 दिसंबर को संस्थान द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता में चयनित श्रेणी I,II,III प्रतिभाओं का एवं सत्र 2019-2020 व 2020-2021की प्रतियोगी परीक्षाओं, UPSC, RPSC, SSC, NEET, IIT, JEE, AIEE, RJS, CA व अध्यापक ग्रेड I,II,III तथा खेल कूद में चयनित अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर के चयनित खिलाड़ियों का सम्मान माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। समारोह के विशिष्ठ अतिथि चोमू नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी एवम डॉक्टर भगवान सहाय सैनी ( सैनी अस्पताल, चोमू) रहे। इस अवसर पर सावत्रि बाई फुले व महात्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीपज्वलित कर मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों द्वारा समारोह का शुभारंभ किया गया। मुख्य परीक्षा नियंत्रक मदन लाल मलेरिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्थान के संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया एवं सम्पूर्ण कार्यकारिणी द्वारा पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी नगरपालिका चेयरमैन, विष्णु कुमार सैनी ,दिनेश कुमार सैनी,अध्यक्ष माली विकास समिति व सायर मल तंवर, अध्यक्ष, भवन निर्माण कमेटी का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा, शाल व माला पहनाकर प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर पूर्व विधायक, चेयरमैन, संस्थान के पदाधिकारियों व मंचासिन सभी महमानो द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने विजेता छात्र छात्राओं व अन्य प्रतिभागियों को बधाई दी, तथा संस्थान द्वारा आयोजित इस तरह के कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में इस कार्य को जारी रखने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष ने भी बच्चों को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की बात कहा। इस अवसर पर संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने बताया की ऐसे आयोजन में सम्मान करने से गांव एवम् ढाणियों में छुपी हुई प्रतिभावो में निखार आता है। संस्थान अध्यक्ष द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया, तथा मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अनिल कुमार सैनी ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज कुमार कांकरवाल, ओम भगत परीक्षा संयोजक रामेश्वर लाल सिंगोदिया, मदन लाल मलेरिया,अर्जुन लाल सिंगोदिया, सुवा लाल सिंगोदिय, डॉक्टर मान प्रकाश, डॉक्टर सोहन लाल सैनी, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया, कैलाश राज सैनी, ष्ढ्स्त्र, पूर्व चेयरमैननानू राम तंवर, गोविंद नारायण सैनी, कालू राम सांखला, रामचंद्र सैनी, राम चंद्र टुंडवाल, राम चंद्र फडिया, राधेश्याम तंवर, छीतर मल बबेरवाल, हीरा लाल जादम, हीरा लाल पंच्या,सीता राम चंदोलिया,लाला राम,प्रभाती लाल सेक्रेटरी, झु था लाल तंवर, बाबू लाल तंवर, महेश तंवर, रमेश तंवर, सुंदर लाल तंवर, नाथू लाल, ननछु बिस्लानिया, रामावतार सैनी, मैडम सरोज तंवर, हनुमान सहाय श्व्हृद्ध, राकेश सैनी, राम चंद्र सैनी, धन्ना लाल बागड़ी, प्रभाती लाल तंवर,बाबू लाल बांस, कन्हैया लाल इटावा, निरंजन सैनी, चंद्र प्रकाश इंदौर,धीरेंद्र सैनी, बाबू लाल पार्षद, बिरधी चन्द एडवोकेट,रामोतार सैनी, लाला राम सैनी आदि उपस्थित रहे।

# लुई-ब्रेल की 213वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** लुई ब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान द्वारा दृष्टिहीनों के लिए ज्ञान का द्वार खोलने वाले ब्रेल लिपि के जन्मदाता प्रेरणापुंज लुई-ब्रेल की 213वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के बढ़ारणा स्थित श्री सेवाधाम भवन में लुई ब्रेल जयंती समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि चौमूं एसीपी राजेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए राजेन्द्र सिंह ने कहा कि गरीबों एवं जरूरतमंद की सेवा से जितनी आत्मिक शान्ति मिलती हैं उतनी संतुष्टि दुनिया की किसी भी धन दौलत से नहीं मिलती। समारोह की अध्यक्षता ओसवाल सोप ग्रुप के डायरेक्टर यतेन्द्र जैन ने की। संस्थान के सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ने लुई ब्रेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह में दृष्टिहीन विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## जागरूक खबरें

### पंचायत समिति की साधारण बैठक 13 जनवरी को

**जालोर @ जागरूक जनता।** पंचायत समिति जालोर की साधारण सभा की बैठक 13 जनवरी को आयेजित की जायेगी। जालोर पंचायत समिति के विकास अधिकारी सांवलाराम ने बताया कि पंचायत समिति जालोर की साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति के प्रधान की अध्यक्षता में 13 जनवरी, गुरूवार को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति के सभा भवन में आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि बैठक में पेयजल, विधुत, चिकित्सा विभाग एवं मौसमी बीमारियों, सार्वजानिक निर्माण विभाग, कृषि विभाग योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, मनरेगा एवं सहित अन्य विभागों से सम्बंधित विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट-2022 का आयोजन 6 जनवरी को

**जालोर @ जागरूक जनता।** जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट-2022 का आयोजन जिला प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई की उपस्थिति में 6 जनवरी, गुरूवार को प्रातः 11 बजे सवेरा होटल एवं रिसोर्ट, कतरासन केशवना रोड, जालोर में किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबन्धक संग्राम राम देवासी ने बताया कि जिले में नवीन निवेशकों एवं वर्तमान में कार्यरत इकाईयों के विस्तार के लिए निवेश करने वाली औद्योगिक इकाई, सेवा क्षेत्र इकाई एवं अन्य व्यापारिक इकाईयां जो जिले में निवेश करना चाहती है उनके द्वारा शिलान्यास, उद्घाटन, एमओयू एवं एलओआई इत्यादि का सम्पादन इस कार्यर् म में किया जाएगा। उन्होंने जिले के नवीन निवेशकों, उद्योग संघों, व्यापारिक संघों एवं सीए एसोसिएशन से अपील की है वे जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करें।

### उप अधीक्षक चोपड़ा ने किया पदभार ग्रहण



**जालोर @ जागरूक जनता।** भीनमाल के नवनियुक्त पुलिस उप अधीक्षक सीमा चोपड़ा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया, चोपड़ा ने भीनमाल वृत क्षेत्र की भौगोलिक हालात, अपराध की प्रकृति व रोकथाम को लेकर पुलिस के प्रयासों के बारे में जानकारी ली ।

### राजस्व विभाग की पत्रावली खारिज करने पर विवाद, वकील के खिलाफ मामला दर्ज

**जालोर @ जागरूक जनता।** साँचोर एसडीएम के ऑफिस जाकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने तोड़फोड़ की। राजस्व विभाग की पत्रावली खारिज करने से नाराज वकील ने अभद्र व्यवहार किया। एसडीएम ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सांचौर एसडीएम ओम प्रकाश ने वकील के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। एसडीएम ने बताया कि सोमवार सुबह ऑफिस में वकील सतराम बिश्नोई अपने साथियों के साथा आया। राजस्व विभाग की पत्रावली खारिज करने पर झगड़ा करने लगा। आधे घंटे तक उसने हंगामा किया। इस दौरान टेबल पर पेपर वेट को मारकर कांच तोड़ा। गाली-गलौच कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। फैसला वापस लेने की धमकी देकर चला गया। मामले में एसडीएम ने राजकार्य में बांधा डालने, गाली गलौच करने, सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया है।

### भीनमाल उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा



**जालोर @ जागरूक जनता।** सांचौर एसडीएम के ऑफिस जाकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने तोड़फोड़ की। राजस्व विभाग की पत्रावली खारिज करने से नाराज वकील ने अभद्र व्यवहार किया। को मामले को लेकर उपखण्ड अधिकारी को भीनमाल में ज्ञापन सौपा , ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड सांचोर में सोमवार को कार्यालय समय में उपखण्ड कार्यालय सांचोर में उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश माचरा द्वारा न्यायिक एवं राजकीय कार्य करते समय अधिवक्ता सदराम विश्नोई द्वारा राजकीय कार्य में बाधा, अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौच, धमकियां देते हुए उपखण्ड कार्यालय में तोड़ - फोड की गई एवं न्यायालय की पत्रावली को उपखण्ड अधिकारी के हाथ से छिन कर फाडा गया । इस कृत्य की राजस्व सेवा परिषद उपशाखा भीनमाल घोर निंदा करते हुए अधिवक्ता सदराम विश्नोई के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही कर सनद खारिज की कड़ी कार्यवाही की पुरजोर मांग करती है । यदि दोषी अधिवक्ता के खिलाफ अविलंब सख्त कार्यवाही नहीं की जाती है तो राजस्व सेवा परिषद उपशाखा भीनमाल को मजबूरन आदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। जिसकी समस्त जवाबदेही राजस्थान सरकार की रहेगी । इस अवसर पर पटवारी और उपखण्ड अधिकारी भंवर सिंह, सुमेर सिंह, अशोक कुमार उपखण्ड, सुरेश कुमार मंगीलाल विश्नाई सहित अन्य मौजुद थें ।

### पोष बड़ा प्रसादी का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्वेज फार्म स्थित कारेश्वर महादेव मंदिर में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया ,मंदिर मे शिव परिवार व श्री इच्छा पूर्ण हनुमान जी की विशेष झांकिया व पोष बड़े का भोग लगाया गया मंदिर मै सोशल डीस्तानसिंग मास्क की पालना करते हुए प्रसाद वितरित किया गया ,पंडित मनोहर शास्त्री जी ,कपिल शर्मा हेमराज कुमावत ,डॉ सुमित तिवाड़ी विनोद सैनी, दिनेश सैनी, विवेक वैष्णव ,भवानी शंकर शर्मा व गुलशन सैनी, हरीश शर्मा ,समीर सैनी व समिति के सभी सदस्य और भक्तजन उपस्थित रहे ।

### जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** समाजसेवी सी.के. ग्रुप के डायरेक्टर वसीम खान के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को उदयपुर रोड़ स्थित सी.के.गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में चित्तौड़गढ़ सांवलिया अस्पताल से आई रक्त संग्रहन टीम द्वारा कुल 60 यूनिट रक्त संग्रहन किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस अवसर पर सी.के. ग्रुप के डायरेक्टर इमरान खान, सद्दाम खान,वसीम खान, अशरफ खान, कय्यूम खान, आजम खान, कुलदीप नाहर, भोपाल सिंह बोडाना,शाजेब खान, लियाकत मंसूरी, अफसर मेव,अब्दुल हक, अशरफ मेव आदि मौजूद थे।

---

**कोरोना : 7 महीने बाद 1000 से ज्यादा केस**

# जयपुर में 745 संक्रमित, 1 मौत, 15 से ज्यादा इलाके हॉटस्पॉट; जोधपुर में 185 पॉजिटिव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सरकार भले न माने लेकिन कोरोना की तीसरी लहर कहर बनकर आ चुकी है। 7 महीने के बाद राजस्थान में 24 घंटे में कोरोना के 1 हजार से ज्यादा मरीज मिले हैं। इससे पहले 4 जून 2021 को 1 हजार से ज्यादा केस आए थे। मंगलवार को राजस्थान में 1137 केस आए हैं। वहीं अकेले जयपुर में 24 घंटे में 745 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। जयपुर में कोरोना से 1 मौत भी हो गई। इसके अलावा जोधपुर में 185, अजमेर में 43, अलवर में 39, बाड़मेर में 2, भरतपुर में 20, भीलवाड़ा में 21, बीकानेर में 12, चित्तौड़गढ़ में 7, दौसा में 1, धौलपुर में 1, गंगानगर में 7, कोटा में 31, सीकर में 2, सिरोही में 2, टोंक में 2, उदयपुर में 9 केस सामने आए है। राहत की बात यह है कि बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, चुरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, राजसमंद, सवाईमाधोपुर में एक भी केस नहीं मिला।

#### आरयूएचएस में दो दिन में भर्ती मरीजों की संख्या 4 गुना से ज्यादा हुई

कोरोना के बढ़ते केसों के साथ अब हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। प्रदेश के सबसे बड़े कोविड केयर हॉस्पिटल राजस्थान स्वास्थ्य एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में दो दिन के अंदर भर्ती मरीजों की संख्या 4 गुना से भी ज्यादा हो गई। 2 जनवरी तक जहां RUHS में भर्ती मरीजों की संख्या 10 से भी कम थी वह बढ़कर अब 40 के नजदीक हो गई है। हालांकि इसमें ज्यादातर मामले ऑमिक्रॉन के आइसोलेशन वाले हैं। जिनकी पिछले दिनों जीनोम सिक्वेंसिंग में रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी।

#### केस बढ़ने की वजह न्यू ईयर सेलिब्रेशन!

**जयपुर** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रमन शर्मा की मानें तो केस बढ़ने की वजह न्यू ईयर का सेलिब्रेशन हो सकता है। क्योंकि अमेरिका, यूके में क्रिसमस के 2 दिन बाद ही केस जस्ट डबल आने लगे थे। वही ट्रेंड यहां देखने को मिल रहा है। ओमिक्रॉन का इंक्यूबेशन पीरियड 2-3 दिन का है, जबकि यही डेल्टा वैरिएंट होता तो यह केस 6-7 दिन बाद सामने आते।

#### 7 दिन में 1700 से ज्यादा मरीज मिले

जयपुर में पिछले 7 दिन की रिपोर्ट देखे तो 1700 से ज्यादा मरीज मिल चुके है। वहीं 4 दिन में केसों की संख्या 5 गुना तक बढ़ गई है। 31 दिसंबर को जयपुर में 98 केस मिले थे, जो अब बढ़कर 500 के पार हो गए।

#### 11 पॉजिटिव का एड्रेस नहीं मिला

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जयपुर में मंगलवार को 22 गोदाम में 2, आदर्श नगर में 31, अग्रवाल फार्म में 9, अजमेर रोड पर 16, अंबाबाड़ी में 4, आमेर में 4, आमेर रोड 1, बगरू में 3, बजाज नगर में 1, बनीपार्क में 27, बरकत नगर में 6, बस्सी में 1, बीलवा में 2, भांकरोटा में 1, ब्रह्मपुरी में 3, सेंट्रल जेल घाटगेट में 10, चांदपोल में 8, चौड़ा रास्ता में 2, सिविल लाइंस में 12, सीस्कीम में 24, दुर्गापुरा में 7, गलतागेट में 3, गांधी नगर में 11, घाटगेट में 3, गोपालपुरा में 11, गोविंदगढ़ में 1, हरमाड़ा में 1, गुर्जर की थड़ी में 1, हसनपुरा में 3, इंदिरा गांधी नगर में 13 संर् मित मिले। इसके अलावा जगतपुरा में 18, जमवारामगढ़ में 1, जवाहर नगर में 18, झालाना में 13, झोटवाड़ा में 25, जेएलएन मार्ग पर 15, जौहरी बाजार में 9, खातीपुरा में 1, खोनागोरियान में 1, किरण पथ में 10, किशनपोल बाजार में 2, कोटपूतली में 2, लालकोठी में 1, लूणियावास में 2, महेश नगर में 8, मालवीय नगर में 24, मानसरोवर में 20, एमडी रोड पर 8, एमआई रोड पर 2, मुरलीपुरा में 4, पत्रकार कॉलोनी में 7, फागी में 1 मरीज मिले। प्रताप नगर में 13, पुरानी बस्ती में 2, राजापार्क में 10, रामबाग में 1, रामगंज में 4, सांभर में 1, सांगानेर में 19, शास्त्री नगर में 36, सिरसी में 1, सीतापुरा में 13, एसएमएस अस्पताल में 6, सोढाला में 39, स्टेशन रोड पर 2, तिलक नगर में 23, टोंक फाटक में 11, टोंक रोड पर 38, त्रिवेणी नगर में 9, वैशाली नगर में 42, विद्याधर नगर में 28 पॉजिटिव मिले। साथ ही 11 संक्रमित ऐसे थे जिनके पते नहीं मिले।

---

**चित्तौड़गढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण पर प्रशासन गंभीर**

## कलक्टर ने ली जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक, अलर्ट रहने के आदेश



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** ज़िला कलक्टर ताराचंद मीणा ने मंगलवार को कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर सभी एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षकों, बीडीओ, बीसीएमओ आदि से संवाद किया। उन्होंने कोरोना गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने, अधिकाधिक वैक्सिनेशन करवाने, कोविड पॉज़िटिव को सख्ती से आइसोलेट करने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभिन्न वैवाहिक, सामाजिक, धार्मिक आदि आयोजनों में एसओपी की सख्त पालना हेतु कहा।

ज़िला कलक्टर मीणा ने सभी एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक, बीडीओ, बीसीएमओ को कहा कि वेक्सीन की कोई कमी नहीं है, इसलिए वंचित लोगों का शीघ्र वैक्सिनेशन करवाएं। कहा कि ज़िले में लगातार केस बढ़ रहे हैं, यह अलार्मिंग सिचुएशन है, हमें अत्यंत सतर्कता बरतने की जरूरत है। ज़िला कलक्टर ने कहा कि बढ़ते केस के मध्यनजर सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं, धर्मगुरुओं से संवाद करते रहें। दूसरी लहर के दौरान जो अनुभव हुए हैं, उससे सिख लेते हुए तैयारियां अभी से शुरु कर दें। उन्होंने कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट ओमिक्रोन बेहद तेजी से फैल रहा है, यह वेरिएंट आगे क्या रूप लेगा यह कोई नहीं कह सकता। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम स्तरीय समितियों को पुनः एक्टिवेट करें, अपने क्षेत्रों में मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग आदि की पालना करवाएं। मास्क को लेकर सख्ती चालू करें। कार्यालयों, प्रतिष्ठानों आदि में सोशल डिस्टनसिंग के लिए गोले बनवाएं। जहां लोग पॉज़िटिव आते हैं, वहां कंटेन्मेंट ज़ोन बनाएं एवं सख्त अनुपालन कराएं। कोरोना पॉज़िटिव को सख्ती से आइसोलेट करें एवं कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करें। आईएलआई लक्षण होने पर मरीज का कोविड टेस्ट करवाएं। उन्होंने कहा कि ज़िले के सभी ऑक्सीजन प्लांट को चेक करवा लें कि वह वर्किंग कंडीशन में है। बेड, पल्स ऑक्सिमीटर, ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर आदि संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

एडीएम द्वितीय ज्ञानमल खटीक ने राज्य सरकार की ओर से जारी एसओपी की कड़ी अनुपालन के निर्देश दिए। ज़िला कलक्टर ने चेक पोस्ट पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी हिम्मत सिंह देवल ने सभी पुलिस उपाधीक्षकों को गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वालों पर अभियान चला कर सख्त कार्रवाई शरू करने के निर्देश दिए। मास्क, सोशल डिस्टेंस आदि की पालना नहीं करने वालों के चालान बनाने हेतु कहा। नाइट कर्फ़्यू की अनिवार्यतः पालना करवाने हेतु कहा। सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में ज़िले में 24 एक्टिव केस हैं।

---

## अवेध शराब परिवहन, संग्रहण तथा उत्पादन की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग की कार्यवाही



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जालौर।** अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण तथा उत्पादन की रोकथाम के लियें आबकारी विभाग जालोर द्वारा चलाये जा रहे नियमित अभियान के दौरान मंगलवार कों पुलिस थाना चितलवाना के ग्राम रनोदर में अवेध शराब बनाने के उपकरण व स्प्रिट बरामद की गई।

जिला आबकारी अधिकारी देवेन्द्र दशोरा ने बताया कि कि जिले मे अवेध शराब के परिवहन संग्रहण तथा उत्पादन की रोकथाम के लिये नियमित अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि मंगलवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक वृत सांचोर व प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल सांचोर द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर ग्राम रनोदर पुलिस थाना चितलवाना में खेत में बने छपरेनुमा मकान से अवैध शराब बनाने के उपकरण व स्प्रिट बरामद किये गये। उन्होने बताया कि बरामद सामग्री में 50-50 लीटर के तीन ड्रम कुल 150 लीटर स्प्रिट (शोधित प्रासव), मैन्यूअल ढक्कन पेकिंग मशीन, 7 कागज के खुले कार्टुनो में 311 पव्वे धुंधरु देशी सादा नकली शराब, 22 पव्वे जी.एस.एम. के, 3 लीटर एसेंस फलेवर, अवैध शराब के पव्वां पर चिपकाने के लिये करीबन 6 हजार कागज के लेबल एवं 8 हजार ढक्कन बरामद किये है। उन्होने बताया कि अभियुक्त मौके से फरार हो गया तथा प्रकरण में राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 की धारा 16/54 व 19/54 के तहत कार्यवाही की गई है। उन्होने बताया कि इस कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक वृत सांचोर रमेश चौधरी, प्रहराधिकारी भगवान सिंह, चिमनाराम, हरीराम सिपाही मय आबकारी जाप्ता सांचोर शामिल थे।

---

**सिंचाई विभाग के खिलाफ किसानों में भारी आक्रोश**

## सिंचाई पानी के लिए अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**श्रीविजयनगर।** इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण में सिंचाई सुविधा जारी रखने की मांग को लेकर किसानों की ओर से श्रीविजयनगर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर आंदोलन की शुरुआत की गई। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों की ओर से अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

आंदोलन को लेकर किसानों की ओर से पूर्व में घोषणा की गई थी ऐसे में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किसान अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे जहां सभा का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के दौरान किसान नेता कामरेड श्योपत मेघवाल ने सिंचाई विभाग व राजस्थान सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए मेघवाल ने सरकार पर किसानों की फसल उजाड़ने का आरोप लगाया। किसान नेताओं का आरोप है कि किसानों की फसलें खेतों में पकाव की स्थिति में सिंचाई पानी नहीं मिलने के कारण वह बर्बाद हो जाएंगी ऐसे में किसान फसल को बचाने के लिए सिंचाई पानी की मांग कर रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि डैम में पर्याप्त पानी होने के बाद भी किसानों को सिंचाई पानी नहीं दिया जा रहा वहीं 6 अक्टूबर को किसान नेताओं व प्रशासन के बीच हुई वार्ता में सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया था डैम में 1339 फिट पानी होने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा विभाग की ओर से 12 जनवरी से केवल पेयजल की सुनिश्चित उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है। किसान नेताओं ने जल्द सुनवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की घोषणा की है।

किसानों की सुनवाई नहीं करने पर आक्रोशित किसानों ने स्थानीय प्रशासन व विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया कार्यक्रम में किसान नेता कॉमरेड श्योपत मेघवाल, सत्यप्रकाश सिहाग, पुग्गल नहर से खिराज जाखड़, भूपराम भाम्भू,किसान सभा तहसील अध्यक्ष गुरमीत सिंह कंडयारा,सचिव गुरसेवक ग्रेवाल, पृथ्वीराज बुडानिया, साहब सिंह, सुनील गोदारा,पार्षद भवानी पंवार, राकेश बिश्नोई, शोभासिंह ढिल्लों, राजू जाट,प्रकाश झुरिया, गुरविंद्र सिंह संधू,अमित कल्याणा, महेंद्र बुट्टर, हनुमान नायक, महेंद्र मेघवाल, माडूराम बावरी,बीकर सिंह, जगतार सिंह शेरगिल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित है।

---

**ट्रेकिंग ट्रेल बनने से ट्रेकिंग करने भी पहुंचेंगे सैलानी**

## मृग वन से मोहर मगरी तक बनेगी ज़िप लाइन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** त्याग, शौर्य, बलिदान और अपनी अनूठी विरासत के लिए विख्यात चित्तौड़गढ़ अब इको एण्ड एडवेंचर टूरिज्म के लिए भी पहचाना जाएगा। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा द्वारा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं।

मंगलवार को जिला कलक्टर ताराचंद मीणा, उप वन संरक्षक सुगना राम जाट, एसीएफ सेमीउल्लाह खान सहित अन्य अधिकारियों ने मृग वन दुर्ग में इको एण्ड एडवेंचर टूरिज्म को लेकर कई साइट्स देखीं। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि दुर्ग स्थित मृग वन से मोहर मगरी तक ज़िप लाइन बन कर तैयार होगी, जिस पर पर्यटक एडवेंचर एक्टिविटी कर सकेंगे। इसके साथ ही ट्रेकिंग के लिए यहाँ ट्रेकिंग ट्रेल बनाई जाएगी। इस ट्रेल के दोनों ओर खुबसुरत प्लांटेशन किया जाएगा। साथ ही साइकिलिंग ट्रैक का विकास भी प्रस्तावित है। उप वन संरक्षक सुगना राम जाट ने बताया कि इससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और अधिक पर्यटक आने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। वन विभाग इसमें कार्यकारी एजेंसी के रूप में होगा। इसके साथ ही सूरजपोल गेट से मुख्य मार्ग तक सड़क विकास करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि दुर्ग पर साफ़-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने के लिए भी सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं, जिनका जल्द ही रिजल्ट देखने को मिलेगा।

---

ANCHOR | **बयानबाजी**

# कांग्रेस के विधायक गहलोत की कार्यशैली से नाखुश : डॉ. पूनियां

**प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर झूठे आरोप लगाना अशोक गहलोत की सोते जागते आदत बन चुकी है**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा केन्द्र सरकार पर लगाए गए झूठे आरोपों पर पलटवार किया है। डॉ. पूनियां ने बयान जारी कर कहा कि अशोक गहलोत स्वयं झूठे वादे और घोषणाएं करने में अव्वल हैं, क्योंकि 2018 में किसानों से पूरा कर्जा माफ करने का जो वादा किया था, वो आज तीन साल बाद भी अधूरा है, इसके अलावा घोषित भर्तियां तय समय पर पूरी नहीं होने से बेरोजगार युवा जयपुर से लेकर कांग्रेस के लखनऊ कार्यालय तक धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं, प्रदेश की बेरोजगारी दर भी शीर्ष पर है जो 27.1 प्रतिशत है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि अशोक गहलोत खुद की सरकार की विफलताएं छुपाने व वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य केन्द्रीय मंत्रियों पर तत्थ्यहीन व झूठे आरोप लगाते रहते हैं, जो उनकी सोते जागते आदत बन चुकी है, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के विधायक व मंत्री भी इनकी सरकार की कार्यशैली से नाखुश हैं, जिनकी लम्बी सूची है। उन्होंने कहा कि मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय खुद की सरकार पर ही हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगा चुके हैं, जिसमें उन्होंने विधायकों पर राज्यसभा चुनाव व सरकार के सियासी संकट के समय 10-10 करोड़ रूपये लेने की बात कही थी। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्यमंत्री ने सत्ता का दुरूपयोग कर अपने ही विधायकों पर केस दर्ज करवाए और पीसीसी चीफ व डिप्टी सीएम को बर्खास्त किया था।

डॉ. पूनियां ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, मंत्री हेमाराम चैधरी भी कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर भ्रष्टाचार व विकास कार्य नहीं होने के आरोप लगा चुके हैं। स्वयं मुख्यमंत्री भी राज्य सरकार के विभागों में भ्रष्टाचार होने की बात स्वीकार कर चुके हैं, इस सरकार में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है, जो सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगा पा रही वह प्रदेश की जनता का क्या भला करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है, बीकानेर में दिनदहाड़े फायरिंग, जयपुर व बूंदी में नाबालिग बच्चियों के साथ रेप-गैंगरेप, दौसा में महिला के साथ गैंगरेप, पिछले तीन सालों में 6.50 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज होना इत्यादि मामले कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने और अपराधियों के हौंसले बुलंद होने के स्पष्ट प्रमाण हैं।


सपना
करें पूरा
Used Car loan available
Aarna
associate
New Car loan available
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
कीमत का 150%
तक लोन करवायें...
IDFC FIRST Bank
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
MAGMA
TATA CAPITAL We only do what's right for you
HeroFinCorp.
sk FINANCE
Mahindra Finance
HDFC BANK We understand your world
स्कीम जयपुर के लिए*
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available
शर्तें लागू